नई दिल्ली
गुरुवार, 23 मई 2024
वैशाख मास शुक्ल पक्ष,
पूर्णिमा वर्ष : 28, अंक : 42
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 42
न्यून. 32



# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com











inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## एमडीएच और एवरेस्ट को मिली 'क्लीन चिट'

**नई दिल्ली।** देश के दो बड़े मसाला ब्रांड एवरेस्ट और एमडीएच की गुणवत्ता को लेकर विदेश में उठ रहे सवालों के बाद अब भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसआई) ने बताया है कि



भारत के दोनों बड़े ब्रांड्स में एथिलीन ऑक्साइड (खतरनाक केमिकल) के निशान नहीं मिले हैं। ये रिपोर्ट 28 मान्यता प्राप्त लैब्स में दोनों ब्रांड्स के सैंपलों की जांच के बाद जारी की गई है। दरअसल, हॉन्गकॉन्ग और सिंगापुर की फूड एजेंसी ने एवरेस्ट के फिश करी मसाला पर रोक लगा दी थी। सिंगापुर ने एवरेस्ट के फिश करी मसाला के ऑर्डर को रिटर्न कर दिया था।

### चुनाव आयोग ने भाजपा और कांग्रेस को दी हिदायत, समाज में बंटवारा पैदा करने की कोशिश नामंजूर

# स्टार प्रचारक भाषणों में सावधानी बरतें जाति व धर्म के आधार पर न करें प्रचार

### दोनों पार्टियों को धार्मिक और सांप्रदायिक भाषणों से दूर रहने को कहा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

चुनाव आयोग (ईसी) ने भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को दिशा निर्देश दिए हैं।



आयोग ने दोनों अध्यक्षों को उनके स्टार प्रचारकों को भाषण को सही करने, सावधानी बरतने और मर्यादा बनाए रखने औपचारिक नोट जारी करने का निर्देश दिया है। चुनाव प्रचार के दौरान स्टार प्रचारकों ने जाति, समुदाय, धर्म और भाषा के आधार पर प्रचार किया और इसी को लेकर चुनाव आयोग सख्त हुआ है। आयोग ने दोनों दलों के स्टार प्रचारकों को निर्देश दिया कि धार्मिक और सांप्रदायिक भाषणों से दूर रहें। प्रचार के दौरान ऐसे भाषण न दे, जिससे समाज में बंटवारा पैदा हो।

### विरासत को कमजोर करने की अनुमति किसी को नहीं देंगे



चुनाव आयोग ने कहा कि भाजपा और कांग्रेस को भारतीय मतदाताओं की विरासत को कमजोर करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। चुनाव आयोग ने कहा है कि सत्ताधारी पार्टी को चुनाव के समय अतिरिक्त जिम्मेदारी मिलनी चाहिए और विपक्ष के लिए भी अतिरिक्त जगह नहीं होनी चाहिए।

### गलत धारणाएं पैदा करने वाले बयान पर लगाई पाबंदी

चुनाव आयोग ने कांग्रेस को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि प्रचार के दौरान ऐसे भाषण न दें, जो गलत धारणाएं पैदा करें। चुनाव प्रचार के दौरान अग्निवीर योजना पर बोलते समय कांग्रेस को इसका राजनीतिकरण न करने और सुरक्षा बलों की सामाजिक और आर्थिक संरचना के बारे में गलत बयान न देने के लिए कहा है।

### खरगे ने चुनाव आयोग को लिखा था पत्र, वोट प्रतिशत पर उठाए थे सवाल

कुछ दिन पहले ही कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने विपक्षी दलों के नेताओं



को पत्र लिखा था और चुनाव आयोग पर कुछ सवाल उठाए थे। मल्लिकार्जुन ने पहले और दूसरे चरण में हुए मतदान के बाद वोटिंग परसेंटेज में बढ़ोतरी को लेकर सवाल उठाए थे। हालांकि इसका जवाब भी चुनाव आयोग ने दिया था और कहा था कि कांग्रेस अध्यक्ष को ऐसा भ्रम नहीं फैलाना चाहिए क्योंकि इससे मतदाताओं का चुनाव प्रक्रिया पर विश्वास कमजोर होता है। खरगे ने अपने पत्र में लिखा था कि पहले और दूसरे चरण के मतदान प्रतिशत में 5-6फीसदी की वृद्धि हुई है। उन्होंने यह भी लिखा था कि चुनाव आयोग में लोगों का विश्वास कम हो रहा है।

### कहा, "लड़की हूं लड़ सकती हूं" का नारा देने वाली इंडी गठबंधन की नेत्री एक महिला सांसद के साथ हुए उत्पीड़न पर चुप्पी साधे क्यों बैठी हैं ?

## गोवा के मुख्यमंत्री सावंत बोले 'आप' महिला विरोधी पार्टी, केजरीवाल को चुप्पी पर घेरा

> पारदर्शिता, राइट टू रिजेक्ट, राइट टू रिकॉल और लोकपाल बिल का ढोंग रचने वाली पार्टी द्वारा जनता को इस तरह छला जाना अत्यंत दुखद और कष्टकारक है: त्रिवेदी





हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने बुधवार को कहा कि आम आदमी पार्टी दिल्ली विरोधी और महिला विरोधी पार्टी हो गई है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल स्वाति मालीवाल के साथ हुए प्रकरण पर कुछ क्यों नहीं बोल रहे हैं? वह चुप क्यों हैं? सावंत ने ये बातें भाजपा के राष्ट्रीय मुख्यालय में एक पत्रकार वार्ता के दौरान कही। इस मौके पर उनके साथ पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं राज्यसभा सांसद डॉ सुधांशु त्रिवेदी भी मौजूद थे। इस प्रेसवार्ता में श्री प्रमोद सावंत ने आम आदमी पार्टी की राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल के साथ हुए दुर्व्यवहार पर मुख्यमंत्री केजरीवाल को घेरा जबकि डॉ सुधांशु त्रिवेदी ने शराब नीति एवं मनीष सिसोदिया की बेल के संदर्भ में दिल्ली न्यायालय की टिप्पणी का उल्लेख करते हुए आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल कर जमकर निशाना साधा। सावंत ने कहा कि मैं दिल्ली में 3 दिन से पार्टी का प्रचार का रहा हूँ और लोग एक ही सवाल पूछ रहे है कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल स्वाति मालीवाल के साथ हुए प्रकरण पर कुछ क्यों नहीं बोल रहे हैं? ⏩ शेष पेज 5 पर

### राहत से इंकार : हेमंत सोरेन इस लोकसभा चुनाव में नहीं कर पाएंगे अपनी पार्टी के लिए प्रचार

## तथ्यों को छिपाने पर सुप्रीम कोर्ट ने लगाई फटकार, वापस ली याचिका


एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता हेमंत सोरेन को सुप्रीम कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। सुप्रीम कोर्ट ने हेमंत सोरेन को राहत देने से इनकार कर दिया। इसके बाद सोरेन





के वकील ने अपनी याचिका वापस ले ली। अब यह साफ हो गया है कि कथित जमीन घोटाले में गिरफ्तार हेमंत सोरेन इस लोकसभा चुनाव में अपनी पार्टी के लिए प्रचार नहीं कर पाएंगे। सोरेन को ईडी ने इसी साल 31 जनवरी को गिरफ्तार किया था। जस्टिस ⏩ शेष पेज 5 पर



कोर्ट ने कहा कि 2011 से नियमों की अनदेखी कर ओबीसी के सर्टिफिकेट जारी किए गए

### बंगाल में 2010 के बाद जारी सभी ओबीसी सर्टिफिकेट रद्द, कलकत्ता हाईकोर्ट का फैसला



एजेंसी ⏭ कोलकाता

लोकसभा चुनाव में वोटिंग के दौरान पश्चिम बंगाल में ममता सरकार को एक बड़ा झटका लगा है। कलकत्ता हाईकोर्ट ने 2010 के बाद जारी किए गए सभी ओबीसी सर्टिफिकेट को रद्द करने का आदेश दिया है। उस सर्टिफिकेट को दिखाकर अब कोई भी व्यक्ति नौकरी नहीं पा सकता है। हालांकि, यह उन आदेश उन लोगों पर लागू नहीं होगा जिन्हें पहले नौकरी मिल चुकी है।

कलकत्ता हाईकोर्ट के जस्टिस तपोब्रत चक्रवर्ती और राजशेखर मंथर की बेंच ने कहा कि 2011 से प्रशासन ने बिना किसी नियम का पालन किए बगैर ओबीसी सर्टिफिकेट जारी कर दिए। इस तरह से ओबीसी सर्टिफिकेट देना असंवैधानिक है। यह सर्टिफिकेट पिछड़ा वर्ग आयोग की कोई भी सलाह माने बगैर जारी किए गए। इसलिए इन सभी सर्टिफिकेट को कैंसिल कर दिया गया है। यह सर्टिफिकेट अब नौकरी में लाभ लेने के लिए वैध नहीं रहेगा। हालांकि, कोर्ट ने कहा कि इस दौरान जारी सर्टिफिकेट के जरिए ⏩ शेष पेज 5 पर




# हथियार तस्करी में लिप्त दो गिरफ्तार, आधा दर्जन पिस्टल बरामद

## 12 कारतूस और 10 मैगजीन भी जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



क्राइम ब्रांच ने हथियार तस्करी के मामले में दो लोगों को अरेस्ट किया है। इनके नाम लक्ष्मी नारायण उर्फ कल्लू निवासी भिंड, मध्य प्रदेश और राजीव ओझा उर्फ टाटा निवासी डबरा, मध्य प्रदेश है।

इनके पास से छह ऑटोमैटिक पिस्टल, 12 कारतूस व 10 मैगजीन बरामद हुई है। पुलिस के मुताबिक सूचना मिली थी कि लक्ष्मी नारायण नाम का एक व्यक्ति सराय काले खां इलाके में आएगा। उसके पास अवैध हथियार व कारतूस हो सकते हैं। जाल बिछा मुखबिर की निशानदेही पर उसे हथियारों के साथ पकड़ लिया गया। तलाशी के दौरान छह पिस्टल, 10 मैगजीन के साथ 12 कारतूस बरामद हुये। जांच के दौरान आरोपी लक्ष्मी नारायण ने खुलासा किया कि वह अवैध हथियार राजीव ओझा नाम के व्यक्ति से लाया था। इस खुलासे के बाद पुलिस ने हथियार के स्रोत राजीव ओझा उर्फ टाटा को डबरा को एमपी से गिरफ्तार कर लिया। लक्ष्मी नारायण ने 8वीं कक्षा तक पढ़ाई की है। वह पहले 12 साल तक दिल्ली में रहा और सुरक्षा गार्ड के रूप में काम किया। उसने 2020 में कोविड काल के दौरान दिल्ली छोड़ दी थी। उसके बाद वह राजीव के संपर्क में आया और फिर एनसीआर क्षेत्र में अवैध हथियारों की आपूर्ति शुरू कर दी। राजीव ओझा ने बी.ए तक पढ़ाई की है। वह अवैध हथियार खारगोन, एमपी से लाता था। उसने ये लक्ष्मी नारायण को दिए थे, जिन्हें अब आगे सप्लाई किया जाना था।

# नॉर्थ ब्लॉक को मिला बम की धमकी वाला ईमेल, सुरक्षा अधिकारियों ने ली तलाशी

**एजेंसी. नई दिल्ली।** नॉर्थ ब्लॉक को बम होने की धमकी मिली है। दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। नॉर्थ ब्लॉक में ही गृह मंत्रालय का दफ्तर है। अधिकारी के मुताबिक, धमकी एक ईमेल के जरिए मिली है। डीएफएस अधिकारी ने बताया कि पुलिस और अग्निशमन विभाग के कर्मियों के साथ-साथ श्वान दस्ता, बम निरोधक दस्ता और बम का पता लगाने वाले दल तलाशी में जुटे हैं। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि नॉर्थ ब्लॉक में तैनात एक अधिकारी को बम की धमकी वाला ईमेल मिलने के बाद डीएफएस को मामले की सूचना दी गयी। अधिकारी ने बताया कि तलाशी ली जा रही है और फिलहाल कुछ संदिग्ध नहीं मिला है।

## एक महिला समेत तीन के खिलाफ मामला दर्ज, गिरफ्तार

# शाहदराः संपत्ति विवाद में 18 वर्षीय युवक की मौत, चार लोग घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली के शाहदरा में दो भाइयों में संपत्ति को लेकर हुए झगड़े में 18 वर्षीय एक किशोर की मौत हो गई और चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गये हैं। बुधवार को पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने मृतक की पहचान 18 साल के सुहान के तौर पर की है, वहीं घायलों की पहचान जगतपुरी क्षेत्र में शाही मस्जिद के पास राशिद बाजार में रहने वाले फैजान (19), निशा (42), इमरान(45) और शमशाद (28) के रुप में की है।

पुलिस ने बताया कि मंगलवार को एक पीसीआर कॉल के माध्यम से दो भाइयों के बीच झगड़े की सूचना मिली थी। जिसके बाद पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और पुलिस ने पाया कि घायलों को डॉ हेडगेवार अस्पताल भेजा जा चुका था। प्रारंभिक जांच के दौरान, पुलिस ने पाया कि लड़ाई सईद अहमद के स्वामित्व वाली एक दुकान को लेकर हुई थी। पुलिस उपायुक्त (शाहदरा) सुरेंद्र चौधरी कहा कि सैयद अहमद के छह बेटे हैं, जिनमें से चार हैं- इस्तिकार, जुल्फिकार, इमरान और शमशाद। सभी एक ही घर में रहते हैं। जुल्फिकार घर के पास ही वेल्डिंग की दुकान चलाता है। इमरान अपने भाइयों की मंजूरी से दुकान बेचना चाहता था, लेकिन जुल्फिकार ने आपत्ति जताई। जिसके बाद दोनों के बीच झगड़ा हुआ। डीसीपी ने कहा कि परिवार के अन्य सदस्यों के साथ ही जुल्फिकार और इमरान के बीच संपत्ति की लड़ाई काफी लंबे समय से चल रही थी। उन्होंने बताया कि जुल्फिकार और इमरान के बीच कहासुनी के बाद मामला मारपीट में तब्दील हो गया। चौधरी ने कहा कि जुल्फिकार और उसके बेटे मुर्शीद ने इमरान, उसकी पत्नी निशा और उसके बेटों फैजान, सुहान और जुल्फिकार के एक और भाई शमशाद पर चाकू से हमला कर दिया। हमले में सुहान की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बाकी को अस्पताल ले जाया गया। उन्होंने कहा कि मुर्शीद, जुल्फिकार और उसकी पत्नी शबाना के खिलाफ मामला दर्ज किया गया और उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। आगे की जांच जारी है।

## युवक को मारी गोली

**नई दिल्ली।** मैदानगढ़ी के राजपुर खुर्द इलाके में एक युवक को गोली मार दी गई। घायल को मैक्स हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। युवक का नाम 24 वर्षीय अनिकेत है। वारदात बीती रात सामने आई। पुलिस हत्या की कोशिश का केस दर्ज कर जांच को आगे बढ़ा रही है। पुलिस के मुताबिक मंगलवार रात करीब 9 बजे पीसीआर कॉल के जरिए वारदात की सूचना मिली थी। बताया गया कि फायरिंग हुई है। पुलिस राजपुर खुर्द घटनास्थल पर पहुंची। घायल को नजदीकी हॉस्पिटल ले जाया गया। बाद में क्राइम टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की। मौके पर कारतूस का एक खाली खोखा मिला। घायल अनिकेत के शरीर के पिछले हिस्से में गोली लगी है। गोली किसने मारी इसकी छानबीन की जा रही है। पुलिस की जांच सीसीटीवी कैमरों पर भी फोकस है। अनिकेत मैदानगढ़ी इलाके का ही रहने वाला है।

# पति-पत्नी के झगड़े में चली गोली से तमाशबीन युवक घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



लक्ष्मी नगर इलाके में पति पत्नी के बीच चल रहे विवाद का खामियाजा एक युवक को उठाना पड़ा। मंगलवार रात दोनों के बीच हुए झगड़े के दौरान गोली चल गई, जिसमें एक तमाशबीन युवक घायल हो गया। घायल को नजदीकी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने बताया कि गली नंबर 6, मूर्ति वाली गली, किशन कुंज लक्ष्मी नगर में मंगलवार को गोलीबारी की सूचना मिली थी। पुलिस मौके पर पहुंची। पता चला कि बिलाल (21) निवासी मूर्तिवाली गली को पैर में चोट लगी है। उसे एलएनजेपी अस्पताल ले जाया गया। जांच के दौरान पता चला कि सीमा (27) निवासी गांव खरदोनी जिला मेरठ, यूपी का अपने पति दानिश (42) के साथ झगड़ा हुआ था। सीमा ने 2015 में दानिश से दूसरी शादी की थी। इस विवाह से इनके दो बच्चे अहद अली और साद अली है। दोनों की उम्र तीन व सात वर्ष है। सीमा एक महीने पहले अपने पैतृक घर गली नंबर 7, मूर्तिवाली गली, किशन कुंज आ गई थी। पति घर लौटने के लिए कह रहा था, लेकिन उसने जाने से इनकार कर रही थी। मंगलवार रात करीब 11 बजे सीमा अपनी बहनों व जीजा के साथ मौजूद थी। उसी समय दानिश अपने पिता अफसर, भाई आमिर, दोस्त जावेद और अन्य कुछ व्यक्तियों के साथ वहां पहुंचा। दानिश ने सीमा की बहन राहत परवीन की गोद से बेटे साद को जबरन छीन लिया और उसे अपने साथ ले जाने लगा। राहत परवीन ने मदद के लिए चिल्लाते हुए उनका पीछा किया। हंगामे के दौरान पड़ोस के कुछ लोग गली में जमा हो गए। उसी बीच दानिश के दोस्त जावेद ने पिस्तौल निकाली और राहत परवीन को धमकाने के लिए उस पर दो से तीन राउंड फायर कर दिए। राहत परवीन तो बच गई, लेकिन एक गोली झगड़े के तमाशबीन बिलाल के पैर में लगी। बिलाल की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। राहत परवीन के बयान पर पुलिस मामला दर्ज कर जांच को आगे बढ़ा रही है। फरार आरोपियों की तलाश जारी है।

## द्वारकाः घर के बाहर फायरिंग से सनसनी

**नई दिल्ली।** द्वारका जिले के उत्तम नगर में बुधवार तड़के एक शख्स के घर के बाहर फायरिंग से सनसनी फैल गई। पुलिस ने शिकायत पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल पुलिस फायरिंग करने वाले का सुराग तलाश रही है। शिकायतकर्ता विजय पासवान ने पुलिस को बताया कि वह तड़के सवा तीन बजे घर में सो रहे थे। इलाके की बिजली गई हुई थी। अंधेरे का फायदा उठाकर किसी ने उनके घर के बाहर गोली चलाई। वह नींद से जागे और तुरंत बाहर निकलकर देखा तो कोई नजर नहीं आया। इसके बाद उन्होंने पुलिस को सूचना दी।


## डायनेमिक पोर्टफोलियो मैनेजमेंट एंड सर्विसेज लिमिटेड

CIN: L74140DL1994PLC304881,
पंजीकृत कार्यालय : 1403, विक्रम टावर 16, राजेन्द्रा पैलेस, नई दिल्ली-110008
Website: http://dynamicwealthservices.co.in / Phone: 9017255300, Email: dpms.kolkata@gmail.com

**31.03.2024 को समाप्त तिमाही हेतु स्टैंडअलोन अंकेक्षित वित्तीय परिणामों का विवरण**

(रु. लाखों में)

| क्र. सं. | विवरण | समाप्त 3 माह हेतु 31.03.2024 | समाप्त 3 माह हेतु 31.03.2023 | समाप्त पूर्ववर्ती 3 माह 31.12.2023 | समाप्त वर्ष से तिथि तक 31.03.2024 | समाप्त वर्ष हेतु 31.03.2023 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | अंकेक्षित | अंकेक्षित | अअंकेक्षित | अंकेक्षित | अंकेक्षित |
| | प्रचालनों से आय | | | | | |
| I | ब्याज आय | 7.93 | 51.86 | 14.46 | 106.18 | 111.73 |
| | लाभांश आय | - | - | - | - | - |
| II | अन्य आय | - | 0.23 | - | - | 0.65 |
| III | कुल आय (I+II) | 7.93 | 52.09 | 14.46 | 106.18 | 112.38 |
| IV | व्यय | | | | | |
| | वित्तीय लागत | 2.33 | 20.15 | - | 18.66 | 20.15 |
| | ट्रेड में स्टॉक की खरीद | - | - | - | - | - |
| | तैयार सामान, चालू कार्य और ट्रेड में स्टॉक की इनवेंटरीज में परिवर्तन | (0.05) | 0.20 | - | (0.05) | 0.20 |
| | कर्मचारी लाभ व्यय | 4.49 | 3.94 | 2.91 | 22.91 | 25.45 |
| | अवमूल्यन एवं अमोर्टाइजेशन | 0.10 | 0.03 | - | 0.10 | 0.15 |
| | लिस्टिंग शुल्क | 0.07 | (4.92) | 2.49 | 5.19 | - |
| | कानूनी और व्यावसायिक शुल्क | 1.94 | 0.27 | 2.00 | 4.44 | 1.48 |
| | मानक परिसम्पत्तियों के तहत प्रावधान | 28.84 | 80.38 | - | 28.84 | 80.38 |
| | अन्य सामान्य एवं विविध व्यय | 8.24 | 37.81 | 11.47 | 24.64 | 47.88 |
| | कुल व्यय | 45.96 | 137.86 | 18.87 | 104.73 | 175.69 |
| V | असाधारण और असामान्य मदों तथा करों से पूर्व लाभ (III-IV) | (38.03) | (85.77) | (4.41) | 1.45 | (63.31) |
| VI | असामान्य मदें | - | - | - | - | - |
| VII | असाधारण मदों और करों से पूर्व लाभ (V-VI) | (38.03) | (85.77) | (4.41) | 1.45 | (63.31) |
| VIII | असाधारण मदें | - | - | - | - | - |
| IX | कर से पूर्व लाभ (VII-VIII) | (38.03) | (85.77) | (4.41) | 1.45 | (63.31) |
| X | कर व्यय : | | | | | |
| | (1) वर्तमान कर | 7.65 | (0.44) | - | 7.65 | 4.30 |
| | (2) पूर्ववर्ती वर्ष हेतु आयकर | - | - | - | - | 0.56 |
| | (2) विलम्बित कर | (7.26) | 0.01 | - | (7.26) | (0.01) |
| XI | निरंतर प्रचालनों से अवधि हेतु लाभ / (हानि) (IX-X) | -38.42 | -85.34 | -4.41 | 1.06 | -68.16 |
| XII | अनिरंतर प्रचालनों से लाभ / (हानि) | - | - | - | - | - |
| XIII | अनिरंतर प्रचालनों से कर व्यय | - | - | - | - | - |
| XIV | कर के बाद अनिरंतर प्रचालनों से लाभ/(हानि) (XII-XIII) | - | - | - | - | - |
| XV | अवधि हेतु लाभ/(हानि) (XI+XIV) | (38.42) | (85.34) | (4.41) | 1.06 | (68.16) |
| XVI | अन्य व्यापक आय | | | | | |
| | ए. (i) मदें जो लाभ अथवा हानि में पुनःवर्गीकृत नहीं की जाएंगी | - | - | - | - | - |
| | (ii) मदों के सम्बन्ध में आयकर जो लाभ अथवा हानि में पुनः वर्गीकृत नहीं की जाएंगी | - | - | - | - | - |
| | बी. (i) मदें जो लाभ अथवा हानि में पुनः वर्गीकृत की जाएंगी | - | - | - | - | - |
| | (ii) मदों के सम्बन्ध में आयकर जो लाभ अथवा हानि में पुनः वर्गीकृत किया जाएगा | - | - | - | - | - |
| XVII | अवधि हेतु कुल व्यापक आय (XV+XVI) (निहित लाभ/(हानि) और अवधि हेतु अन्य व्यापक आय) | (38.42) | (85.34) | (4.41) | 1.06 | (68.16) |
| XVIII | अर्जन प्रति इक्विटी शेयर | | | | | |
| | (1) बेसिक (रु. में) | (0.33) | (0.73) | (0.04) | 0.01 | (0.58) |
| | (2) डायल्यूटेड (रु. में) | (0.33) | (0.73) | (0.04) | 0.01 | (0.58) |

**टिप्पणी :-**
**वित्तीय परिणामों के साथ टिप्पणियां देखें।**

1) उपरोक्त सेबी (लिस्टिंग ऑब्लीगेशंस एवं घोषणा आवश्यकताएं) नियमनों, 2015 के नियमन 33 के तहत ये स्टॉक एक्सचेंजेज के पास दायर किये गये तैमाहिक वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक सार है। तैमाहिक वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट अर्थात् www.bseindia.com तथा कम्पनी की वेबसाइट अर्थात www.dynamicwealthservices.co.in पर उपलब्ध हैं।
2) कम्पनी के उपरोक्त वित्तीय परिणाम कम्पनी (भारतीय लेखा मानकों) नियमों 2016 द्वारा संशोधित अनुसार कम्पनी (भारतीय लेखा मानकों) नियमों 2015 के तहत अधिसूचित भारतीय लेखा मानकों ('Ind AS') के अनुसार तैयार किये गये है और तदानुसार, ये वित्तीय परिणाम तुलनात्मक रिपोर्टिंग अवधि हेतु परिणामों के साथ-साथ कम्पनी अधिनियम 2013 (''दि एक्ट'') की धारा 133 के तहत निर्धारित ''अंतरिम वित्तीय रिपोर्टिंग'' (''Ind AS 34'') में निर्धारित भारतीय लेखा मानक 34 में दिये गये मान्यता और उपाय सिद्धांतों और भारत में सामान्यतः स्वीकार्य अन्य मान्यताप्राप्त लेखा प्रैक्टिसेज तथा सेबी (लिस्टिंग ऑब्लीगेशन और घोषणा आवश्यकताएं) नियमनों 2015, संशोधित अनुसार (दि ''लिस्टिंग रेगुलेशंस'') के नियमन 33 के अनुपालन में तैयार किये गये हैं। भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी कोई आवेदन मार्गदर्शन / स्पष्टीकरण / निर्देश अथवा अन्य नियामक जब वे जारी / लागू योग्य होते हैं, के अनुसार क्रियान्वित किये जाते हैं।
3) भारतीय प्रतिभूतियां विनिमय बोर्ड (''सेबी'') (लिस्टिंग आब्लीगेशंस एवं घोषणा आवश्यकताएं) नियमनों 2015 के नियमन 33 के अनुपालन में, 31 मार्च 2024 को समाप्त तिमाही हेतु वित्तीय परिणामों की एक सीमित समीक्षा वैधानिक अंकेक्षकों द्वारा पूर्ण कर ली गई है।
4) कम्पनी एनबीएफसी के व्यवसाय में है और अतः भारतीय लेखा मानक ''ऑपरेटिंग सेगमेंट्स'' (Ind AS 108) के अनुसार कोई अलग रिपोर्टेबल सेगमेंट नहीं है और इसलिये, सेबी (लिस्टिंग ऑब्लीगेशंस एवं घोषणा आवश्यकताएं) नियमनों, 2015 के नियमन 33 के तहत सेगमेंट रिपोर्टिंग लागू नहीं है। अतः प्राथमिक सेगमेंट से सम्बन्धित जानकारी (सेगमेंट राजस्व, सेगमेंट परिणाम, सेगमेंट परिसम्पत्तियां और सेगमेंट देनदारियां सहित) की घोषणा करने की अपेक्षा नहीं है।
5) आयकर एवं अवमूल्यन का प्रावधान वार्षिक बैलेंस शीट में प्रदान किया जाएगा।
6) पूर्ववर्ती अवधि / वर्ष के आंकड़े जहां आवश्यक पाया गया वर्तमान अवधि / वर्ष के वर्गीकरण की पुष्टि के लिये रिग्रुप्ड / रिक्लासीफाइड कर लिये गये हैं।

कृते व निदेशक मंडल की ओर से
डायनेमिक पोर्टफोलियो मैनेजमेंट एंड सर्विसेज लिमिटेड
हस्ता/-

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 22.05.2024

कैलाश चन्द्र अग्रवाल
प्रबंध निदेशक
डीआईएन : 08650459


# नकदी बरामद न होना इस बात का सबूत नहीं हो सकता कि भ्रष्टाचार नहीं हुआः हाईकोर्ट

**एजेंसी. नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने आबकारी नीति कथित घोटाले से संबंधित मामलों में आम आदमी पार्टी (आप) के नेता मनीष सिसोदिया को जमानत देने से इंकार करते हुए कहा है कि नकदी बरामद न होना प्रथम दृष्टया इस बात का सबूत नहीं हो सकता कि कोई भ्रष्टाचार नहीं हुआ है क्योंकि अपराधी अपराध के लिए नयी तकनीकों का इस्तेमाल कर सकता है ताकि कोई सुराग बाकी न रहे। हाईकोर्ट ने कहा कि वह जांच के दौरान दर्ज किए गए कुछ हवाला डीलरों और अन्य गवाहों के बयानों के मद्देनजर सिसोदिया की इस दलील को स्वीकार नहीं कर सकता कि उनके पास से नकदी बरामद नहीं हुई। न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा ने कथित आबकारी घोटाले के संबंध में क्रमशः सीबीआई और ईडी द्वारा दर्ज भ्रष्टाचार व धन शोधन मामलों में दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री सिसोदिया की जमानत याचिका खारिज कर दी। दोनों याचिकाएं मंगलवार को खारिज कर दी गई थीं, लेकिन विस्तृत आदेश बुधवार को हाईकोर्ट की वेबसाइट पर डाला गया। हाईकोर्ट ने कहा कि इस अदालत का मानना है कि अभियोजन पक्ष ने मनीष सिसोदिया के खिलाफ पीएमएलए की धारा 3 के तहत धनशोधन का मामला बनाया है। ध्यान दिया जाना चाहिए कि कई आरोपियों की मिलीभगत वाली साजिश का हिस्सा होने के आरोपी व्यक्ति के पास से नकदी बरामद होना धनशोधन मामले में अनिवार्य आवश्यकता नहीं है। हाईकोर्ट ने कहा कि इस अदालत की राय में, नकदी बरामद न होना प्रथम दृष्टया इस बात का प्रमाण नहीं हो सकता है कि कोई भ्रष्टाचार नहीं हुआ है क्योंकि अपराधी अपराध करने के लिए नयी तकनीक का उपयोग करता है ताकि अपराध का कोई सुराग बाकी न रहे। सिसोदिया ने अधीनस्थ न्यायालय के 30 अप्रैल के आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें 2021-2022 के लिए आबकारी नीति के निर्माण व कार्यान्वयन में कथित अनियमितताओं के संबंध में सीबीआई और ईडी द्वारा दर्ज क्रमशः भ्रष्टाचार और धन शोधन मामलों में उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी गई थी।

## स्वाति मालीवाल से मारपीट के मामले में जांच जारी

# मुंबई से वापस दिल्ली लाए गए बिभव कुमार

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



स्वाति मालीवाल से मारपीट के मामले में बुधवार को मुख्यमंत्री केजरीवाल के सहयोगी बिभव कुमार को दिल्ली पुलिस मुंबई से वापस ले आई है। बिभव के आईफोन का डेटा फिर से हासिल करने के लिए उन्हें मंगलवार को मुंबई ले जाया गया था। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। दिल्ली के मुख्यमंत्री निवास में राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल से दुर्व्यवहार के आरोप में बिभव कुमार पांच दिन की पुलिस हिरासत में हैं।

कुमार को उनके आईफोन का डेटा प्राप्त करने के लिए मंगलवार को मुंबई ले जाया गया था। बिभव ने अपनी गिरफ्तारी से पहले कथित रूप से फोन को 'फॉर्मेट' कर दिया था। पुलिस को संदेह है कि मुंबई में किसी व्यक्ति को या वहां किसी उपकरण में अपने फोन का डेटा भेने के बाद बिभव ने अपना फोन फॉर्मेट किया था। एक अधिकारी ने बताया कि कुमार के फोन, लैपटॉप और केजरीवाल के घर की सीसीटीवी रिकॉर्डिंग को फोरेंसिक जांच के लिए भेज दिया गया है। अधिकारी ने कहा कि बृहस्पतिवार को कुमार की हिरासत खत्म हो रही है। इस मामले में पुलिस जांच-पड़ताल कर सभी साक्ष्य जुटाने की कोशिश कर रही है। इस बीच, मालीवाल ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में आरोप लगाया कि उन्हें बदनाम करने के लिए पार्टी में सभी पर 'बहुत दबाव' है। मालीवाल ने कहा कि कल मुझे पार्टी के एक बड़े नेता का फोन आया। उन्होंने मुझे बताया कि कैसे हर किसी पर बहुत दबाव है कि उन्हें मेरे खिलाफ बुरी बातें कहनी हैं। उन्हें मेरी निजी तस्वीरें लीक करके मुझे परेशान करना है। कहा जा रहा है कि जो कोई भी मेरा समर्थन करेगा उसे पार्टी से निष्कासित कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि किसी को संवाददाता सम्मेलन करने का काम मिला है तो किसी को ट्वीट करने की जिम्मेदारी दी गई है। किसी को अमेरिका में बैठे कार्यकर्ताओं को फोन करने और मेरे खिलाफ कुछ चीजें निकालने का काम भी सौंपा गया है।

## मेट्रो में केजरीवाल के खिलाफ नारे लिखने का आरोपी पूर्व आप समर्थक बरेली से दबोचा

**एजेंसी नई दिल्ली।** दिल्ली मेट्रो के कुछ स्टेशनों और कोच के भीतर कथित तौर पर अरविंद केजरीवाल विरोधी दीवार लेखन करने वाले 33 वर्षीय आरोपी को पुलिस ने उत्तर प्रदेश के बरेली से गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि अपने इंस्टाग्राम एकाउन्ट पर भ्रामक तस्वीरे और संदेश साझा करने वाले की पहचान अंकित गोयल के रुप में की गई है। सोमवार को इस दीवार लेखन की कई तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो गई। आम आदमी पार्टी ने इस कृत्य की कड़ी निंदा की थी। कुछ देर बाद एक व्यक्ति के मेट्रो की दीवार पर लिखने का सीसीटीवी फुटेज भी इंटरनेट पर अपलोड हो गया। अधिकारी ने बताया कि आरोपी गोयल बरेली के एक सरकारी बैंक में ऋण प्रबंधक है। गोयल ने दिल्ली आकर मेट्रो के कोच और स्टेशनों पर संदेश लिखे और वह अपने शहर बरेली लौट गया था। गोयल ने पुलिस को बताया कि पहले वह एक आप समर्थक था लेकिन हाल में आप की कार्यप्रणाली को देखकर वह पार्टी से नाखुश था। उसने मेट्रो ट्रेनों और स्टेशनों पर लिखे गए संदेशों को इंस्टाग्राम अकाउंट 'अंकित डॉट गोयल _91' के माध्यम से साझा किया गया था।' मेट्रो कोच के अंदर लिखे गए संदेशों में से एक में लिखा गया था, 'केजरीवाल दिल्ली छोड़ दीजिए प्लीज '। अन्यथा, आपको तीन थप्पड़ याद करने होंगे जो चुनाव से पहले आपको पड़े थे। अब असली और वास्तविक मुक्का/थप्पड़ जल्द ही पड़ेगा । आज की बैठक झंडेवालान में । अंकित डॉट गोयल _91 ।

## मालीवाल पर आप के नेता बोल रहे है, हमें कुछ बोलने की जरूरत नहीं : शशि थरूर

**हरिभूमि. नई दिल्ली।** आप पार्टी की राज्य सभा सांसद स्वाति मालीवाल के साथ सीएम हाउस में हुई घटना को लेकर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व सांसद शशि थरूर ने बुधवार को कहा कि हमें कुछ बोलने की जरूरत नहीं है। क्योंकि स्वाति मालीवाल के मामले पर आम आदमी पार्टी के नेता खुद बोल रहे है। शशि थरूर ने कहा कि इस मामले पर आप पार्टी के नेता लगातार जबाब दे रहे है, वह इस मामले से भली भांति परिचित हैं। उन्हें घटना की पूरी पृष्ठभूमि भी मालूम है, जाहिर है ऐसे में हमें कुछ बोलने की जरूरत ही नहीं रह जाती। थरूर ने उल्टा भाजपा पर पलटवार करते हुए कहा कि देश के अन्य बड़े मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए भाजपा ऐसे मामले को बढ़ चढ़कर उठा रही है।


## IndusInd Bank

Office address: 43, Bhageria House, New Friends Colony, New Delhi - 25

**Hypothecated Repossessed Vehicle Auction/Sale Notice to General Public**
IndusInd Bank Ltd. is inviting Quotations in sealed Envelope from General Public for the auction of below vehicles as per below mentioned Specification on "AS IS WHERE IS BASIS" Vehicle's Model & Registration No. Given Below

| Deal No | Customer Name | Registration No | Engine No | Chassis No | Model | Year of Mfg |
|---|---|---|---|---|---|---|
| DDP02102G | PUNEET | HR38AG5202 | AZXWPD65362 | MD2B17AX3PWD71202 | BAJAJ MAXIMA Z CNG Bs6 | 2023 |
| DDP02116G | SAROOP | HR74B8504 | 700CCDI04EWXS64825 | MAT559033PZE12562 | TATA ACE GOLD DIESEL Bs6 | 2023 |
| DAS00585G | RAKESH | DL1LAG5140 | 275CNG17BXXS25929 | MAT556004NVB11286 | Tata Ace Gold Cng Bs Vi | 2022 |
| DAS00700G | NAAJMIN | DL1LAH3796 | 275CNG17DXXS58822 | MAT556002NVD25600 | Tata Ace Gold Cng Bs Vi | 2022 |
| DAS00734G | RAMPUKAR | DL1LAH6950 | 275CNG17GXXSA6314 | MAT556002NVG45090 | Tata Ace Gold Cng Bs Vi | 2022 |
| DBR00608G | SUSHIL | DL1LAH9572 | 275CNG17KXXSD6942 | MAT556004NVK57024 | Tata Ace Gold Cng+ Bsvi | 2022 |
| DAS00790G | MAMTA | DL1LAJ1088 | 275CNG17JXXSD1447 | MAT556002NVJ55104 | Tata Ace Gold Cng Bs Vi | 2022 |
| DNG02547G | A SHAHNAZ | DL1LAG9431 | 275CNG17AXXS10828 | MAT556002NVB09593 | TATA ACE GOLD CNG BS VI | 2022 |
| DNG02247G | K DHARMVEER | DL1LAF5354 | 275CNG17GYXK24473 | MAT556002MVHVH38860 | TATA ACE GOLD CNG BS VI | 2021 |
| DNG02289G | D MAMTA | DL1LAF7554 | 275CNG17KYXS95233 | MAT556002MVK49553 | TATA ACE GOLD CNG BS VI | 2021 |
| DNG02459G | D GUNJA | DL1LAH3143 | 275CNG17BXXS14617 | MAT556002NVB06821 | TATA ACE GOLD CNG BS VI | 2022 |
| DNG02632G | S RAM KISHOR | DL1LAH6846 | 275CNG17HXXSA9337 | MAT556002NVH45942 | TATA ACE GOLD CNG BS VI | 2022 |
| DAA02449G | RAMAKANT | UP80GT5543 | G12BN1171873 | MA3EZLF1T00259526 | MARUTI SUPER CARRY CNG | 2022 |
| DAA02510G | AMIT | UP80GT6198 | AZXWPK40793 | MD2B47AXXPWK16781 | BAJAJ RE CNG 4S FI | 2023 |
| DDP01905G | RAHIL | HR38AE1088 | AZXWPK52276 | MD2B47AX8PWK21588 | Bajaj Re Cng 4s Fi Bs Vi | 2023 |
| DAP00359G | Durgesh | UP37AT7845 | 700CCDI02KXXSE5663 | MAT559029NVK61252 | Tata Ace Ht Plus Bsvi | 2023 |
| DNB00055G | DIN MOHD | UP17BT1947 | 275CNG17NXXSG3465 | MAT556002NVN67947 | TATA ACE GOLD CNG BS VI | 2022 |
| DMM03679G | SATBEER | UP15GT3116 | 700CCDI02PXXSH3325 | MAT559029NYP58127 | TATA ACE HT PLUS BSVI | 2023 |
| DMM03031G | SUMIT HUNDA | UP15FT2799 | 275CNG17KYXSA4235 | MAT556002MVK53131 | TATA ACE GOLD CNG BS VI | 2021 |
| DMM03483G | VIPIN | UP15FT8596 | 275CNG17JXXSC7628 | MAT556002NVK56305 | TATA ACE GOLD CNG+ BSVI | 2022 |
| HDD00753G | S MOHD | UK07TD1053 | AMBCSF13008454 | MBX0007CF1F195111 | APE PAX 230CC CITY + CNG BS VI | 2022 |
| DMM03682G | VIPIN | UP17BT2731 | REVTRN18CWXS36993 | MAT535327PYC13263 | TATA INTRA V20 BIFUEL BS6 | 2023 |
| DUZ01322G | SONU | UP15GT3538 | 275CNG17CWXS34497 | MAT556002PVC15266 | Tata Ace Gold Cng+ Bsvi | 2024 |
| DUS00207G | VINOD KUMAR | UP19T9251 | 275CNG17NYXSB3507 | MAT556002MVN57092 | TATA ACE GOLD CNG BS 6 | 2022 |
| UBS01404G | VIRENDRA | UP27BT4564 | XUN6025433 | MA1FN2XURN6G64829 | MAHINDRA SUPRO MINI VX BS 6 | 2023 |
| UBS01271G | DEVENDER | UP27BT2184 | 700CCDI02BXXS20672 | MAT559029NYB06943 | Tata Ace Gold Diesel Bs Vi | 2022 |
| UBS01267G | RAMVARAN | UP27BT2143 | TD3CSD13008611 | MBX0007MFID178869 | Piaggio Ape Xtra Ht Ldx Cng Pu Bs6 | 2022 |
| UBS01264G | SHYAM BIHARI | UP27BT2066 | AMBCSBZ3006596 | MBX0007CF1B163546 | Piaggio Ape Xtra Ht Ldx Cng Pu Bs6 | 2022 |
| ULY04584G | MR.A SAKIR | UP25FT1299 | LF4LN4200534 | MD6M1LCF6N4L00389 | Tvs King Zd225 Lc Fi Cng Bs6 | 2022 |
| ULY04918G | MR.P RAMGOPAL | UP25GT0739 | LF4KP4300544 | MD6M1LCF8P4K00426 | Tvs King Zd225 Lc Fi Cng Bs6 | 2023 |
| ULY04724G | MR.K IDDE | UP25FT4489 | LF4BP4100521 | MD6M1LCFXP4B00427 | Tvs King Zd225 Lc Fi Cng Bs6 | 2023 |
| ULY04807G | MR.K TASLEEM | UP25FT6427 | LF4EP4500171 | MD6M1LCF2P4E00169 | Tvs King Zd225 Lc Fi Cng Bs6 | 2023 |
| ULY04651G | P MUNISH | UP25FT4183 | LF4KN4500200 | MD6N1LCF1N4K00043 | Tvs King Zk Fi Kargo Deck Bs6 Cng | 2023 |
| UYN00669G | RAHUL | UP38AT0690 | REVTRN18DWXS45131 | MAT535327PYD16950 | TATA INTRA V50 BS6 | 2023 |
| DDB03203G | ANKIT | HR38AD4263 | AZXWNC91494 | MD2B47AX0NWC23643 | BAJAJ RE CNG 4S FI BS VI | 2022 |
| DDB03394G | SONU | | AZXWNJ17298 | MD2B47AX1NWJ11978 | BAJAJ RE CNG 4S FI BS VI | 2023 |
| DDB03451G | USHA | HR38AE7234 | AZXWNJ22893 | MD2B47AX8NWJ15221 | BAJAJ RE CNG 4S FI BS VI | 2023 |
| DDB03553G | MANOJ | HR38AF7987 | 800CCDI04NXXSG3121 | MAT559007NZN30096 | TATA ACE HT PLUS BSVI | 2023 |
| UHK00451G | ARPIT | UK18CA6527 | 275CNG17KYXSA7806 | MAT556002MVKS4695 | TATA ACE GOLD CNG BS VI | 2021 |
| UYN00423G | PRADEEP | UP24AT3639 | XUN6G25488 | MA1FN2XURN6G64810 | MAHINDRA SUPRO PROFITTRUCK MINI VX BS 6 | 2022 |
| UYN00809G | MOHD | UP38AT1895 | 700CCDI02CWXS35520 | MAT559029PZC06643 | TATA ACE HT PLUS BSVI | 2023 |
| UHH01292G | ABHAY | UK06TA7044 | AZXWPA54395 | MD2B17AX1PWA59797 | BAJAJ MAXIMA Z CNG BS Vi | 2023 |
| UHM01941G | ADESH | UP23AT3467 | AZXWNC91731 | MD2B25AX1NWC26559 | BAJAJ MAXIMA CARGO CNG Bs6 | 2022 |
| DDF01986D | FAST TRACK LOGISTICS | RJ09GD1892 | E426CDMH356496 | MC2CASRF0MH072120 | EICHER PRO 3019 BS6 TRUCK COWL CHASSIS | 2021 |
| DDF01972D | FAST TRACK LOGISTICS | RJ09GD1900 | E426CDMH359287 | MC2CASRF0MH072665 | EICHER PRO 3019 BS6 TRUCK COWL CHASSIS | 2021 |
| DDF01989D | FAST TRACK LOGISTICS | RJ09GD1903 | E426CDMH356500 | MC2CASRF0MH072126 | EICHER PRO 3019 BS6 TRUCK COWL CHASSIS | 2021 |
| DDF02619D | FAST TRACK LOGISTICS | RJ09GC9905 | E426CDLK330091 | MC2CASRF0LK067248 | EICHER PRO 3019 BS6 TRUCK COWL CHASSIS | 2020 |
| DDF02620D | FAST TRACK LOGISTICS | RJ09GC9908 | E426CDLK330101 | MC2CASRF0LK067251 | EICHER PRO 3019 BS6 TRUCK COWL CHASSIS | 2020 |
| DDF02621D | FAST TRACK LOGISTICS | RJ09GC9922 | E426CDLK330092 | MC2CASRF0LK067252 | EICHER PRO 3019 BS6 TRUCK COWL CHASSIS | 2020 |

The Person who are willing to purchase above Mentioned vehicles may contact IndusInd bank Ltd. to above mention address and submit the Quotation in special format within 7 days of this Publication Notice. It shall be the responsibility of the purchaser to pay all the tax arrears, Parking of the vehicle. He will also be responsible to Complete all the RTO formalities relating to ownership transfer his name. Bank will not be responsible for any dispute relating to the vehicle after its sale, bank has authority to cancel the auction at any stage without given any prior notice. The Vehicle will be sold to higher Bidder and the decision of bank shall be Final & Binding to all in this regards.

Place : New Delhi
Contact Person : Yogesh Saini, Mob.No: 8860862245

# बिना कट लगाए 8 हजार मेगावाट की बिजली को दिल्ली सरकार ने किया पूरा : केजरीवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली में बुधवार को 3 बजकर 42 मिनट पर पीक पॉवर डिमांड 8 हजार मेगावाट पहुंच गई। लेकिन दिल्ली सरकार ने बिना बिजली कट के इस डिमांड को पूरा किया। यह दिल्ली के लोगों की बहुत बड़ी उपलब्धि है। यह दावा बुधवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर ट्वीट कर किया है। वहीं इससे पहले दिल्ली की ऊर्जा मंत्री आतिशी ने प्रैसवार्ता में कहा कि भीषण गर्मी और भारी मांग के बावजूद दिल्ली में विद्युत आपूर्ति में कहीं कोई दिक्कत नहीं आ रही है और कहीं पर भी पावर कट नहीं लग रहे हैं। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने एक्स पर कहा कि बुधवार दोपहर 3 बजकर 42 मिनट पर दिल्ली में पीक पावर डिमांड 8000 मेगावाट पहुंच गई थी। लेकिन दिल्ली सरकार ने बिना पॉवर कट लगाये इस पीक डिमांड को पूरा किया है। यह दिल्ली के लोगों की बहुत बड़ी उपलब्धि है, क्योंकि 2014 तक गर्मियों में 5925 मेगावाट पीक डिमांड पर भी लंबे-लंबे पॉवर कट हुआ करते थे। दूसरी तरफ यूपी, हरियाणा, राजस्थान और मध्य प्रदेश भाजपा शासित राज्य हैं, जहां पिछले 2-3 दिनों में 10-12 घंटें पावर कट हुए हैं। यही कारण है कि भाजपा वाले आम आदमी पार्टी को खत्म करना चाहते हैं। क्योंकि हमारा काम इनकी नाकामी का सच पूरे देश को दिखा देता है।

## मतदान से पहले पानी की त्राहि-त्राहि मचाना चाहती है भाजपा : आतिशी

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने बुधवार को हरियाणा सरकार पर यमुना का पानी रोकने का आरोप लगाते हुए भाजपा पर निशाना साधा है। आप की वरिष्ठ नेता एवं जल मंत्री आतिशी ने कहा कि दिल्ली में मतदान से पहले जल संकट पैदा करने के लिए भाजपा ने एक नया षड़यंत्र रचा है। उन्होंने कहा कि 25 मई को दिल्ली में मतदान होना है। इससे पहले भाजपा पानी को लेकर त्राहि-त्राहि मचाने के लिए अपनी हरियाणा सरकार के जरिए दिल्ली को मिलने वाला पानी रोक रही है, ताकि लोग परेशान हों। उन्होंने दिल्लीवालों से भाजपा के इस षड़यंत्र में न फंसने की अपील करते हुए कहा कि भाजपा ने दिल्ली की सातों सीटें हारता देख आप और केजरीवाल को बदनाम करने के लिए यह षड़यंत्र रचा है। प्रैसवार्ता में आतिशी ने कहा कि लोकसभा चुनाव में हार को देखते हुए चुनाव की घोषणा के बाद से ही भाजपा ने अरविंद केजरीवाल और आम आदमी पार्टी के खिलाफ एक के बाद एक नया षड़यंत्र रचना शुरू कर दिया।

## केजरीवाल और उनकी मंत्री अपनी कमियों का ठीकरा दूसरों पर रही हैं फोड़ : सचदेवा

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव से पूर्व एक बार फिर से आम आदमी पार्टी की मंत्री आतिशी ने नया झूठ बोलना शुरु कर दिया है। मंगलवार को जब हमने प्रेसवार्ता के दौरान पानी की कमी को लेकर सवाल उठाए थे तो बुधवार को मंत्री आतिशी कह रही है कि पानी हरियाणा सरकार द्वारा नहीं दिया जा रहा है। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने मंत्री आतिशी के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए उक्त बातें कही। सचदेवा ने कहा कि जब हमने सवाल उठाए तब तो आम आदमी पार्टी की ओर से किसी भी नेता या मंत्री के मुंह से जवाब तक नहीं था लेकिन आज अपनी पुरानी नीतियों को अपनाते हुए आम आदमी पार्टी सरकार ने अपनी कमियों का ठीकरा दूसरों पर फोड़ने का काम किया है। उन्होंने कहा कि जेल के अंदर से अरविंद केजरीवाल ने चिट्ठी लिखी थी कि दिल्लीवासियों का ध्यान रखना और उन्हें पानी की कमी नहीं होने देना। सचदेवा ने कहा कि जिस सरकार ने मई के अंत तक समर एक्शन प्लान बनाने जैसा बेसिक काम नहीं किया वह आज पानी कटौती होने पर राजनीतिक ब्यानबाजी और नौटंकी कर रहे हैं।




## लगातार दूसरे दिन दिल्ली को भीषण गर्मी से मामूली राहत

**नई दिल्ली।** दिल्ली में लगातार दूसरे दिन भीषण गर्मी से मामूली राहत मिली। बुधवार को दिल्ली में अधिकतम तापमान 43.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ, जो इस मौसम के सामान्य से 3 डिग्री ज्यादा है। वहीं न्यूनतम तापमान 30.9 डिग्री दर्ज हुआ जो इस मौसम के सामान्य से 4 डिग्री ज्यादा है। दिल्ली में कहीं भी पारा 45 डिग्री सेल्सियस तक नहीं पहुंचा है, जिससे राहत मिली। लेकिन जल्द ही नौतपा में राजधानी वालों को झुलसाने वाली लू और 45 पार पारे की मार झेलनी पड़ेगी। ज्योतिष में नौतपा का अपना महत्व होता है। इस बार 25 मई से रोहिणी नक्षत्र में सूर्य प्रवेश करेगा, जिसका मतलब है कि लगातार नौ दिन (नौतपा) यानी नौ दिन भीषण गर्मी और लू चलेगी। इन नौ दिनों में चिलचिलाती धूप और लू का दौर जारी रहने के आसार हैं। इस दौरान तापमान 45-46 डिग्री के आसपास बना रहेगा। वहीं मौसम विभाग ने अलग-अलग दिनों के लिए येलो ऑरेंज और रेड अलर्ट जारी कर दिया है।

## राहुल गांधी आज दो सभाओं को करेंगे संबोधित

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष व सांसद राहुल गांधी दिल्ली में अपनी दूसरी चुनावी सभा और महिला सुरक्षा पर टाउन हाल कार्यक्रम में आज गुरुवार को संबोधित करेंगे। इस बारे में दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी कम्युनिकेशन विभाग के चेयरमैन अनिल भारद्वाज ने बताया कि राहुल गांधी उत्तर पूर्वी दिल्ली लोकसभा क्षेत्र में एक जनसभा में शामिल होंगे। जबकि उत्तर पश्चिमी लोकसभा सीट अंर्तगत महिला न्याय से संबंधित टाउन हॉल को संबोधित करेंगे। उन्होंने बताया कि सुबह 9.30 बजे उत्तर पूर्वी लोकसभा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार डाक्टर कन्हैया कुमार के समर्थन में डीडीए ग्राउंड जीटीबी एंक्लेव, दिलशाद गार्डन में आयोजित जनसभा को सम्बोधित करेंगे। जबकि राहुल दोपहर 12.30 मंगोलपुरी विधानसभा में पंछी टेंट हाउस, नजदीक पेट्रोल पंप, मंगोलपुरी औद्योगिक क्षेत्र में उत्तर पश्चिमी लोकसभा से कांग्रेस उम्मीदवार डाक्टर उदित राज के समर्थन में महिला न्याय में निहित महालक्ष्मी गारंटी पर आयोजित टाउन हॉल में मौजूद जनसमूह के साथ चर्चा करेंगे। भारद्वाज ने बताया कि आने वाले लोकसभा चुनावों में दिल्ली सहित पूरे देश में इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार जीत दर्ज करेंगे। दिल्ली की सातों सीटों पर इस बार इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार भारी मतों से जीत दर्ज करेंगे।

## बुर्का पहन मतदान करने वाले की जांच को लेकर दिल्ली भाजपा ने सीईओ को सौंपा ज्ञापन

नई दिल्ली। मतदान वाले दिन दिल्ली में जो भी बुर्का पहन कर या मुंह मास्क लगा कर मतदान करने आये उनको पूरी जांच के बाद ही मतदान करने दिया जाये। महिला अधिकारी या महिला पुलिस उनके चेहरे की जांच करें। दिल्ली भाजपा के एक प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को दिल्ली के मुख्य चुनाव अधिकारी (सीईओ) से मिलकर एक ज्ञापन सौंप कर उक्त मांग की। इस प्रतिनिधिमंडल में विधायक अजय महावर एवं मोहन सिंह विष्ट, प्रदेश मंत्री किशन शर्मा और वकील नीरज गुप्ता शामिल थे। दिल्ली भाजपा के प्रतिनिधिमंडल के नेतृत्व कर रहे अजय महावर ने बताया कि दिल्ली के साथ पड़ोसी राज्य से किसी भी प्रकार की कोई फेक वोटिंग ना हो। मुख्य चुनाव अधिकारी ने भरोसा दिया है कि इस मामले में कानूनी तौर पर जो भी बेहतर विकल्प होगा उस पर वह काम करेंगे और कोशिश करेंगे कि किसी भी प्रकार की फेक वोटिंग ना हो पाये।

## आप दिल्ली में केंद्र की योजनाएं लागू नहीं कर रही, मेट्रो परियोजना में कीं बाधाएं पैदा : हरदीप पुरी

नई दिल्ली। केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने आम आदमी पार्टी सरकार पर प्रधानमंत्री आवास योजना और आयुष्मान भारत समेत केन्द्र की नरेन्द्र मोदी सरकार की प्रमुख योजनाओं को राष्ट्रीय राजधानी में लागू नहीं करने का बुधवार को आरोप लगाया। पुरी ने एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए यह भी आरोप लगाया कि अरविंद केजरीवाल सरकार ने हर चरण में मेट्रो परियोजना के क्रियान्वयन में बाधाएं पैदा कीं। दिल्ली मेट्रो वर्तमान में चौथे चरण के तहत परियोजनाओं का क्रियान्वयन कर रही है। केंद्रीय आवास और शहरी मामलों के मंत्री ने कहा कि उनके मंत्रालय ने राष्ट्रीय राजधानी में 53,000 करोड़ रुपये की परियोजनाएं लागू की हैं। भाजपा नेता ने आम आदमी पार्टी की राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल पर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के सहयोगी बिभव कुमार द्वारा उनके आवास पर कथित हमला करने के मामले में चुप्पी साधने के लिए केजरीवाल की आलोचना की। दिल्ली में छठे चरण में 25 मई को मतदान होना है।

### 'एनडीए को दिया गया वोट विकसित भारत का संकल्प मजबूत बनाएगा'

# पांच चरणों के चुनाव ने ही भाजपा और एनडीए की सरकार कर दी है मजबूत : मोदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

देश का मूड क्या है यह इससे पता लगता है कि अब तक 400 से ज्यादा सीटों पर चुनाव हो चुका है और पांच चरणों के चुनाव ने ही भाजपा और एनडीए की सरकार मजबूत कर दी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को द्वारका में आयोजित जनसभा में पश्चिम दिल्ली, दक्षिण दिल्ली, उत्तर पश्चिम एवं नई दिल्ली संसदीय क्षेत्रों के नागरिकों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए उक्त बातें कही। इस दौरान पीएम मोदी ने इंडिया गठबंधन पर निशाना साधते हुए कहा कि देश भी जानता है कि इंडिया गठबंधन वालों को दिया गया वोट किसी काम नहीं आने वाला है जबकि एनडीए को दिया गया वोट विकसित भारत का संकल्प मजबूत बनाएगा। आजादी के बाद पहली बार देश के लोगों ने कांग्रेस मॉडल और भाजपा मॉडल में स्पष्ट रुप से फर्क देखा है। मोदी ने कहा कि कांग्रेस और इंडिया गठबंधन वालों को ना आगे की सोचने की फुर्सत है और ना ही क्षमता है, ना ही अपने संसाधनों का उचित उपयोग करने की और अपनी गति तेज करने की क्षमता है। इन लोगों ने 60 साल तक भारत के सामर्थ्य के साथ अन्याय किया है और इन्होंने आपराधिक कृत्य किया।





दिल्ली के अंदर तो हम कट्टर भ्रष्टाचारियों का खेल देख रहे हैं, इन लोगों ने दिल्ली को लूटने का कोई मौका नहीं छोड़ा है। अदालत भी इनके भ्रष्टाचार को देखकर हैरान है। जो लोग राजनीति को बदलने आए थे, आज वे लोग दिल्ली के साथ सबसे बड़ा विश्वासघात करके बैठे हैं। जो लोग अदालत के निर्णय को लेकर नाच रहे थे मंगलवार के कोर्ट के फैसले के बाद इनकी स्थिति क्या होगी उसको देखने की जरुरत है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इंडिया गठबंधन पर निशाना साधते हुए कहा कि जब मैं घोर संप्रदायिकता को तथ्यों के द्वारा खुलासा करता हूं तो ये चिल्लाते हैं कि मोदी हिंदू-मुस्लिम कर रहा है। हमें इस देश की चिंता है। आजादी से पहले कांग्रेस ने ऐसी हरकतें शुरु की थी और उसका परिणाम हुआ कि धर्म के आधार पर देश के टूकड़े हो गए। यह लोग सुबह शाम मुसलमान मुसलमान करते हैं वोट जिहाद की बात करते हैं। इन्होंने संविधान की पीठ पर छुरा भोंका है और जबसे क्षेत्रिय पार्टियों ने कांग्रेस का मुसलमान वोट खा लिया तब से यह साजिश करने लगे हैं।

### 'इंडिया गठबंधन वाले हैं घोर भ्रष्टाचारी भी'

कांग्रेस के शहजादे ने आज खुद ही स्वीकार कर लिया है कि उनके दादा, दादी, पिता के समय में जो सिस्टम बना वह दलित, पिछड़ों और आदिवासी का विरोधी रहा है, यह इंडिया गठबंधन वाले घोर भ्रष्टाचारी भी हैं। यह वो लोग हैं जिनके पास से नोटों के पहाड़ निकल रहे है।

### 'भाजपा ने देश को दी स्पीड और स्केल'

मोदी ने संबोधन में कहा कि 140 करोड़ के इतने बड़े देश भारत को जो स्पीड चाहिए, जो स्केल चाहिए वह एकमात्र भारतीय जनता पार्टी की सरकार ही दे सकती है। कांग्रेस की सरकार हर दिन 12 किलोमीटर हाईवे बनवा पाती थी जबकि भाजपा सरकार 30 किलोमीटर प्रति दिन हाई वे बनवा रही है। 60 सालों में कांग्रेस मात्र 70 एयरपोर्ट बनवा पाई थी लेकिन भाजपा सरकार ने 10 साल में 70 नए एयरपोर्ट बनवा कर जोड़ दिये।

### कांग्रेस के समय थे सात एम्स, आज है 22 से अधिक

पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस के समय तक 370 मेडिकल कॉलेज बने थे जबकि मोदी सरकार ने 325 से अधिक नए मेडिकल कॉलेज बनवा दिए। कांग्रेस के समय सात एम्स थे जबकि आज 22 से अधिक एम्स है। कांग्रेस के राज में 75 फीसदी से ज्यादा लोगों के पास नल कलेक्शन नहीं था यानि सिर्फ 25 फीसदी लोगों के घर में नल से जल आता था जबकि आज 75 फीसदी लोगों के घर में नल से जल आ रहा है। कांग्रेस ने 60 साल में 14 करोड़ से भी कम गैस कनेक्शन दिए थे जबकि मोदी ने अपने 10 साल में 18 करोड़ से ज्यादा नए गैस कनेक्शन दिए हैं।

### 'कांग्रेस ने डिफेंस इंडस्ट्री को किया बर्बाद'

पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस के समय मोबाइल फोन भारत इम्पोर्ट करता था लेकिन आज हम दुनिया के दूसरे सबसे बड़े मोबाइल एक्सपोर्टर बन गए हैं। कांग्रेस के समय मुश्किल 100 स्टार्ट अप थे लेकिन आज वह संख्या 1.25 लाख से ऊपर है।

कांग्रेस ने डिफेंस इंडस्ट्री को बर्बाद किया लेकिन आज हम एक लाख करोड़ रुपये से ज्यादा का डिफेंस प्रोडक्शन कर रहे हैं। कांग्रेस ने बैंकों को बर्बाद किया लेकिन आज बैंक तीन लाख करोड़ रुपये का लाभ प्राप्त कर रही है।

# केंद्र में सरकार बनते ही सबसे पहले दिल्ली को दिलाएंगे पूर्ण राज्य का दर्जा : केजरीवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

चार जून को इंडिया गठबंधन की सरकार बनने जा रही है। आम आदमी पार्टी उसमें हिस्सा होगी। और सरकार बनते ही सबसे पहले दिल्ली को पूर्ण राज्य का दर्जा दिलवाएंगे। इसके बाद दिल्ली की कानून व्यवस्था को ठीक करेंगे। यह बातें बुधवार को आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने नई दिल्ली से इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार सोमनाथ भारती के समर्थन में मालवीय नगर में एक नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए कहीं। केजरीवाल ने कहा कि जब दिल्ली को पूर्ण राज्य का दर्जा मिल जाएगा तो दिल्ली में आपका एलजी होगा जो दौड़-दौड़ कर आपके काम करेगा। इसके बाद दिल्ली की कानून व्यवस्था ठीक करेगी। अभी आपकी पुलिस नहीं सुन रही है। लेकिन 4 जून के बाद दिल्ली में आपकी पुलिस सुनेगी। वहीं इस सभी मौजूद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने जनता से कहा कि आपकी दुआओं से आपके सीएम हमारे बीच में है। ऊपर वाला भी सच का साथ देता है। आप चाहते हैं कि सीएम हमारे बीच में ही रहे और हमारे लिए काम करें। तो 25 तारीख को झाड़ू पर बटन दबाएं। वहीं केजरीवाल ने कहा कि 25 मई को बहुत गर्मी होगी लेकिन घर पर मत बैठना। देश की खातिर वोट जरूर डालना। सभी को लेकर वोट डलवाना है। उन्होंने कहा कि मैं जब जेल गया तो मेरी पत्नी ने काफी साथ दिया। जब वह जेल आती थीं जो वह मेरे संदेश आपको के बीच लाती थी। केजरीवाल ने कहा कि भाजपा वालों ने पूरी कोशिश की कि केजरीवाल बाहर न आए। लेकिन मेरे ऊपर बजरंगबली का आशीर्वाद है। बजरंगबली के आगे भाजपा वालों की भी नहीं चली और बजरंगबली के आशीर्वाद से मैं बाहर आ गया। भाजपा वाले मेरे कामों के कारण मुझे जेल में डालना चाहते हैं। भाजपा वाले दिल्ली के स्कूलों और मोहल्ला क्लीनिकों को बंद करना चाहते हैं। लेकिन मैं बंद नहीं होने दूंगा। दिल्ली वालों 24 घंटे बिजली दूंगा चाहे पीक ऑवर में डिमांड 8 हजार मेगावाट से और अधिक हो जाए। दिल्ली में एक भी पावर कट नहीं लगने दूंगा। उन्होंने कहा कि केजरीवाल को गिरफ्तार करके काम रोक रहे हो यह ठीक नहीं है। मैं बाहर आ गया हूं अब माताओं और बहनों को एक हजार रुपए जल्द अकाउंट में डलवाने का काम शुरू करुंगा। भाजपा वाले महिलाओं के लिए बस यात्रा रोकना चाहते हैं। लेकिन मैं फ्री बस यात्रा रुकने नहीं दूंगा। ये भाजपा वाले कह रहे हैं कि 2 तारीख को केजरीवाल को फिर जेल जाना पड़ेगा। अगर आप लोगों ने भाजपा को वोट दिया तो जेल चला जाऊंगा। अगर आप ने झाड़ू को वोट दोगे तो ऐसे ही मैं बाहर रहूंगा। जेल में नहीं जाऊंगा। वहीं केजरीवाल ने कहा कि मैं पूरे देश में घूम कर कर आया हूं। लोग महंगाई परेशान हैं। लोगों के रोजगार चले गए हैं।

## भाजपा का 400 पार का नारा व्यवहारिक सोच से परे, लोगों की कमाई घटी : थरूर

नई दिल्ली। कांग्रेस वर्किंग कमेटी के सदस्य और सांसद शशि थरूर ने बुधवार को प्रदेश कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन में प्रेस वार्ता के दौरान कहा कि लोकसभा चुनाव में भाजपा का 400 पार का नारा व्यवहारिक सोच से परे है। जबकि सच्चाई यह है कि भाजपा के राज में गत 10 वर्ष में 80 प्रतिशत जनसंख्या की कमाई में कमी आई है। ऐसे में अगर वह 400 पार का नारा दे रहे है, वो सोच से कहीं दूर है। आने वाले लोकसभा चुनाव में एनडीए हारने जा रही है। जबकि इंडिया गठबंधन बहुमत से सत्ता में आ रहा है। इस मौके पर थरूर के साथ दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी कम्युनिकेशन विभाग के चेयरमैन अनिल भारद्वाज भी मौजूद थे। थरूर ने पत्रकारों को बताया कि देश भर में चुनाव प्रचार के दौरान अलग-अलग प्रदेश की जनता और मतदाताओं से रुबरु होने के बाद मिल रहे अनुभव और प्रतिक्रियाओं के बाद यह साफ हो गया है कि इंडिया गठबंधन मजबूत स्थिति में है। वर्ष 2019 में भाजपा जहां जहां मजबूत थी, अब वहां की जनता सरकार के खिलाफ दिखाई दे रही है। उन्होंने एक सवाल के जबाब में कहा कि लोकसभा 2024 का चुनाव सबके साथ मिलकर इंडिया गठबंधन समझोते के तहत लड़ने का एकमात्र उदेश्य केंद्र सरकार बदलने का है। लोकसभा चुनाव राष्ट्रीय और स्थानीय मुद्दों के साथ लड़ा जाता है। थरूर ने कहा कि भाजपा देश की जनता से जुड़े मुद्दों पर गौर न करके अनर्गल, बेबुनियाद, वर्तमान हालात छोड़ भविष्य की बयानबाजी करके देश की जनता को भ्रमित कर रही है।



## आप ने हमेशा आप परिवारों के लोगों को दी है वरीयता : राघव चड्ढा

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा सदस्य राघव चड्ढा ने बुधवार को पूर्वी दिल्ली से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी कुलदीप कुमार के समर्थन में विशाल रोड शो किया। इस दौरान राघव चड्ढा ने कहा कि आम आदमी पार्टी ने हमेशा आम परिवारों के लोगों को विधायक-सांसद और मंत्री बनाया है। कुलदीप कुमार और मैं इसका उदाहरण है। इसलिए इस बार आप एक आम परिवार से आने वाले कुलदीप कुमार को संसद में भेजिए और अपनी आवाज बुलंद कीजिए। हम पढ़े-लिखे, ईमानदार और सेवा करने वाले लोग हैं। कुलदीप कुमार स्थानीय प्रत्याशी हैं। अगर आपका काम नहीं करेंगे तो हम कान पकड़कर काम करवाएंगे।



## खबर संक्षेप

### नोएडाः सरकारी अस्पताल में आग, कोई घायल नहीं

**नोएडा।** उत्तर प्रदेश के गौतमबुद्ध नगर में एक सरकारी अस्पताल में बुधवार को आग लग गई, जिसके बाद चिकित्सकों ने आपातकालीन वार्ड और आईसीयू से मरीजों को सुरक्षित स्थान पर स्थानांतरित किया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। मुख्य अग्निशमन अधिकारी प्रदीप कुमार चौबे ने बताया कि इस घटना में किसी भी व्यक्ति को चोट नहीं आई है। उन्होंने कहा कि इमारत के भूतल में रखी यूपीएस बैटरी में लगी आग को बुझा दिया गया है। उन्होंने कहा कि नियंत्रण कक्ष ने सेक्टर 39 स्थित सरकारी अस्पताल के तलघर में आग लगने की सूचना अग्निशमन सेवा इकाई को सुबह 3.55 बजे दी। हमने तत्काल आठ दमकल वाहनों को घटनास्थल पर भेजा। अधिकारी ने बताया कि इमारत में धुआं भरना शुरू ही हुआ था। यहां के चिकित्सकों ने एहतियात के तौर पर मरीजों को आपातकालीन वार्ड और आईसीयू से दूसरे वार्ड में स्थानांतरित कर अच्छा काम किया। लगभग 25 मरीजों को सुरक्षित स्थान पर भेजा गया। चौब ने कहा कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि यूपीएस की बैटरी 25 दिन पहले ही बदली गई थी।

### गुरुग्राम : मकान से लाखों के जेवरात चोरी

**गुरुग्राम।** बिलासपुर एरिया में चोरों ने एक मकान का ताला तोड़कर लाखों के जेवरात चोरी कर लिए। वारदात के दौरान दंपत्ति अपनी डयूटी पर गए हुए थे। शिकायत मिलने पर पुलिस ने केस दर्ज कर कार्रवाई शुरु कर दी। पुलिस को दी शिकायत में राजस्थान के झुंझनू निवासी जितेंद्र यादव ने कहा कि वह गुरुग्राम के बिनौला गांव में अपनी पत्नी के साथ किराए पर रहता है। वह एक कंपनी में काम करता है। जबकि उसकी पत्नी स्कूल में नौकरी करती है। बीती सुबह करीब नौ बजे वह अपनी डयूटी के लिए कंपनी चला गया। वहीं उसकी पत्नी भी स्कूल चली गई। दोपहर को जब उसकी पत्नी घर आई तो गेट का ताला टूटा हुआ मिला। वहीं कमरे में अलमारी खुली मिली। चोर अल्मारी से लाखों के जेवरात लेकर फरार हो गए। पुलिस ने केस दर्ज कर कार्रवाई शुरु कर दी।

### फरीदाबादः नशा तस्करी में एक आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** अपराध शाखा सैंट्रल प्रभारी दीपक लोहान की टीम ने नशा तस्करी के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने मामले में अधिक जानकारी देते हुए बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम लक्ष्मण है जो मथुरा का रहने वाला है। पहले आरोपी फरीदाबाद में राजीव कॉलोनी में रहता था परंतु अभी वह मथुरा में ही ई रिक्शा चलाता है। क्राइम ब्रांच की टीम ने गुप्त सूत्रों की सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी को सिटी बल्लभगढ़ एरिया से अवैध नशे सहित काबू किया था। आरोपी के कब्जे से 5.47 ग्राम स्मैक बरामद की गई। आरोपी के खिलाफ थाने में एनडीपीएस एक्ट का मुकदमा दर्ज करके पूछताछ की गई जिसमें सामने आया कि आरोपी वृंदावन के किसी व्यक्ति से यह नशा खरीदकर लाया था जिसकी कीमत करीब 15 हजार रूपए है। आरोपी के खिलाफ इससे पहले भी वर्ष 2021 में अवैध हथियार का एक मुकदमा फरीदाबाद का दर्ज है जिसमें वह जेल जा चुका है।

### गाजियाबादः युवक की हत्या, दोस्त पर शक

**गाजियाबाद।** विजयनगर थाने के अंबेडकरनगर में बुधवार को एक 23 वर्षीय युवककी वजनी वस्तु से हमला कर नृशंस हत्या कर दी। युवक का शव घर के कमरे में लहू लुहान अवस्था में पड़ा मिला है। युवक का नाम शुभम(23) था। शुभम अपने साथी प्रेम के साथ सौदान सिंह के मकान में किराए पर रहता था। दोनों एक निजी कंपनी में नौकरी करते थे। घटना के बाद से प्रेम फरार है। शक है कि उसी ने भारी वस्तु से वार कर हत्या की है। एसीपी प्रियाश्री पाल ने बताया कि शुभम की भारी वस्तु से वार करके हत्या कर दी गई। शव कमरे में जमीन पर पड़ा मिला जबकि कमरे का ताला लगा हुआ था। मामले में मकान मालिक सौदान सिंह ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। शुभम व प्रेम दोनों बनारस के पास भदोही के सिखेड़ी गांव के रहने वाले हैं। प्रेम मंगलवार शाम करीब चार बजे बैग लेकर हड़बड़ाहट में भागता हुआ नजर आया था।

# जीडीए की प्रभावी पैरवी के बाद बिल्डर कंपनी की याचिका खारिज

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

जीडीए (गाजियाबाद विकास प्राधिकरण)के उपाध्यक्ष अतुल वत्स से सख्त लहजे का असर अब दिखने लगा है। इसी कड़ी में जीडीए की प्रभावी पैरवी के कारण प्रयागराज हाइकोर्ट की डबल बेंच ने एक बिल्डर कम्पनी के याचिका खारिज कर दी। पिछले दिनों जीडीए उपाध्यक्ष ने विधि अनुभाग की समीक्षा बैठक की थी और सभी न्यायालयों में लम्बित वादों की प्रभावी पैरवी सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया था। इसी कड़ी में कौशाम्बी स्थित विकास प्राधिकरण के कीमती व्यावसायिक शॉपिंग भूखण्ड को नीलामी के माध्यम से मैसर्स ड्रीमटेक कन्सट्रक्शन को वर्ष-2013 में आवंटित किया था। आवंटी ने भूखण्ड की किश्तें




समयान्तर्गत जमा नहीं की गयी तथा पूर्व में भी इन्हें दो बार पुर्ननिर्धारित कराया गया। इसी क्रम में आवंटी एक बार पुनः न्यायालय में रिट याचिका योजित कर धनराशि जमा करने से बचा जा रहा था। प्राधिकरण के अधिवक्ताओं ने रिट मैसर्स ड्रीमटेक कन्सट्रक्शन प्रालि बनाम गाजियाबाद विकास प्राधिकरण में प्रभावी पैरवी करते हुए न्यायालय को सही तथ्यों से अवगत कराया गया। अधिवक्ताओं ने वादी मैसर्स ड्रीमटेक कन्सट्रक्शन की मांग को गैरवाजिब/नियमों के विपरीत बताया। प्राधिकरण पूर्व में ही दो बार इनको आवंटित भूखण्ड संख्या-सी.एस.-30/01, कौशाम्बी, के भुगतान विवरण को रिवाइज/संशोधित करते हुए आवेदक की मांग पूरी की जा चुकी है, किन्तु प्राधिकरण द्वारा जारी भुगतान विवरण के क्रम में आवेदक द्वारा कोई धनराशि जमा नहीं कराई जा रही है। हाइकोर्ट को डबल बेंच ने मामले पर सुनवाई के बाद जीडीए अधिवक्ताओं की दलीलों को मानते हुए बिल्डर कम्पनी की याचिका को खारिज कर दिया गया। जीडीए उपाध्यक्ष ने सभी कर्मचारियों/अधिकारियों व अधिव\क्तागणों को इसी प्रकार सभी वादों में प्रभावी पैरवी करने निर्देश दिए हैं।

## साथी की गिरफ्तारी से नाराज पार्षद मांगों पर अड़े

**गाजियाबाद।** वार्ड 28 के भाजपा पार्षद सुधीर की गिरफ्तारी का मामला बुधवार को दिनभर गर्म रहा। सुधीर की गिरफ्तारी के विरोध में काफी संख्या में पार्षद ।महापौर के नगर निगम मुख्यालय कक्ष में पहुंचे और दिनभर जमे रहेऔर गिरफ्तारी का विरोध करते रहे। पार्षदों ने आरोप लगाया कि अगर कोई अतिक्रण कर रहा है और रात के दो बजे तक दुकान खोल रहा और उसका विरोध पार्षदद्वारा किया जाता है तो पार्षद पर मनगढत आरोप लगाकर उसे जेल भेज दिया जाता है। इतना ही नहीं पार्षद पर लूट औरछेड़छाड जैसे गंभीर धाराओं में केसदर्ज किया जाता है। पार्षदों के रूख को देखते हुए महापौर सुनीता दयाल ने



मामले को गंभीरता से लेकर अपने नगर निगम कार्यालय में एसपी सूर्यबली मौर्य नंदग्राम कोबुलाया जहां पर मामले में उचित कार्रवाई करने और पार्षद को जेल से रिहा करने के साथ साहिबाबाद थानाप्रभारी और मोहनगर चौकी प्रभारी पर कार्रवाई करने की मांग की। लेकिन पार्षद संतुष्ट नहीं हुए। इसके बाद डीसीपी कुंवर ज्ञानजंय सिंह पहुंचे और पार्षदों से वार्ता की। समाचार नलिखे जाने तक पार्षद अपनी मांगों पर अड़े हुए थे। इस मौके पर पार्षद राहुल शर्मा, उदित मोहन, नीरज गोयल, पार्षद पति प्रवीण भाटी, मनोज गोयल, यशपाल पहलवान, पार्षद अजय शर्मा, पार्षद धीरेन्द्र बिल्लु सहित काफी संख्या में पार्षद मौजूद रहे।

### जनरल ऑब्जर्वर ने दिए सफल निगरानी के टिप्स

# चुनाव प्रक्रिया की पूर्ण निगरानी करेंगे सुनिश्चित माइक्रो आब्जर्वर

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र के जनरल ऑब्जर्वर अक्षय कुमार सिंह ने कहा कि माइक्रो आब्जर्वर को चुनाव प्रक्रिया की पूर्ण निगरानी सुनिश्चित करनी है। लोकतंत्र के फेस्टिवल में निष्पक्ष ड्यूटी देकर मतदान प्रक्रिया की पूरी निगरानी करेंगे। जनरल आब्जर्वर ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुसार मतदान केन्द्रों पर मतदान से जुड़ी सभी प्रक्रिया का सीसीटीवी कैमरे की तर्ज पर ऑब्जर्व करेंगे।

जनरल ऑब्जर्वर सेक्टर-12 स्थित हुड्डा कन्वेंशन हाल में माइक्रो ऑब्जर्वर्स को सुचारु चुनाव के लिए प्रशिक्षण दे रहे थे।जनरल ऑब्जर्वर ने कहा कि लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष एवं पारदर्शिता से सम्पन्न कराने में माइक्रो ऑब्जर्वर की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। माइक्रो ऑब्जर्वर मतदान केंद्रों पर मतदान के दौरान व्यापक नजर बनाये रखेंगे। उन्होंने कहा कि माइक्रो ऑब्जर्वर सामान्य पर्यवेक्षक के नियंत्रण में कार्य करेंगे तथा आवंटित मतदान केंद्रों में निर्वाचन प्रक्रिया की निष्पक्ष




निगरानी करेंगे। साथ ही मतदान एवं मॉक पोल का भी निरीक्षण बारिकी से करेंगे। मॉक पोल समय पर कराने के लिए सभी ऑब्जर्वर्स समय अनुसार मतदान केंद्र पहुंचेगे। मतदान केन्द्रों पर पोलिंग एजेंट्स व चुनावी एजेंट्स या किसी राजनीतिक दल की ओर से की गई शिकायतों को गंभीरता से लेकर सामान्य पर्यवेक्षक को पूरी सूचना देंगे। इसी तरह से मॉक पोल के दौरान पोलिंग एजेंट्स एवं राजनीतिक दलों की उपस्थिति पर भी नजर रखेंगे और यह भी देखेंगे कि मतदान केंद्र के अंदर कोई अनाधिकृत व्यक्ति प्रवेश न करें। मतदान के दौरान मतदाता के हाथ में चुनावी स्याही लग रही है या नहीं तथा मतदान के बाद ईवीएम सील हुई है या नहीं और बीयूए सीयू का नंबर नोट किया गया है या नहीं। इन सभी चीजों पर अपनी नजर बारीकी रखेंगे। मतदान केंद्र पर कोई समस्या होने पर इसकी जानकारी तुरंत सामान्य ऑब्जर्वर को देंगे। माइक्रो आब्जर्वर की नोडल अधिकारी जॉइंट कमिश्नर एमसीएफ द्विजा ने कहा की मॉकपोल से पहले अगर किसी भी राजनैतिक पार्टी का पोलिंग एजेंट नहीं आया तो उसको अपनी रिपोर्ट में जरूर लिखे। मतदान के दिन मॉक पोल के पश्चात सीयू, बीयू व वीवीपैट को क्लोज करने के बाद रिजल्ट देखकर वोटिंग मशीनों को क्लियर करना सुनिश्चित करें। और साथ ही अपनी रिपोर्ट को बड़ी बारीकी से बनाना सुनिश्चित करें।

### जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा-मतदान केंद्रों में पहुंचाए मेडिकल किट

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त विक्रम सिंह ने कहा कि मतदान केंद्रों में समयबद्धता के साथ चुनावी सामग्री तथा मेडिकल किट पहुंचाना सुनिश्चित किया जाए। सेक्टर सुपरवाईजरों को भी मेडिकल किट उपलब्ध करवायें। साथ ही अन्य आवश्यक प्रबंध भी निर्धारित समयावधि में पूर्ण करें। बुधवार को लघु सचिवालय में लोकसभा चुनाव के सुचारू संचालन के लिए विभिन्न प्रबंधों के लिए नियुक्त किये गये नोडल अधिकारियों की बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह कर रहे थे। उन्होंने हेल्थ किट की जांच करते हुए एंबुलेंस सेवा को भी सुदृढ़ता प्रदान करने के निर्देश दिए। साथ में उन्होंने निर्देश दिए कि ड्राई-डे के दौरान किसी भी सूरत में अवैध रूप से शराब आवाजाही नहीं होनी चाहिए। नियमित रूप से जांच जारी रखें। अवैध शराब पर पूर्ण लगाम रखी जाये।

## महेन्द्र प्रताप को तिगांव की 84 पाल व खादर में मिला जोरदार समर्थन

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी एवं हरियाणा के पूर्व कैबिनेट मंत्री महेन्द्र प्रताप सिंह को बुधवार को उस समय बडी कामयाबी मिली जब तिगांव विधानसभा क्षेत्र की 84 पाल व खादर में लोगों ने एकजुट हो चुनावी सभाओं में अपने खुले समर्थन का ऐलान कर दिया। 84 पाल के बडे गांव नीमका, मुजेडी, मिर्जापुर, घरोंडा, चांदपुर-इस्माईलपुर, अरूआ फैजपुर, कौराली, बदरौला प्रहलादपुर में आयोजित चुनावी सभाओं में हजारों की संख्या में उपस्थित लोगों का उत्साह देखने लायक था तथा उन्हें सभास्थल तक एक विशाल काफिले के साथ लाया गया। वह जहां-जहां से वह चले वहां-वहां रास्ते में सडक के दोनों तरफ पुष्प वर्षा की गई जो नजारा देखने लायक था। मंच पर इलाके की ओर से पूर्व मंत्री महेन्द्र प्रताप सिंह को सम्मान रूपी पगडी बांधकर उन्हें विश्वास दिलाया कि तिगांव क्षेत्र से लोकसभा में सबसे अधिक मतों के अंतर से विजयी बनाएंगे। सभाओं में तिगांव विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक ललित नागर व कांग्रेस के कदावर नेता जेपी नागर, रणबीर चंदीला, एडवोकेट जगत नागर, बीरपाल



चंदीला, वेद यादव, बेगराज महाशय, रामसिंह नेताजी व ठाकुर राजाराम आदि भी मुख्यरूप से मौजूद रहे। इसके उपरांत ओल्ड फरीदाबाद में आयोजित रोड.शो में भी व्यापारियों व स्थानीय निवासियों का जोश देखने लायक था। रोड-शो में बाजार के व्यापारियों ने कहीं फूलमालाओं से तो कहीं मिठाई खिलाकर व पगडी बांधकर अपना समर्थन दिया तो कहीं नोटों की माला पहनाकर विजयश्री का आर्शीवाद दिया। सभाओं में उमडे अपार जनसैलाब से गदगद पूर्व मंत्री चौधरी महेन्द्र प्रताप ने लोगों के प्रति आत्मीयपन दिखाते हुए कहा कि आप मेरे हो और मैं आपका, आपने हमेशा से ही मेरा साथ देकर मान बढ़ाया है।

## गुरुग्राम में पुलिस व सीएपीएफ की टुकड़ियों ने की डोमिनेशन और इन्फोर्समेंट एक्सरसाइज

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर सुरक्षा सम्बन्धी व समन्वय स्थापित करने के लिए गुरुग्राम पुलिस व सीएपीएफ की टुकड़ियों ने ईस्ट पुलिस जोन में डोमिनेशन और इन्फोर्समेंट एक्सरसाइज की। एसीपी डीएलएफ विकास कौशिक की अगुवाई में किए गए इस एरिया डोमिनेशन और इन्फोर्समेंट एक्सरसाइज में संबंधित एरिया के सभी थाना प्रभारियों सहित गुरुग्राम पुलिस व सीएपीएफ के विभिन्न अधिकारियों/कर्मचारियों ने हिस्सा लिया। इस डोमिनेशन और इन्फोर्समेंट एक्सरसाइज में शामिल हुई गुरुग्राम पुलिस व सीएपीएफ की टटुकड़ियों को पहले कम्युनिटी सेंटर सेक्टर-52, थाना सेक्टर-53, गुरुग्राम में एकत्रित किया गया। जहां से पुलिस जोन ईस्ट में थाना सेक्टर-53 गुरुग्राम के क्षेत्र में कम्युनिटी सेंटर सेक्टर-52 से शुरू होकर, वजीराबाद रेड लाइट, सेक्टर-56, घाटा टी-पॉइंट, डीएलएफ फेज-1, नीलकंठ हॉस्पिटल, डीएलएफ फेज-3, सिकंदरपुर मेट्रो स्टेशन, डीएलएफ सेक्टर-29, हुड्डा सिटी सेंटर मेट्रो, सुशांत लोक, कन्हैई रेड लाईट, सेक्टर-40, गांव कन्हैई व थाना सेक्टर-50 के एरिया में डोमिनेशन और इन्फोर्समेंट एक्सरसाइज की गई।

# मैंने क्षेत्र तथा जनहित के मुद्दों को उठाया कभी समझौता नहीं किया : राव इंद्रजीत

- भाजपा प्रत्याशी का जगह-जगह हुआ भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी/गुरुग्राम

भाजपा प्रत्याशी राव इंद्रजीत सिंह ने प्रदेश के मुख्यमंत्रियों से उनकी लड़ाई क्षेत्र हित व जनहित को लेकर रही है। निजी स्वार्थ के लिए नहीं। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के युवाओं को रोजगार का मामला हो या जल संसाधन में समान बंटवारे का मामला हो उन्होंने हमेशा क्षेत्र हितों की पैरवी की है। राव बुधवार को अपने चुनाव प्रचार अभियान के तहत रेवाड़ी शहर और कई गांवों को दौरा कर भाजपा के पक्ष में वोट करने की अपील की। रेवाड़ी पहुंचने पर राव का जगह-जगह भव्य स्वागत किया गया। राव गांव की स्वभाव को संबोधित करने गए थे लेकिन समर्थन से यह सभाएं चुनावी रैली में तब्दील होती नजर आई। राव ने गांव रामगढ़, मीरपुर, सुनारिया, रेलवे रोड ,बालाजी मार्केट ,सेक्टर 3 , कृष्णा नगर सरस्वती विहार अन्य स्थानों पर सभाओं को संबोधित किया। राव के अपने प्रचार अभियान की शुरुआत मीरपुर गांव से की। सुबह जैसे ही राव का काफिला मीरपुर गांव



रेवाड़ी। चुनावी जनसभाओं को संबोधित करते भाजपा प्रत्याशी राव इंद्रजीत सिंह। फोटो :हरिभूमि

में पहुंचा। यहां पहले से मौजूद जनसमूह ने गाजे-बाजे से राव इंद्रजीत सिंह का स्वागत किया। चुनाव नजदीक आने के साथ ही राव इंद्रजीत के बढ़ते कारवां से कांग्रेस अब बैकफुट पर आ गई है। यहां समर्थकों की भीड़ से गदगद राव इंद्रजीत ने कहा कि यह क्षेत्र के लोगों का प्यार और समर्थन है कि उनकी 45 साल की सियासत को सफल बनाने में हमेशा उनके साथ अडिग होकर खड़े रहे। लोग कहते हैं कि उनकी मुख्यमंत्रियों से नहीं बनती इसका कारण रहा है कि मैंने हमेशा क्षेत्र तथा जनहित की मुद्दों से समझौता नहीं किया।

## क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने के नाम पर 99 हजार ठगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

साइबर क्राइम मानेसर एरिया में क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने के नाम पर युवक को 99 हजार 727 रुपए की चपत लगाने का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर कार्रवाई शुरु कर दी।

पुलिस को दी शिकायत में मानेसर के मंजीत यादव ने कहा कि उसके पास बीती पांच मार्च को एक कॉल आई। जिसमें कॉल करने वाले ने उसके क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने के बारे में कहा। मंजीत इसके लिए तैयार हो गया। इसके बाद मंजीत के डिटेल देने पर उसके पास दो ओटीपी आए और उसके क्रेडिट कार्ड से दो बार में 99 हजार 727 रुपए कट गए। पुलिस मामले में छानबीन कर रही है।

## मोदी सरकार ने ऐतिहासिक फैसले लेकर भारत को विश्व पटल पर किया मजबूतः धामी




हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर धामी ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत आंतरिक रुप से मजबूत हुआ है, मोदी सरकार ने ऐसे अनेकों ऐतिहासिक फैसले लिए, जिसने भारत को विश्व स्तर पर मजबूत बनाने का काम किया है। कश्मीर से धारा 370 समाप्त करवाकर इसे भारत का अभिन्न अंग बनायाए सीएए लाना, तीन तलाक हटाना हो या फिर 500 वर्षो से लंबित राममंदिर का निर्माण करवाकर रामलला की प्राण प्रतिष्ठा करवाना हो, ऐसे कार्यो को करने की हिम्मत सिर्फ नरेंद्र मोदी द्वारा ही दिखाई गई। उन्होंने कहा कि जिस भारत की पहचान 2014 से पहले पिछल्लू और दब्बू किस्म के रुप में होती थी, उस भारत को आज विश्व में सुपर पॉवर के रुप में उभारने का काम भी मोदी द्वारा किया गया है। मुख्यमंत्री पुष्कर धामी आज पूर्वमंत्री करतार सिंह भड़ाना एवं युवा भाजपा नेता मनमोहन भड़ाना द्वारा भाजपा प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर के समर्थन में अनंगपुर में आयोजित विजय संकल्प रैली में बतौर मुख्यातिथि उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे।

## देसी कट्टे व जिंदा कारतूस के साथ एक गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** अपराध शाखा एनआईटी प्रभारी संदीप की टीम ने अवैध हथियार के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने मामले में अधिक जानकारी देते हुए बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम युसूफ है जो कुरैशीपुर का रहने वाला है। क्राइम ब्रांच की टीम ने सूचना के आधार पर आरोपी को अवैध हथियार सहित खेती गुजरान मोड़ से अवैध हथियार सहित काबू किया था। आरोपी के कब्जे से एक देसी कट्टा तथा एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया। धौज थाने में आरोपी के खिलाफ अवैध हथियार का मुकदमा दर्ज करके मामले में पूछताछ की गई जिसमें आरोपी ने बताया कि वह 4 महीने पहले अलीगढ़ गया था और वहां से यह देसी कट्टा खरीदकर लाया था। पुलिस जांच में सामने आया कि दोस्तों में दबदबा बनाने तथा हवाबाजी के लिए यह कट्टा खरीदकर लाया था जिसे पुलिस द्वारा बरामद कर लिया गया है। पुलिस पूछताछ पूरी होने के पश्चात आरोपी को अदालत में पेश करके जेल भेजा जाएगा।

### डॉक्टर की लापरवाही से गई मरीज की जान

**नई दिल्ली।** दिल्ली देहात के नरेला स्थित सत्यवादी राजा हरिश्चंद्र अस्पताल में एक डॉक्टर पर लापरवाही के आरोप लगाए गए हैं जिसके चलते दुर्घटनाग्रस्त एक मरीज की मृत्यु होने की बात कही गई है। सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल एक वीडियो में रविश भारद्वाज ने कहा कि वह मंगलवार रात के समय सड़क पर दुर्घटनाग्रस्त एक खून से लथपथ व्यक्ति को इस अस्पताल में आकस्मिक उपचार के लिए लाए थे लेकिन सिविल ड्रेस में मौजूद डॉक्टर ने मरीज का उपचार नहीं किया और यहां मददगारों को ही जेल में डालने की बात कहने लगे। आरोप है कि डॉक्टर ने मददगारों से अभद्र व्यवहार करना शुरू कर दिया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल प्रशासन को पत्र लिखकर आरोपी डॉक्टर पर प्राथमिकी दर्ज करने, डॉक्टर को तत्काल निलंबित करने और उनकी जांच की मांग की है। मददगार ने डॉक्टर के इस व्यवहार के चलते अस्पताल के बाहर रात भर अनशन दिया। वहीं, इस बारें में अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक से संपर्क किया गया लेकिन उनकी तरफ से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिल सकी।

### 3 जून तक चलेगा समर कैंप

# नेशनल बुक ट्रस्ट के समर कैंप में 100 से अधिक गतिविधियों में प्रतिभा दिखा रहे बच्चे

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

बच्चों के लिए वसंत कुंज स्थित नेशनल बुक ट्रस्ट, इंडिया के मुख्यालय में समर कैंप की शुरुआत हो चुकी है और यह 3 जून तक आयोजित होगा।

इस समर कैंप में भाग लेने के लिए एक हजार से अधिक ऑनलाइन आवेदन प्राप्त हुए हैं। यहां बच्चों के लिए 100 से अधिक रचनात्मक कार्यक्रम और गतिविधियां हैं, जिनमें पांच से चौदह वर्ष तक के बच्चों के लिए कहानी-वाचन, कैरीकेचर वर्कशॉप, पेपर क्राफ्ट, इलस्ट्रेशन वर्कशॉप, कठपुतली का खेल, पत्र लेखन, ओरिगामी वर्कशॉप, थियेटर, खिलौने बनाना, योग,



रचनात्मक लेखन, बुकमार्क, खेल-खेल में विज्ञान, कैलिग्राफी, पोस्टर बनाना और ओपन माइक के जरिये अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर भी बच्चों को दिया जा रहा है। समर कैंप के पहले दिन किताबों की दुनिया के बीच बच्चों ने प्रसिद्ध कहानी वाचक ऊषा छाबड़ा से 'उड़ी पतंग' कहानी सुनी, वहीं प्रख्यात लेखिका क्षमा शर्मा ने परियों की कहानी सुनाकर बच्चों का उत्साहवर्द्धन किया। कैरीकेचर आर्टिस्ट करण सिंह ने बच्चों को कार्टून बनाना सिखाया और पेपरक्राफ्ट आर्टिस्ट अल्पना झा ने कागज से पक्षी, नाव, हवाई जहाज और भी तरह- तरह के डिजाइन बनाने सिखाए।

# स्वीमिंग पूल में डूबकर किशोर की मौत को लेकर अलीपुर थाने का किया घेराव

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

अलीपुर इलाके में एक फार्म हाउस के अंदर स्वीमिंग पूल में किशोर की डूबने से मौत हो गई। वंश मान छठीं कक्षा में पढ़ता था। घटना के समय बच्चे के पिता भी वहीं पर मौजूद थे। पुलिस ने लापरवाही से हुई मौत का केस दर्ज किया है। इस फार्म हाउस में 150 रुपए की टिकट पर स्वीमिंग कराई जाती है। बुधवार दोपहर परिजनों ने अलीपुर थाने के बाहर प्रदर्शन भी किया।

परिवार का कहना है कि स्वीमिंग पूल के पास दो सीसीटीवी कैमरे लगे हैं। लेकिन उन्हें कैमरे की फुटेज नहीं दिखाई जा रही है। बलराज मान (35) परिवार के साथ अलीपुर गढ़ी गांव में रहते हैं। वंश इनका इकलौता बेटा था। 14 मई को दोपहर करीब एक बजे



बलराज बेटे के साथ देवा फार्म हाउस गए थे। करीब डेढ़ बजे वह स्वीमिंग पूल में नहाने लगे। उस समय पूल में 10 से 12 लड़के नहा रहे थे। तभी बलराज के मोबाइल पर उनकी पत्नी का फोन आ गया। वह पूल से बाहर निकल फोन पर बात करने लगे। उनकी नजर स्वीमिंग पूल पर गई तो वंश नजर नहीं आया। उन्होंने पानी में उतर देखा तो वंश डूबा हुआ था। उसे बाहर निकाल नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मैक्स शालीमार बाग के लिये रेफर कर दिया। यहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बाद में मामले की जानकारी पुलिस को दी गई। घटनास्थल पर जांच के बाद पुलिस ने लापरवाही से मौत का केस दर्ज कर लिया। पीड़ित परिवार का आरोप है स्वीमिंग पूल में कोई लाइफ गार्ड उपलब्ध नहीं था। इसके बावजूद भी वहां एक घंटे का 150 रुपए लिया जाता है।

## यूपी के सीएम योगी का विपक्ष पर तीखा हमला

# सपा की रैलियों में रोज दिख रही भगदड़, मारपीट व अराजकता

■ ये आपकी संपति पाकिस्तान-बांग्लादेश से आए घुसपैठिये मुसलमानों को दे देंगे

भाषा ▸▸ जौनपुर (उप्र)

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समाजवादी पार्टी (सपा) तथा इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस (इंडिया) की हाल की रैलियां में फैली अव्यवस्था का जिक्र करते हुए बुधवार को कहा कि सपा और कांग्रेस के लोग सत्ता से कोसों दूर होने के बावजूद अपने नेताओं का सम्मान नहीं कर पा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने जौनपुर में पार्टी उम्मीदवार कृपा शंकर सिंह के समर्थन में आयोजित एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, अबकी बार 400 पार का भाजपा का नारा सुनते ही समाजवादी पार्टी की हालत खराब हो जाती है। यह क्षेत्रीय पार्टी 60-62 सीटों पर ही चुनाव लड़ रही है। उन्होंने फूलपुर और आजमगढ़ में सपा और 'इंडिया' गठबंधन की चुनावी रैलियों में कार्यकर्ताओं द्वारा बैरिकेडिंग तोड़कर मंच तक पहुंच जाने की घटनाओं की तरफ इशारा करते हुए कहा, समाजवादी पार्टी में अभी रोज भगदड़, मारपीट, अराजकता व नूराकुश्ती दिख रही है। जब सपा और कांग्रेस के लोग सत्ता से कोसों दूर हैं, तब भी अपने नेता का सम्मान नहीं कर पा रहे हैं।



### सपा ने जनता का खून चूसा

योगी ने कहा कि जब यह सत्ता में रहे होंगे तो कैसे उत्तर प्रदेश की जनता का खून चूसकर शोषण किया होगा, यह किसी से छिपा नहीं है।/" मुख्यमंत्री ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा, /"एक तरफ रामभक्त हैं, जो राम के लिए सर्वस्व न्यौछावर करते हुए भारत को ताकतवर बनाना चाहते हैं, दूसरी तरफ रामद्रोही राम के साथ भारत का भी विरोध कर रहे हैं। यह कहते हैं कि पाकिस्तान को धमकी मत दीजिए, उसके पास एटम बम है।

### कांग्रेस पर भी प्रहार

आदित्यनाथ ने कहा, इंडी गठबंधन का घोषणा पत्र कहता है कि कांग्रेस सरकार आने पर पिछड़ी, अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति का आरक्षण मुसलमानों को दे देंगे। यह लोग सत्ता में आने पर संपत्ति का सर्वे करवाएंगे और पूर्वजों से विरासत के रूप में आपको मिली संपत्ति पर टैक्स लगाकर आधी संपत्ति ले लेंगे, फिर पाकिस्तान-बांग्लादेशी से आए घुसपैठिये मुसलमानों को दे देंगे।

### ये रामद्रोही राजनीति करते हैं

योगी ने कहा कि रामद्रोही जातिवादी-परिवारवादी राजनीति करते हैं। यह आपको जाति के नाम पर भी लड़ाएंगे।/" आदित्यनाथ ने कहा, कांग्रेस ने ढूंढ-ढूंढकर दागी, भ्रष्ट व परिवारवादी दलों के साथ गठबंधन कर देश में अव्यवस्था और अराजकता का ठेका ले लिया है। मोदी जी के नेतृत्व में बदलते भारत में विकास व गरीब कल्याण के अनेक कार्य हो रहे हैं। मोदी जी के नेतृत्व में भारत 80 करोड़ लोगों को फ्री राशन दे रहा है तो 23 करोड़ पाकिस्तान वाले भूख से मर रहे हैं। पाकिस्तान का राग अलापने वालों का बोरिया बिस्तर चार जून को बांध दीजिए और कहिए कि भारत पर बोझ न बनो, पाकिस्तान जाकर भीख मांगो।

# पुलिस की पिटाई से युवक की मौत

■ दारोगा और साथी पुलिसकर्मियों पर हत्या का मुकदमा

**देवरिया(उप्र)।** देवरिया जिले के बरहज क्षेत्र स्थित सतराव चौकी में तैनात एक दारोगा तथा उसके साथी पुलिसकर्मियों की कथित पिटाई से एक युवक की मौत हो गई। इस मामले में दारोगा तथा साथी पुलिसकर्मियों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने मंगलवार रात को बताया कि सतराव पुलिस चौकी पर तैनात दारोगा वीरेंद्र कुशवाहा और उसके कुछ साथी पुलिसकर्मियों द्वारा सतराव गांव निवासी दद्दन यादव (32) की सोमवार को कथित रूप से पिटाई किए जाने का मामला सामने आया है। उन्होंने बताया कि परिजनों का आरोप है कि पिटाई से दद्दन यादव की हालत नाजुक हो गई। शर्मा ने कहा कि गंभीर रूप से घायल हालत में उसे स्थानीय स्वास्थ केंद्र ले जाया गया जहां से नाजुक हालत को देखते हुए उसे महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कॉलेज देवरिया भेज दिया और मंगलवार रात को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। स्थानीय ग्रामीणों ने दावा किया कि किसी पूर्व विवाद को लेकर कुशवाहा ने यादव की पिटाई की थी।

## चार लोगों की हत्या करने के दोषी को मौत की सजा सुनाई

**मुजफ्फरनगर(उप्र)।** शामली जिले के कैराना की एक स्थानीय अदालत ने एक भजन गायक और उनके परिवार के तीन सदस्यों की हत्या करने के जुर्म में बुधवार को एक व्यक्ति को मौत की सजा सुनाई। जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिल कुमार ने हिमांशु सैनी को हत्याओं का दोषी करार देते हुए उसे मौत की सजा सुनाई और उसपर एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया। जिला सरकारी वकील संजय चौहान ने बताया कि 30 दिसंबर 2019 को शामली जिले की पंजाबी कॉलोनी में भजन गायक अजय पाठक (42), उनकी पत्नी नेहा पाठक (36), बेटी वसुंधरा (16) और बेटे भागवत (11) की हिमांशु सैनी ने हत्या कर दी थी। हत्या के बाद पुलिस ने घर से तीन शव बरामद किए थे, जबकि बेटे भागवत का शव पानीपत (हरियाणा) में उनकी कार से बरामद किया गया था । सैनी ने कार में आग लगाने की कोशिश की थी। बाद में सैनी को गिरफ्तार कर लिया गया और पुलिस ने उसके कब्जे से 22 लाख रुपये के आभूषण और दो लाख रुपये नकद और धारदार हथियार बरामद किये थे । इस संबंध में मृतक के भाई हरिओम पाठक ने लूट के इरादे से घटना को अंजाम देने के लिए सैनी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

## झारखंड के मंत्री आलम की ईडी रिमांड 5 दिन के लिए बढ़ाई गई

**रांची।** विशेष पीएमएलए (धन शोधन निवारण अधिनियम) अदालत ने एक धनशोधन मामले की जांच के सिलसिले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा गिरफ्तार किए गए झारखंड के मंत्री आलमगीर आलम की एजेंसी की रिमांड बुधवार को पांच दिन के लिए बढ़ा दी। वकीलों ने यह जानकारी दी। एजेंसी द्वारा दो दिन तक पूछताछ करने के बाद 15 मई को आलम को गिरफ्तार किया गया था।

## सड़क पार कर रही चार महिलाओं की कार की चपेट में आने से मौत

**भाषा. कानपुर (उप्र)।** कानपुर जिले के महाराजपुर थाने के पास सड़क पार करते समय एक तेज रफ्तार कार की चपेट में आने से चार महिलाओं की मौत हो गई तथा एक युवती गंभीर रूप से घायल हो गई। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस उपायुक्त (पूर्वी क्षेत्र) श्रवण कुमार सिंह ने बताया कि मंगलवार रात महाराजपुर थाने के पास जीटी रोड पर कुछ महिलाएं सड़क पार कर रही थीं तभी वहां से गुजर रही एक कार ने उन्हें कुचल दिया।

## चुनाव में हिंसा के अगले दिन सारण में पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

छपरा। बिहार के सारण जिले में चुनाव बाद मंगलवार को हुई हिंसा के एक दिन बाद बुधवार को पुलिस ने कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिले के कई इलाकों में फ्लैग मार्च किया। इस हिंसा में एक व्यक्ति की मौत हो गयी थी और दो अन्य घायल हो गए थे। सारण के जिलाधिकारी अमन समीर ने बुधवार को 'पीटीआई-भाषा' से कहा, ''सुरक्षाकर्मी भिखारी ठाकुर चौक के पास बड़ा तेलपा इलाके में कड़ी चौकसी कर रहे हैं। इसी जगह पर हिंसक घटना हुई थी। शहर के कई इलाकों में फ्लैग मार्च किया गया।'' एहतियात के तौर पर बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने माध्यमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा (एसटीईटी) 2024 (प्रथम) परीक्षा रद्द कर दी है, जो सारण के चार केंद्रों पर 22 मई और 23 मई को होने वाली थी। समिति ने कहा कि सारण केंद्रों पर परीक्षा की नई तारीखें जल्द ही घोषित की जाएंगी।हिंसा की घटना के बाद कर्तव्य के प्रति लापरवाही बरतने पर नगर थाने के प्रभारी अश्विनी कुमार तिवारी को लाईन हाजिर कर दिया गया था। सारण पुलिस ने एक बयान में बताया कि मंगलवार को नगर थानाक्षेत्र में तेलपा के पास दो पक्ष के बीच झड़प के दौरान गोलीबारी हुई थी जिसमें एक पक्ष के तीन लोगों को गोली लगी थी।

## पेज एक का शेष...

### गोवा के मुख्यमंत्री सावंत...

वह चुप क्यों हैं? स्वाति मालीवाल के साथ हुई घटना पर अरविंद केजरीवाल की चुप्पी, सारी दास्तां बयान कर रही है। सावंत ने कहा कि जब स्वाति मालीवाल के साथ उत्पीड़न हुआ, तब अगले ही दिन आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह प्रेस वार्ता करते हैं और मुख्यमंत्री आवास पर घटी उत्पीड़न की घटना को स्वीकार करते है। साथ ही, 3 दिन के भीतर मुख्यमंत्री केजरीवाल द्वारा कार्रवाई का आश्वासन भी देते हैं। लेकिन 3 दिन बाद केजरीवाल अपने पूर्व पीए बिभव कुमार को अपनी सरकारी गाड़ी से दिल्ली से लखनऊ लेकर जाते है।उन्होंने कहा कि स्वयं केजरीवाल स्वाति मालीवाल पर समझौता करने के लिए दबाव बना रहे हैं। सावंत ने कहा कि केजरीवाल के पूर्व पीए बिभव कुमार किस हैसियत से सीएम हाउस पर रह रहे थे? जब बिभव कुमार का इस प्रकरण से कुछ लेना देना ही नहीं है, तो बिभव ने अपना मोबाईल फोन फॉर्मेट क्यों किया? दिल्ली पुलिस को कार्रवाई के दौरान मुख्यमंत्री आवास की सारी सीसीटीवी फुटेज ब्लैंक करके क्यों दी गई ? गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने कहा कि केजरीवाल की पार्टी इंडी गठबंधन की घटक दल है। इंडी गठबंधन की एक नेता "लड़की हूं लड़ सकती हूं" का नारा देती हैं, मगर महिला सांसद के ऊपर हुए उत्पीड़न पर चुप्पी साधे क्यों बैठी हैं? उन्होंने कहा कि शराब घोटाले में आम आदमी पार्टी के दो मंत्री जेल के अंदर हैं। आम आदमी पार्टी ने गोवा, पंजाब और गुजरात चुनाव में शराब घोटाले के पैसे का इस्तेमाल किया, इसलिए अब लोगों को उनपर भरोसा नहीं रहा। देश में एक ही गारंटी चलती है, वो है मोदी की गारंटी। राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि दिल्ली उच्च न्यायालय द्वारा मनीष सिसोदिया के बेल के संदर्भ की गई टिप्पणी केजरीवाल के इस दावे पर करारा तमाचा के समान है। दिल्ली उच्च न्यायालय ने मनीष सिसोदिया के व्यवहार को सत्ता के गंभीर दुरुपयोग और जनता के विश्वास के साथ छल के समकक्ष करार देते हुए कहा है कि शराब नीति का निर्धारण मनीष सिसोदिया द्वारा गठित विशेषज्ञ समिति के सुझावों को दरकिनार कर किया गया है और शराब नीति में निर्णय लेने की प्रक्रिया पूरी तरह से संदिग्ध है। उन्होंने कहा कि पारदर्शिता, राइट टू रिजेक्ट, राइट टू रिकॉल और लोकपाल बिल का ढोंग रचने वाली पार्टी द्वारा जनता को इस तरह छला जाना अत्यंत दुखद और कष्टकारक है।

### तथ्यों को छिपाने पर...

दीपांकर दत्ता और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की अवकाशकालीन पीठ ने यह तथ्य छिपाने के लिए झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से नाखुशी जताई कि उन्होंने निचली अदालत में जमानत याचिका दायर की थी। कोर्ट ने सोरेन की तरफ से पेश हुए वकील कपिल सिब्बल से कहा, 'आपका आचरण काफी कुछ कहता है, हमें उम्मीद थी कि आपके मुवक्किल स्पष्टता के साथ आएंगे लेकिन आपने महत्वपूर्ण तथ्यों को छिपाया।' देश की सबसे बड़ी अदालत ने कहा, 'याचिका के गुण-दोष पर विचार किए बगैर गिरफ्तारी के खिलाफ उनकी याचिका खारिज करेंगे। यदि अदालत मेरिट पर गौर करेगी तो पूर्व मुख्यमंत्री के लिए ही नुकसानदेह होगा। तथ्यों को छिपाने पर सुप्रीम कोर्ट की ओर से नाराजगी जाहिर करने के बाद कपिल सिब्बल हेमंत सोरेन की ओर से दायर गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका वापस ले ली। सिब्बल ने यह कहकर सोरेन का बचाव किया कि वह हिरासत में हैं और अदालतों में दायर की जा रही याचिकाओं की उन्हें जानकारी नहीं है। इस पर बेंच ने सिब्बल से कहा, 'आपका आचरण बेदाग नहीं है।' बेंच ने यह भी कहा कि वह (सोरेन) कोई साधारण व्यक्ति नहीं।

### बंगाल में 2010 के...

नौकरी पाने वालों की नौकरी पर कोई संकट नहीं रहेगा और वह पहले की ही तरह बरकरार रहेगी।

**राज्य सरकार के कानून को कोर्ट में दी गई चुनौतीः** 2012 से टीएमसी सरकार एक कानून लेकर आई थी। इसी को कोर्ट में चुनौती दी गई थी। कोर्ट ने यह भी कहा कि राज्य सरकार को ओबीसी की लिस्ट बनाने के लिए 1993 के कानून के मुताबिक आयोग की सिफारिश विधानसभा को सौंपनी होगी। तपोब्रत चक्रवर्ती की बेंच ने कहा कि तो फिर ओबीसी किसे माना जाएगा, इसका फैसला विधानसभा करेगी। वेसोय बंगाल पिछड़ा वर्ग कल्याण को इसकी सूची तैयार करनी है। राज्य सरकार उस लिस्ट को विधानसभा में पेश करेगी। जिनके नाम इस लिस्ट में होंगे उन्हीं को ओबीसी माना जाएगा।

**ममता का दावा सभी मुसलमानों को ओबीसी के तहत ला दियाः** सत्ता में आने के बाद से मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी ने बार-बार दावा किया है कि उन्होंने लगभग सभी मुसलमानों को ओबीसी के तहत ला दिया है। टीएमसी सरकार ने सभी मुस्लिमों को ओबीसी की कैटेगरी में ला दिया है और मुस्लिम समुदाय की आबादी रिजर्वेशन का फायदा भी उठा रही है। लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान भी उन्हें बार-बार यही कहते हुए सुना गया है। हालांकि, कलकत्ता हाईकोर्ट ने साफ कर दिया है कि जिस तरीके से ममता बेनर्जी सरकार ने 2011 में ओबीसी प्रमाणपत्र जारी किया था वह अवैध था।


## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

अभियोग संख्या 188 दिनांक 17.05.24 धारा 365 IPC थाना कलानौर जिला रोहतक।



**गुमशुदा की पहचान**
**नाम** - अंजली
**पिता/पति का नाम** - पुत्री नरेश कुमार
**पता**- वार्ड नम्बर 11 शांति कालोनी कलानौर रोहतक जिला रोहतक।
**उम्र**- 16 वर्ष
**कद**- 5 फुट
**हुलिया**- रंग गेहुंआ, गोल चेहरा, हष्ट पुष्ट शरीर, काले बाल, काली आंखे,
पहनावा नही पता है।।

दिनांक 17.05.24 को अंजली पुत्री नरेश कुमार निवासी वार्ड न. 11 शांति कालोनी कलानौर रोहतक थाना कलानौर जिला रोहतक बिना किसी को बताए अपने घर से चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है, जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

1. **प्रबन्धक थाना कलानौर रोहतक** 7082999126
2. **पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक** - 01262-247200, 9996464100
3. **अनुसंधानकर्ता थाना कलानौर रोहतक**-9991068868

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

अभियोग संख्या 321 दिनांक 17.05.24 धारा 346 IPC थाना शहर जिला रोहतक।



**गुमशुदा की पहचान**
**नाम** - अतुल
**पिता/पति का नाम** - पुत्र सुखचन्द्र मिश्रा
**पता**- श्याम कालोनी जिला रोहतक।
**उम्र**- 36 वर्ष
**कद**- 5 फुट 8 इंच
**हुलिया**- रंग साफ, गोल चेहरा, सिर से गंजा है विग लगाता है।
**पहनावा**- चार खानो वाली हाफ बाजू की शर्ट, स्लेटी रंग की पैन्ट काले चमडे के जूते पहने हुए है।

दिनांक 17.05.24 को अतुल पुत्र सुखचन्द्र मिश्रा निवासी श्याम कालोनी रोहतक थाना शहर रोहतक बिना किसी को बताए चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है, जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

1. **प्रबन्धक थाना शहर रोहतक** 7082999115
2. **पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक** - 01262-247200, 9996464100
3. **अनुसंधानकर्ता थाना शहर रोहतक**- 9255315535

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

अभियोग संख्या 163 दिनांक 17.05.24 धारा 346 IPC थाना अर्बन अस्टेट जिला रोहतक।



**गुमशुदा की पहचान**
**नाम** - मनीषा
**पिता/पति का नाम** - पुत्री आन्नद
**पता**- गांव बोहर जिला रोहतक।
**उम्र**- 25 वर्ष
**कद**- 5 फुट 4 इंच
**हुलिया**- रंग सांवला, लम्बूतरा चेहरा, पतला शरीर, काले बाल काली आंखे ।
**पहनावा** - गुलाबी रंग का सूट सलवार पहने हुए है।

दिनांक 17.05.24 को मनीषा पुत्री आन्नद निवासी गांव बोहर रोहतक थाना अर्बन एस्टेट जिला रोहतक बिना किसी को बताए चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है, जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

1. **प्रबन्धक थाना अर्बन एस्टेट रोहतक**- 7082999123
2. **पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक** - 01262-247200, 9996464100
3. **अनुसंधानकर्ता थाना अर्बन एस्टेट रोहतक**- 9991414246

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

अभियोग संख्या 117 दिनांक 18.05.24 धारा 346 IPC थाना आर्य नगर जिला रोहतक।



**गुमशुदा की पहचान**
**नाम** - ज्योति
**पिता/पति का नाम** - पुत्री हरीश
**पता**- हुड्डा कोम्पलैक्स जिला रोहतक।
**उम्र**- 23 वर्ष
**कद**- 05 फुट 01 ईच
**हुलिया**- रंग गोरा, गोल चेहरा, हष्ट पुष्ट शरीर, काले बाल काली आंखे।
**पहनावा**- लाल रंग की कुर्ती व नीले रंग की जीन्स पहने हुए है।

दिनांक 18.05.24 को ज्योति पुत्री हरीश निवासी हुड्डा कोम्पलैक्स जिला रोहतक थाना आर्य नगर रोहतक बिना किसी को बताए घर से चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है, जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

1. **प्रबन्धक थाना आर्य नगर रोहतक**- 7082999118
2. **पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक** - 01262-247200, 9996464100
3. **अनुसंधानकर्ता थाना आर्य नगर रोहतक**- 9416953172

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

अभियोग संख्या 205 दिनांक 18.05.24 धारा 346 IPC थाना महम जिला रोहतक



**गुमशुदा की पहचान**
**नाम** - ज्योति
**पिता/पति का नाम** - पत्नी सतीश
**पता**- गांव निन्दाना महम जिला रोहतक।
**उम्र**- 35 वर्ष
**कद**- 05 फुट 01 ईच
**हुलिया**- रंग सांवला, लम्बूतरा चेहरा, हष्ट पुष्ट शरीर, काले बाल काली आंखे।
**पहनावा** - काले रंग का सूट सलवार व बेटा निक्कर टी शर्ट पहने हुए है।

दिनांक 18.05.24 को ज्योति पत्नी सतीश निवासी गांव निन्दाना महम रोहतक थाना महम जिला रोहतक से अपने 09 महिने के बच्चे का अपने साथ लेकर बिना किसी को बताए घर से चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है, जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

1. **प्रबन्धक थाना महम रोहतक** 7082999127
2. **पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक** 01262-247200, 9996464100
3. **अनुसंधानकर्ता थाना महम रोहतक**- 9991462012

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

अभियोग संख्या 206 दिनांक 18.05.24 धारा 346 IPC थाना महम जिला रोहतक



**गुमशुदा की पहचान**
**नाम** - आशा
**पिता/पति का नाम** - पुत्री रामेहर सिंह
**पता**- गांव फरमाणा खास महम जिला रोहतक।
**उम्र**- 29 वर्ष
**कद**- 05 फुट 04 ईच
**हुलिया**- रंग गोरा, लम्बूतरा चेहरा, हष्ट पुष्ट शरीर, काले बाल काली आंखे, 12वी पास
**पहनावा** - महरूम रंग का सूट सलवार व पैरों में चप्पल पहने हुए है।

दिनांक 18.05.24 को आशा पुत्री रामेहर सिंह निवासी फरमाणा खास जिला रोहतक थाना महम जिला रोहतक बिना किसी को बताए घर से चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है, जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

1. **प्रबन्धक थाना महम रोहतक** 7082999127
2. **पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक** 01262-247200, 9996464100
3. **अनुसंधानकर्ता थाना महम रोहतक**- 9991462012

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

अभियोग संख्या 323 दिनांक 18.05.24 धारा 346 IPC थाना शहर जिला रोहतक



**गुमशुदा की पहचान**
**नाम** - विश्वास
**पिता/पति का नाम** - पुत्र राजकुमार
**पता** - कुताना बस्ती जिला रोहतक।
**उम्र**- 20 वर्ष
**कद**- 05 फुट 07 ईच
**हुलिया**- रंग सांवला, लम्बा चेहरा, हष्ट पुष्ट शरीर, काले बाल काली आंखे।
**पहनावा**- सफेद रंग की टी-शर्ट, नीला पजामा व पैरो में चप्पल पहने हुए है।

दिनांक 18.05.24 को विश्वास पुत्र राजकुमार निवासी कुताना बस्ती जिला रोहतक थाना शहर रोहतक बिना किसी को बताए घर से चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है, जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

1. **प्रबन्धक थाना शहर रोहतक** 7082999115
2. **पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक** - 01262-247200, 9996464100
3. **अनुसंधानकर्ता थाना शहर रोहतक**- 99467204900

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

अभियोग संख्या 118 दिनांक 18.05.24 धारा 346 IPC थाना सिविल लाईन जिला रोहतक।



**गुमशुदा की पहचान**
**नाम** - किर्ती
**पिता/पति का नाम** - पुत्री मुकेश
**पता**- सिंहपुरा खुर्द हाल म.न. 74 ए विकास नगर जिला रोहतक।
**उम्र**- 25 वर्ष
**कद**- 05 फुट 04 ईच
**हुलिया**- रंग गोरा, लम्बुतरा चेहरा, हष्ट पुष्ट शरीर, काले बाल काली आंखे।
**पहनावा** - हरे रंग का सूट सलवार पहने हुऐ है।

दिनांक 18.05.2024 को किर्ती पुत्री मुकेश वासी गांव सिंहपुरा खुर्द हाल म.न. 74 ए विकास नगर जिला रोहतक थाना सिविल लाईन रोहतक बिना किसी को बताए घर से चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है, जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

1. **प्रबन्धक थाना सिविल लाईन रोहतक**- 7082999117
2. **पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक** - 01262-247200, 9996464100
3. **अनुसंधानकर्ता थाना सिविल लाईन रोहतक**- 94682-80660

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

अभियोग संख्या 84 दिनांक 19.05.24 धारा 346 IPC थाना बहुअकबरपुर जिला रोहतक ।



**गुमशुदा की पहचान**
**नाम** - विनय
**पिता/पति का नाम** - पुत्र राजबीर
**पता**- गांव बहुअकबरपुर जिला रोहतक।
**उम्र**- 31 वर्ष
**कद**- 06 फुट
**हुलिया**- रंग गेंहुआ, गोल चेहरा, हष्ट पुष्ट भारी शरीर, काले बाल काली आंखे।
**पहनावा** - काले रंग की टी शर्ट, ग्रे रंग की पजामी व पैरो में ग्रे रंग के जूते पहने हुऐ है।

दिनांक 19.05.2024 को विनय पुत्र राजबीर निवासी गांव बहुअकबरपुर जिला रोहतक थाना बहुअकबरपुर रोहतक बिना किसी को बताए घर से चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है, जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

1. **प्रबन्धक थाना बहुअकबरपुर रोहतक**- 7082999223
2. **पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक** - 01262-247200, 9996464100
3. **अनुसंधानकर्ता थाना बहुअकबरपुर रोहतक**- 9896798010

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

अभियोग संख्या 207 दिनांक 19.05.24 धारा 346 IPC थाना महम जिला रोहतक



**गुमशुदा की पहचान**
**नाम** - कशिश उर्फ मानसू
**पिता/पति का नाम**- पुत्री मुकेश
**पता**- गांव सिसर खास जिला रोहतक।
**उम्र**- 18 वर्ष
**कद**- 05 फुट
**हुलिया**- रंग गोरा, लम्बुतरा चेहरा, हष्ट पुष्ट पतला शरीर, काले बाल काली आंखे।
**पहनावा**- जामनी रंग का जम्फर व पजामी पहने हुऐ है।

दिनांक 19.05.2024 को कशिश उर्फ मानसू पुत्री मुकेश निवासी सिसर खास जिला रोहतक थाना महम रोहतक बिना किसी को बताए घर से चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है, जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

1. **प्रबन्धक थाना महम रोहतक** 7082999127
2. **पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक** - 01262-247200, 9996464100
3. **अनुसंधानकर्ता थाना महम रोहतक**- 9466076333

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

अभियोग संख्या 212 दिनांक 19.05.24 धारा 346 IPC थाना पुरानी सब्जी मण्डी जिला रोहतक।



**गुमशुदा की पहचान**
**नाम** - सक्षम
**पिता/पति का नाम**-पुत्र मनोज भाटिया
**पता**- 355/9 डैयरी मौहल्ला जिला रोहतक।
**उम्र**-19 वर्ष
**कद**-05 फुट 02 ईच
**हुलिया**- रंग सांवला, गोल चेहरा, हष्ट पुष्ट शरीर, काले बाल काली आंखे।
**पहनावा**-सफेद रंग की बनियान, व हरे रंग की कैफरी पहने हुऐ है।

दिनांक 19.05.2024 को सक्षम पुत्र मनोज भाटिया निवासी 355/9 डैयरी महौल्ला जिला रोहतक थाना पुरानी सब्जी मण्डी रोहतक बिना किसी को बताए घर से चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है, जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

1. **प्रबन्धक थाना पुरानी सब्जी मण्डी रोहतक**- 7082999116
2. **पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक** 01262-247200, 9996464100
3. **अनुसंधानकर्ता थाना पुरानी सब्जी मण्डी रोहतक**- 9416102095

पीआरडीएच-1084/11/2382/2025/26374/88/7 दि. 22.05.24



## डिहाइड्रेशन से बचाव के लिए पीते रहें पानी-लिक्विड डाइट



**डॉक्टर्स सजेशन**

डॉ. आर. पी. सिंह
सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

**मेरी उम्र 28 वर्ष है। पर्याप्त मात्रा में पानी पीने के बाद भी मेरा गला कुछ-कुछ देर बाद सूखता रहता है। ऐसा क्यों होता है? कृपया इसका उचित समाधान बताएं।**

**-आकाश, दिल्ली**

मौजूदा समय में तापमान इतना अधिक है कि पानी पीने के बाद भी लगातार लोगों का गला सूखता रहता है। इसलिए आप परेशान मत हों। कुछ-कुछ समय बाद पानी पीते रहें और बीच में छाछ या नीबू पानी का सेवन भी जरूर करें। ये सभी पेय गर्मी में होने वाले डिहाइड्रेशन से बचाव में मदद करते हैं।

**मेरी उम्र 37 वर्ष है। पिछले कुछ समय से मेरे बाल कुछ ज्यादा ही झड़ रहे हैं। इस समस्या से निजात पाने के लिए मुझे क्या करना चाहिए?**

**-जीवेश, रायपुर**

मौजूदा समय में इस तरह की समस्या काफी लोगों में देखी जा रही है। इसका एक बहुत बड़ा कारण प्रदूषित पानी का सेवन है, जिस वजह से बाल तेजी से झड़ रहे हैं। इसके लिए पहले आप त्वचा रोग विशेषज्ञ से संपर्क करें। साथ ही कोशिश करें कि दूषित पानी से बाल ना धोएं। इसके अलावा बाजार में मिलने वाले तरह-तरह के शैंपू का इस्तेमाल भी ना करें, डॉक्टर द्वारा बताए गए शैंपू ही इस्तेमाल करें। इससे आपको हेयर फालिंग की समस्या से थोड़ी राहत मिलेगी।

**मेरी उम्र 48 वर्ष है। पिछले कुछ महीनों से लगातार खांसी आ रही है। पहले मैं स्मोक करता था, लेकिन दो साल पहले छोड़ चुका हूं। प्लीज मेरी प्रॉब्लम का सॉल्यूशन बताएं।**

**-राजेंद्र, रोहतक**

सबसे पहले आप खट्टी चीजें खाना छोड़ दें। साथ ही फ्रिज में रखे बिल्कुल ठंडे फूड्स, डिशेज और ड्रिंक्स बिल्कुल ना पिएं। सुबह और शाम नियमित रूप में गुनगुने पानी से गरारा करें। एक बार डॉक्टर से संपर्क कर कफ सीरप लिखवा लें। अगर इन उपायों से भी आराम नहीं मिलता है, तो आपको डॉक्टर की सलाह से कुछ टेस्ट करवा लेने चाहिए। इससे खांसी का मूल कारण पता चलेगा और फिर उसका ट्रीटमेंट किया जा सकेगा।

**मेरी उम्र 59 वर्ष है। कुछ देर तक बैठने के बाद घुटनों और कमर में जकड़न महसूस होती है और चलने पर घुटनों से टक-टक की आवाज आती है। कृपया बताएं ऐसा क्यों हो रहा है?**

**-देवप्रकाश, भोपाल**

उम्र बढ़ने के साथ ही हड्डियों में इस तरह की समस्याएं होने लगती हैं। इसका सबसे बड़ा कारण होता है हड्डियों के बीच गैप का बढ़ जाना, जिसकी वजह से दर्द शुरू हो जाता है। इससे बचाव का स्थाई समाधान एक ही है कि आप नियमित रूप से एक्सरसाइज करें। इसके लिए चाहे तो एक बार फिजियोथेरेपिस्ट से संपर्क कर लें, वो आपको कुछ एक्सरसाइज बता देंगे। साथ में कैल्शियम, विटामिन B12, विटामिन डी की जांच कराते रहें और इनकी कमी होने पर डॉक्टर की सलाह पर नियमित रूप में दवा लेते रहें।

**मेरी उम्र 42 वर्ष है। पिछले कुछ महीनों से मुझे रात में ठीक से नींद नहीं आती है। जिसकी वजह से सुबह सिर में भारीपन रहता है। रात में अच्छी नींद के लिए मुझे क्या करना चाहिए?**

**-रजत, बिलासपुर**

आप इस बात पर गौर करें कि पिछले कुछ समय में आपके साथ ऐसा क्या हुआ है, जो आपके दिमाग में बार-बार घूमता है और जिस वजह से आपको नींद नहीं आ रही है? क्योंकि नींद ना आने का समाधान उस समस्या के ढूंढ़ने से होगा, जो आपको परेशान कर रही है। नींद की दवाइयां खाने से बचें, ये लंबे टाइम तक सेवन करने पर हार्मफुल होती हैं। इसलिए डॉक्टर से कंसल्ट कर लें। *

**प्रस्तुतिः रिचा पांडे**

**पाठक अपनी हेल्थ प्रॉब्लम्स से संबंधित सवाल sehatharibhoomi@gmail.com पर ई-मेल कर सकते हैं।**

---

**डॉक्टर्स एडवाइस**

डॉ. मोहसिन वली
सीनियर फिजीशियन
सर गंगा राम अस्पताल, दिल्ली

दिनों-दिन तापमान का बढ़ता पारा, चिलचिलाती धूप और गर्म हवाएं हमारे शरीर के लिए बहुत हानिकारक हैं। ऐसे में अगर हम जाने-अंजाने कुछ गलतियां करते हैं तो कई तरह की हेल्थ प्रॉब्लम्स का शिकार हो सकते हैं। इनसे बचाव के लिए जरूरी है कि हम ऐसी गलतियां ना करें और पर्याप्त सावधानी बरतते हुए खुद को स्वस्थ रखें।

## तपती गर्मी वाले इन दिनों में ना करें ऐसी गलतियां





इन दिनों देश के अधिकांश हिस्सों में भीषण गर्मी पड़ रही है। आने वाले दिनों में इसमें और इजाफा हो सकता है। एक स्टडी के मुताबिक गर्मियों में जाने-अनजाने की गई गलतियों का हेल्थ पर असर कभी-कभी लंबे समय बाद पता चलता है। लेकिन अगर इनके प्रति सजग रहें और इन गलतियों को ना करें तो निश्चय ही सेहतमंद रहा जा सकता हैं।

**भरपूर पानी का सेवन न करनाः** सबसे बड़ी गलती जो ज्यादातर लोग करते हैं कि वो अपनी बॉडी को हाइड्रेटेड नहीं रखते हैं। यानी कि गर्मियों में जितना पानी हमारे शरीर को चाहिए, वो उतना पानी नहीं पीते। चूंकि गर्मी में पसीना आने की वजह से हमारे शरीर का पानी सूखता जाता है। यहां तक कि गर्मी से राहत पहुंचाने में कारगर एसी की हवा भी हमारी त्वचा से मॉयश्चराइजर खींच लेती है। इसलिए डिहाइड्रेशन से बचने के लिए दिन में कम से कम 8-10 गिलास पानी या अन्य लिक्विड डाइट जरूर लेनी चाहिए। लेकिन कोल्ड ड्रिंक्स के नियमित सेवन से हमें कई तरह की दिक्कतें हो सकती हैं, इसलिए इनसे परहेज करना बेहतर है। इनमें आर्टिफिशियल शुगर बहुत ज्यादा होती है। इसलिए ज्यादा सेवन करने से शरीर में कैलोरी इनटेक बढ़ जाता है, जिससे वेट और ब्लड शुगर लेवल बढ़ने का खतरा बना रहता है। कोल्ड ड्रिंक्स में फास्फोरिक एसिड पाया जाता है, जो हमारी हड्डियों में कैल्शियम के अवशोषण की प्रक्रिया को धीमा करता है। यह एसिड हड्डियों को गलाकर कमजोर करता है। इसके साथ यह दांतों के इनेमल को भी नुकसान पहुंचाता है। कुछ कोल्ड ड्रिंक्स में कैफीन भी होता है, जिसका ज्यादा सेवन करने से स्लीप पैटर्न या सरकेडियम रिदम गड़बड़ा जाती है। हार्ट रेट बढ़ जाता है और हार्ट हेल्दी नहीं रह पाता। इससे गेस्ट्रो इंटेस्टाइनल सिस्टम भी गड़बड़ा जाता है। यह एसिडिटी का भी कारण बनता है। इसलिए कोल्ड ड्रिंक्स के बजाय गर्मियों में ऐसी चीजें खाना या पीना फायदेमंद है, जिनकी तासीर ठंडी होती है। गोंद कतीरा, सब्जा के बीज, नीबू पानी, छाछ, लस्सी, बेल का शर्बत, गन्ने का रस जैसे देसी पेय और तरबूज, खरबूजा, खीरा जैसी चीजें जिनकी तासीर ठंडी होती है। इनमें पानी की मात्रा काफी अधिक होती है और ठंडी तासीर ठंडक प्रदान करती है। इनमें मौजूद पोषक तत्व हमारे स्वास्थ्य के लिए लाभकारी होते हैं।



**प्लास्टिक बोतल वाला मिनरल वॉटर पीनाः** बाजार में अकसर लोकल प्लास्टिक बोतलों में पानी मिलता है। मिनरल वॉटर के नाम पर मिलने वाला पानी भी कई बार सही नहीं होता। एक रिसर्च से साबित हुआ है कि दुकानों के बाहर कैरेट्स में रखी पानी की ये बोतलें तेज धूप में पड़ी रहती हैं। तेज धूप की यूएवी किरणों के संपर्क में आने पर इन बोतलों में मौजूद माइक्रो प्लास्टिक धीरे-धीरे पिघल कर पानी में मिल जाता है। ऐसा पानी ज्यादा पीने से लंबे समय में कैंसर का अंदेशा रहता है। इसलिए जरूरी है कि प्लास्टिक की बोतल में मिलने वाले पानी या अन्य ड्रिंक्स को अवॉयड करें। बाहर जाते हुए अपने साथ स्टील या कांच की बोतल लेना उपयुक्त है। इसमें भी फ्रिज के चिल्ड पानी के बजाय कम ठंडा पानी लेकर जाएं। मटके या घड़े का पानी सबसे बेहतर है। मिट्टी के घड़े का पानी ठंडा होने के साथ ही एल्कलाइन पीएच गुणों से युक्त होता है, जो स्वास्थ्यवर्द्धक होता है। वैज्ञानिक मानते हैं कि फ्रिज का पानी शरीर के लिए एक शॉक की तरह होता है। हमारे पाचन तंत्र के लिए नुकसानदायक होता है। ठंडा पानी फैट को जमाना शुरू कर देता है और रक्त धमनियों को संकुचित करने लगता है, जिसका असर शरीर को प्रभावित करता है। मांसपेशियों में अकड़न, जोड़ों में दर्द की भी शिकायत रहती है।

**मिनरल्स की पूर्ति ना करनाः** अगर गर्मियों में पसीना ज्यादा आता है तो इलेक्ट्रोलाइट्स या ओआरएस लेने को अपनी दिनचर्या का हिस्सा जरूर बना लेना चाहिए। क्योंकि पसीने के माध्यम से शरीर से पोटेशियम, आयरन जैसे माइक्रो न्यूट्रिएंट्स निकल जाते हैं, जिसका असर शरीर पर पड़ता है। शरीर में इलेक्ट्रोलाइट्स का संतुलन बनाए रखने के लिए ज्यादा नहीं तो दिन में एक छोटा चम्मच ओआरएस पानी में मिलाकर जरूर लेना चाहिए।

**सन एक्सपोजर से बचाव ना करनाः** कई लोग जाने-अनजाने सनलाइट के एक्सपोजर में रहते हैं। सन एक्सपोजर होने पर चक्कर आना, बहुत गर्मी लगना, सिर दर्द होना, नकसीर आना जैसी समस्याएं होने लगती हैं। इन दिनों सुबह 10 से शाम 4 बजे की धूप नुकसानदायक होती है। सनबर्न, हीट स्ट्रोक का खतरा रहता है। कोशिश करें कि इस समय बाहर न जाएं, संभव न हो तो हाइड्रेटेड रहें और स्कार्फ, दुपट्टा, टोपी या फिर छतरी से अपने सिर को जरूर कवर करके बाहर जाएं। संभव हो तो निकलने से पहले बड़ा रूमाल ठंडे पानी से गीला कर लें। धूप में ठंडे रूमाल से अपना चेहरा थोड़ी-थोड़ी देर में पोंछते रहें या अपने सिर या गर्दन पर रख लें। इससे हीट का नेगेटिव इफेक्ट कम होगा।



**एसी में ज्यादा रहनाः** हालांकि एसी यानी एयर कंडीशनर की ठंडी हवा गर्मी से राहत दिलाने में कारगर है। लेकिन इससे शरीर पर कई नेगेटिव इफेक्ट भी पड़ते हैं, जिन पर ध्यान देना जरूरी है। एसी कमरे के वातावरण से और हमारे शरीर से मॉयश्चर को निकाल देता है। इससे बचने के लिए ह्यूमिडिफायर का इस्तेमाल जरूर करें। या फिर कमरे में छोटी बाल्टी या बर्तन में पानी भर कर जरूर रखें। शरीर को मॉयश्चराइज करने के लिए थोड़ी-थोड़ी देर में पानी पीते रहें। आंखों में होने वाली इरिटेशन को कम करने के लिए आइज मास्क लगाएं या खीरे-आलू के स्लाइस रखें या फिर रूमाल को ठंडे पानी में भिगोकर कुछ देर आंखों पर रखें।

इसके अलावा एसी का टेंपरेचर बहुत लो न रखें। जब इतने लो टेंपरेचर से आप बाहर के हाई टेंपरेचर में जाते हैं, तो हीट स्ट्रोक की संभावना 76 प्रतिशत तक बढ़ जाती है। कोशिश करें कि एसी का टेंपरेचर 23-24 डिग्री तक रखें। यही नहीं एसी के फिल्टर्स को समय-समय पर साफ नहीं करने की वजह से कई लोगों को रेस्पिरेटरी समस्याएं हो सकती हैं।

**कपड़ों का ध्यान न रखनाः** गर्मियों में टाइट कपड़े पहनने से हमारी स्किन का ब्रीदिंग प्रोसेस धीमा हो जाता है। डार्क कलर की ड्रेसेस ज्यादा हीट एब्जॉर्ब करती हैं और स्किन ठीक तरह ब्रीद नहीं कर पाती, जिससे ज्यादा गर्मी लगती है। पसीना ज्यादा आना या घमौरियां, रैशेज जैसी त्वचा संबंधी समस्याएं होने लगती हैं। कोशिश करें कि कॉटन फैब्रिक के लाइट कलर ड्रेसेस ही पहनें। *

**प्रस्तुतिःरजनी अरोड़ा**

### खान-पान पर ध्यान देना है जरूरी



**गर्मियों में** हैवी मील लेने से परहेज करें। इसके बजाय छोटे मील लीजिए। जापानी लोगों के हिसाब से जितना भोजन करना उनके लिए जरूरी है, वो उसका एक-तिहाई हिस्सा ही खाते हैं। उनका मानना है कि वास्तव में एक-तिहाई खाने से ही हमारा पेट भर जाता है। लंच से आधा घंटा पहले सलाद जरूर खाना चाहिए। इसमें मौजूद फाइबर पेट संबंधी समस्याओं से बचाने में मददगार होता है। शरीर को डिहाइड्रेशन से बचाने के लिए दिन में तरबूज, खरबूजा, खीरा जैसे फल जरूर खाएं।

---

**सीजनल डाइट**

रेखा देशराज

वैसे तो गर्मी के दुष्प्रभावों से बचाने के लिए कई खाद्य और पेय पदार्थ उपयोगी हैं। लेकिन इनमें भी खासतौर पर बेल का शर्बत पीने से आपको तमाम लाभ प्राप्त हो सकते हैं। इसके गुणों के बारे में जानिए।

## गर्मी का अमृत बेल का शर्बत

तपती गर्मी के मौसम में हाइड्रेटेड रहने के लिए हम सब अपने बड़े-बूढ़ों से जिन कुछ खास शर्बतों के बारे में बार-बार सुनते हैं, उनमें बेल का शर्बत सबसे प्रमुख है। बेल की तासीर ठंडी होती है, इसलिए यह ना केवल लू यानी हीट स्ट्रोक के खतरे से हमें बचाता है बल्कि इसमें बहुत सारे न्यूट्रिएंट्स भी पाए जाते हैं। इन तमाम खूबियों की वजह से बेल को गर्मी के लिए अत्यंत उपयोगी, अमृत तुल्य माना जाता है।

**पोषक तत्वों से भरपूरः** बेल में विटामिन सी, प्रोटीन, कैल्शियम, आयरन, टैनिन, एंटीऑक्सीडेंट्स जैसे पोषक तत्वों के साथ इसमें खासतौर पर फाइबर और फास्फोरस की भरमार होती है। यह हमारे शरीर को गर्मी से तो बचाता ही है, पानी की किसी भी तरह की कमी से भी बचाव करता है। बेल का शर्बत गर्मियों में हमें अच्छी तरह से हाइड्रेट रखता है। इसे पीने से फायदा यह होता है कि लू लगने की आशंका बहुत कम हो जाती है और इन दिनों जिस तरह से जरा सी लापरवाही से शरीर में पानी की कमी हो जाती है, उस मामले में भी हम बेफिक्र रह सकते हैं। इसमें मौजूद फ्लेवोनोइड्स और कैमारिन जैसे पोषक तत्व शरीर के दर्द और सूजन को कम करते हैं। बेल के शर्बत के ये तमाम फायदे सबसे ज्यादा तब हासिल होते हैं, जब हम सुबह खाली पेट बेल का शर्बत पीएं।



**बढ़ती है इम्यूनिटीः** बेल का शर्बत हमारी रोग प्रतिरोधक क्षमता यानी इम्यूनिटी को बढ़ाता है। यह हमारे शरीर का खून साफ करता है। पेट दर्द, गैस, कब्ज, दस्त और डायरिया जैसी मौसमी बीमारियों से हमें बचाता है। इसके पीने से ब्लड शुगर कम होता है और ब्लड सर्कुलेशन बढ़ता है। इससे शरीर को ऊर्जा मिलती है और कई तरह की खतरनाक बीमारियों से भी हमारा बचाव होता है। मसलन, यह हमें ब्रेस्ट कैंसर और हार्ट अटैक जैसी गंभीर बीमारियों से भी बचाता है। बेल का शर्बत नियमित रूप से पीने से हम कई तरह की त्वचा संबंधी बीमारियों से भी बचे रहते हैं और ज्यादा गर्मी के दिनों में आमतौर पर होने वाले डिहाइड्रेशन से तो बचाव में यह रामबाण है ही।

**शुगर लेवल करे कंट्रोलः** हालांकि बेल का शर्बत मीठा होता है, लेकिन यह डायबिटीज के रोगियों के लिए बेहद गुणकारी है। इसके पीने से शुगर बढ़ने की किसी भी तरह की आशंका के विपरीत यह शुगर नियंत्रित रखता है। लेकिन अगर आपको डायबिटीज है तो बेल का शर्बत पीने से पहले अपने डॉक्टर से एक बार कंसल्ट जरूर कर लें।

**कुछ अन्य फायदेः** रोज सुबह बेल का शर्बत पीने से एक नहीं अनेक फायदे होते हैं।

- सुबह खाली पेट बेल का शर्बत पीने से पाचन से जुड़ी कई तरह की समस्याएं नियंत्रित रहती हैं। इसे पीने से एसिडिटी और अपच से छुटकारा मिलता है।
- नियमित रूप से गर्मी के मौसम में बेल का शर्बत पीने से गैस्ट्रिक अल्सर के लक्षणों को कम करने में मदद मिलती है।
- बेल के शर्बत में एंटीऑक्सीडेंट्स और विटामिन-सी की मात्रा खूब ज्यादा होती है, इसलिए जब हम इसे सुबह खाली पेट पीते हैं तो हमें दोपहर तक भरपूर एनर्जी मिलती है।
- बॉडी को जिन कुछ पेय पदार्थों से डिटॉक्स किया जाता है, उनमें बेल का शर्बत भी एक है। *

### रखें ध्यान



**किसी अच्छी** चीज की भी अति खराब होती है। इसलिए जरूरत से ज्यादा बेल का शर्बत पीने से कई पेट संबंधी समस्याएं हो सकती हैं। मसलन अपच, पेचिस और कब्ज जैसी समस्याएं, हमें परेशान कर सकती हैं। इसलिए इसका कब कितना सेवन करना आपके लिए उपयोगी होगा, इस बारे में अपने डॉक्टर या आयुर्वेदिक विशेषज्ञ से सलाह अवश्य कर लें।

---

**न्यू स्टडी**

## प्रोसेस्ड फूड से लंग्स डिजीज का भी रिस्क



हेल्दी बॉडी के लिए फेफड़ों (लंग्स) का हेल्दी रहना भी बहुत जरूरी है। इसके लिए स्वच्छ हवा के साथ-साथ भोजन का भी सीधा संबंध है। हाल ही में हुए एक अध्ययन में पाया गया है कि प्रोसेस्ड फूड्स अधिक खाने से क्रॉनिक रेस्पिरेटरी डिजीज यानी सीआरडी से होने वाली मौतों का खतरा काफी अधिक बढ़ सकता है। यूरोपियन जर्नल ऑफ न्यूट्रिशन में प्रकाशित एक अध्ययन के अनुसार, प्रोसेस्ड फूड्स में न्यूट्रिएंट्स की मात्रा काफी कम होती है। दरअसल, प्रोसेसिंग के कारण इन फूड्स में मौजूद पोषक तत्व नष्ट हो जाते हैं। यही नहीं इनमें जरूरी एंटी ऑक्सीडेंट्स भी नहीं पाए जाते हैं। इस बारे में किए गए अध्ययन में पाया गया कि जिन लोगों की रूटीन डाइट में 40 प्रतिशत से ज्यादा मात्रा में प्रोसेस्ड फूड शामिल थे, उनमें क्रॉनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज यानी सीओपीडी से होने वाली डेथ का खतरा 26 प्रतिशत ज्यादा था। रिसर्चर्स ने यह भी पाया कि प्रोसेस्ड फूड के सेवन से फेफड़ों से जुड़ी अन्य बीमारियों जैसे लंग्स कैंसर, क्रॉनिक ब्रोंकाइटिस और अस्थमा का रिस्क भी दस प्रतिशत तक बढ़ जाता है। वर्ष 1999 से 2018 के बीच अमेरिका में 96 हजार से अधिक लोगों के डाइट संबंधी आंकड़ों से उक्त निष्कर्ष निकाले गए हैं। *

**-अजेश कुमार**






### उज्जैन सिंहस्थ को लेकर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अधिकारियों को दिए निर्देश

# उज्जैन की जरूरतों और विकास के अनुसार होंगे सिंहस्थ संबंधी काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सिंहस्थ-2028 की तैयारी के संबंध में मंत्रालय में अधिकारियों से चर्चा की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि उज्जैन नगर की जरूरतों और विकास को ध्यान में रखते हुए सिंहस्थ पर केंद्रित कार्यों का क्रियान्वयन किया जाए। उन्होंने कहा कि क्षिप्रा नदी को प्रदूषण मुक्त करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है, क्षिप्रा के संरक्षण और जन सुविधा का ध्यान रखते हुए नदी के घाटों को विकसित किया जाए।

सिंहस्थ के आयोजन, अनुवीक्षण और समन्वय के लिए मुख्यमंत्री डॉ. यादव की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल समिति बनाने का निर्णय लिया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान वित्तीय वर्ष के बजट में 3 वर्ष में पूर्ण होने वाले कार्यों को शामिल किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सिंहस्थ में आवागमन की दृष्टि से महत्वपूर्ण जावरा-उज्जैन, इंदौर-उज्जैन फोरलेन, उज्जैन रेलवे स्टेशन की क्षमता वृद्धि तथा उज्जैन के आस-पास फ्लैग स्टेशन विकसित करने जैसे बड़े कार्यों को तत्काल शुरू करने के निर्देश दिए। अनौपचारिक चर्चा में मुख्य सचिव वीरा राणा सहित अपर मुख्य सचिव मोहम्मद सुलेमान, डॉ. राजेश राजौरा, प्रमुख सचिव नीरज मंडलोई, संजय दुबे, मनीष सिंह, राघवेन्द्र सिंह, संदीप यादव तथा अन्य अधिकारी चर्चा में शामिल हुए।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सिंहस्थ-2028 पर अधिकारियों से की चर्चा

### क्षिप्रा नदी को प्रदूषण मुक्त करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है



#### सभी विभाग और एजेंसी तीन स्तर पर कार्य करेंगे

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि क्षिप्रा को अविरल और निर्मल रखने के लिए सभी विभाग और एजेंसी तीन स्तर पर कार्य करेंगी। इंदौर-उज्जैन के बीच स्टॉपडैम मरम्मत व निर्माण, गंदे पानी के डायवर्जन की योजना का क्रियान्वयन किया जाएगा। इसके लिए आईआईटी से सुझाव और विकल्प भी प्राप्त किए जाएंगे। क्षिप्रा नदी के बेहतर स्वरूप के लिए नमामि क्षिप्रा कार्यक्रम शुरू किया जाएगा। क्षिप्रा नदी पर सम्पूर्ण शहरी क्षेत्र में नवीन घाटों का निर्माण किया जाएगा। इंदौर, सांवेर, देवास व उज्जैन के नगरीय क्षेत्रों में वर्ष 2040 की जनसंख्या को दृष्टिगत रखते हुए जल-मल योजनाएं और सीवेज ट्रीटमेंट प्लान वर्ष 2027 से पहले पूर्ण कर लिए जाएंगे। कान्ह नदी सहित क्षिप्रा नदी में मिलने वाले सभी नदी-नालों का दिसम्बर 2027 तक ट्रीटमेंट सुनिश्चित किया जाएगा।

#### अधिकारियों का दल प्रयागराज और हरिद्वार कुंभ का अध्ययन भी करेगा

सिंहस्थ-2028 को ध्यान में रखते हुए उज्जैन के साथ सम्पूर्ण मालवा और निमाड़ के जिलों में भी विकास कार्य होंगे। इन जिलों के अधोसंरचनात्मक कार्यों के प्रस्तावों का समय-सीमा में क्रियान्वयन किया जाएगा। सिंहस्थ के बेहतर प्रबंधन और समन्वय के लिए विभागीय अधिकारियों का दल प्रयागराज और हरिद्वार कुंभ का अध्ययन भी करेगा।

#### स्प्रिच्युअल सिटी में धार्मिक दृष्टि से उज्जैन का महत्व

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अधिकारियों के साथ चर्चा में कहा कि उज्जैन में विकसित होने वाली स्प्रिच्युअल सिटी के लिए महाकाल-महालोक के प्रथम व द्वितीय चरण, उज्जैन विकास प्राधिकरण तथा गृह निर्माण मंडल की योजनाओं को सम्मिलित करते हुए कार्ययोजना बनाएं। इस बात का विशेष ध्यान रखें कि स्प्रिच्युअल सिटी में धार्मिक दृष्टि से उज्जैन के महत्व व पहचान, मालवा की संस्कृति, परंपरा, रहन सहन आदि को पर्याप्त अभिव्यक्ति का अवसर मिले।

## सिंहस्थ की तैयारियों को लेकर मुख्यमंत्री ने किया करीब तीन घंटे तक मंथन, अलग-अलग टीमें बनी, सभी को काम भी सौंपा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सिंहस्थ 2028 की तैयारियों को लेकर अधिकारियों से मंगलवार को विस्तृत चर्चा की है। यह चर्चा करीब तीन घंटे तक दोपहर एक बजे से लेकर करीब 4 बजे तक चलती रही। मुख्यमंत्री दोपहर करीब एक बजे मंत्रालय पहुंचे थे। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों मुख्य सचिव, अपर मुख्य सचिवों व प्रमुख सचिवों को बुलाया और विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। राज्य सरकार ने सिंहस्थ 2028 की तैयारियों को लेकर 30 सदस्यीय प्रोजेक्ट मानिटरिंग यूनिट का गठन किया है। इसमें सभी वरिष्ठ अधिकारियों को शामिल किया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की चर्चा में भी यह जानकारी अधिकारियों को दी गई। यह यूनिट कार्य योजना तैयार करने, विभिन्न विभागों के साथ समन्वय स्थापित करने, निविदा प्रबंधन, कार्यों के निष्पादन में सहयोग करने तथा कार्यों का पर्यवेक्षण का काम भी करेंगे। सिंहस्थ के लिए निविदा आमंत्रण से लेकर प्री विड की प्रक्रिया लगभग पूरी हो गई है। 12 जून को निविदा खोली जाएगी। इसके बाद एल-1 आने वाले ठेकेदारों के पक्ष में आदेश पारित किया जाएगा। इसकी तैयारी लगभग पूरी हो गई है।

**निविदा आमंत्रण से लेकर प्री विड की प्रक्रिया लगभग पूरी हो गई**

#### प्रयागराज कुंभ का अवलोकन करने तीन भ्रमण दल में ये होंगे शामिल

सिंहस्थ 2028 की तैयारियों को लेकर सरकार ने वरिष्ठ अधिकारियों की तीन टीमें बनाई हैं। यह टीम अलग अलग समयावधि में प्रयागराज पहुंचकर कुंभ का अवलोकन करेंगी कि किस तरह से प्रयागराज कुंभ सफल किया गया है। इसके लिए पहली टीम 28 से 31 मई तक के बीच में अवलोकन करेगी। इसमें नगरीय विकास एवं आवास विभाग, जल संसाधन विभाग, गृह विभाग, लोक निर्माण विभाग, संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास के तहत गठित सिंहस्थ सेल के चार अधिकारी शामिल हैं। यह सभी 27 मई को ही प्रयागराज रवाना हो जाएंगे।

दूसरी टीम 4 जून से 7 जून तक अवलोकन के लिए जाएगी। इसमें लोक स्वास्थ्य एवं यांत्रिकी, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, आयुष, धर्मस्व विभाग तथा सिंहस्थ सेल के 4 अधिकारी प्रयागराज रवाना होंगे।

तीसरी टीम 11 से 14 जून के बीच में अवलोकन के लिए रवाना होगी। पर्यटन, संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग, राजस्व एवं ऊर्जा विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, वन विभाग तथा पशुपालन विभाग के अधिकारी प्रयागराज जाएंगे। यह तीनों टीमें अवलोकन के बाद रिपोर्ट तैयार कर उसका क्रियान्वयन करेंगी।



**राहुल को सौंपा नहीं, थोपा गया है**

# केजरीवाल को 2 जून की रोटी जेल में ही नसीब होगी: शिवराज

### पूर्व मुख्यमंत्री ने उत्तर-पश्चिम दिल्ली दक्षिण दिल्ली में की जनसभाएं



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को दिल्ली की दो लोकसभा सीटों दक्षिण दिल्ली, उत्तर-पश्चिम दिल्ली में चुनाव प्रचार किया। पूर्व मुख्यमंत्री चौहान ने इस दौरान कांग्रेस, आम आदमी पार्टी और इंडी गठबंधन पर निशाना साधते हुए कहा कि इनके नेता भ्रष्टाचार में डूबे हुए हैं। काली कमाई के अंबार से अपने घर भर रखे हैं।

कांग्रेस की सरकार में कितने भी घोटाले कर लो कोई कार्रवाई नहीं होती थी, लेकिन 2014 के बाद मोदी ने कह दिया न खाऊंगा ना खाने दूंगा। इसलिए सारे भ्रष्टाचारियों ने गठबंधन बना लिया है। ये कोई विचारों का गठबंधन नहीं बल्कि मजबूरी का गठबंधन है। पूर्व सीएम ने कहा कि जितने भी भ्रष्टाचारी हैं उन्हें जेल नहीं भेजें तो क्या भारत रत्न दें। केजरीवाल 1 जून तक बेल पर है, भ्रष्टाचार के आरोप लगे हुए हैं, यह निश्चित है उन्हें 2 जून की रोटी जेल में ही नसीब होगी। उन्होंने कहा कि मैडम सोनिया गांधी कह रही हैं कि मैंने राहुल को आपको सौंप दिया है, राहुल गांधी कोई दो-तीन साल के बच्चे हैं जो आप सौंप कर जा रही हैं। 55 साल के हो गए हैं राहुल बाबा, किसको सौंप रहे हो और राहुल को सौंपा नहीं थोपा है।

#### घोटालों की चाबी पीए बिभव के पास है

चौहान ने कहा कि, केजरीवाल ने कितनों को ठगा, अन्ना हजारे, कुमार विश्वास, शाजिया इल्मी, आशुतोष इतने लोगों को ठिकाने लगाना ये केवल संयोग नहीं है। अब अपने पीए के लिए लड़ रहे हैं। पूर्व सीएम ने केजरीवाल पर तंज कसते हुए कहा, क्या घोटाले की चाबी बिभव के पास है।

#### धर्म की रक्षा के लिए प्रभु ने मोदी को भेजा

पूर्व सीएम चौहान ने कहा कि भगवान श्री कृष्ण ने कहा कि जब-जब धर्म की हानि होगी, अधर्म बढ़ेगा पाप, अन्याय, अत्याचार, अनाचार बढ़ेगा तब-तब धर्म की रक्षा के लिए अधर्म के नाश के लिए सज्जनों के उद्धार के लिए और दुष्टों के संहार के लिए मैं बार-बार इस धरती पर आऊंगा।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-टेंडरिंग निविदा सूचना सं. 32/2024**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए मण्डल रेल प्रबन्धक (इंजी.), पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाइन (ई-टेंडरिंग) के माध्यम से "**खुली**" निविदा आमंत्रित करते हैं :

**क्र. सं. : 1, कार्य का विवरण :** रामनगर में 06 मी. चौड़े एफ.ओ.बी. का निर्माण, बाजपुर में 3 मी. चौड़े एफ.ओ.बी. का निर्माण एवं टनकपुर में एफ.ओ.बी. का विस्तार, **अनुमानित लागत :** रु. 8,72,28,299.54, **बयाना राशि :** रु. 5,86,200/-, **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** शून्य, **स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि :** 15 माह। **क्र. सं. : 2, कार्य का विवरण :** जू.इन्जी./कार्य/नैनीताल के अधिकार क्षेत्र के अन्तर्गत हॉलीडे होम/एन.एन.टी. (नैनीताल) एवं आर.के.टी.(रानीखेत) में जोन सं. 27 पर 30.06.2025 को समाप्त होने वाली अवधि के लिए जोन कार्य करना, **अनुमानित लागत :** रु. 82,90,336.23, **बयाना राशि :** रु. 1,65,800/-, **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** शून्य, **स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि :** 30.06.2025 तक। **क्र. सं. : 3, कार्य का विवरण :** 1. काठगोदाम स्टेशन पर पुरानी सिक लाइन का सुधार एवं रखरखाव। 2. लालकुआँ स्टेशन पर मैकेनाइज्ड लाउन्ड्री का विस्तार, **अनुमानित लागत :** रु. 67,31,780.11, **बयाना राशि :** रु. 1,34,600/-, **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** शून्य, **स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि :** 06 माह। **क्र. सं. : 4, कार्य का विवरण :** समइं/काशीपुर के अनुभाग के अन्तर्गत लालकुआँ, हल्द्वानी, काठगोदाम एवं गूलरभोज में 8.934 TKM की लूप लाइनों और चमरूआ, बिलासपुर, रुद्रपुर एवं हल्द्वीरोड में 6.848 TKM की लूप लाइनों पर स्लीपर घनत्व बढ़ाना, **अनुमानित लागत :** रु. 2,18,87,286.04, **बयाना राशि :** रु. 2,59,400/-, **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** शून्य, **स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि :** 09 माह। **क्र. सं. : 5, कार्य का विवरण :** समइं/पीलीभीत के अन्तर्गत पीलीभीत–शाहजहाँपुर सेक्शन में निगोही–शाहबाजनगर स्टेशनों के मध्य किमी. 60/3-4 पर पुल सं. 80 पर (1x3.66मी.) अतिरिक्त एक स्पैन का प्रावधान, **अनुमानित लागत :** रु. 95,08,522.47, **बयाना राशि :** रु. 1,90,200/-, **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** शून्य, **स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि :** 06 माह। **क्र. सं. : 6, कार्य का विवरण :** इज्जतनगर डिवीजन के लालकुआँ–काशीपुर अनुभाग में गुलरभोज–बाजपुर स्टेशन के मध्य समइं/काशीपुर के अंतर्गत ब्रिज सं. 46(7x12.2मी. पीएससी स्लैब) का पुनर्निर्माण कार्य, **अनुमानित लागत :** रु. 11,59,83,340.44, **बयाना राशि:** रु. 7,29,900/-, **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** शून्य, **स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि :** 18 माह।

**1.** ई-निविदा दिनांक 14.06.2024 को 15.00 बजे तक आनलाइन जमा कर सकेंगे। **2.** ई-निविदा की प्रस्तुति हेतु पूर्ण विवरण भारतीय रेलवे के IREPS वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

**मण्डल रेल प्रबन्धक (इंजी.)**
**मुजाधि/डब्ल्यू-81** **इज्जतनगर**

ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें

# एम्सः हॉस्टल में मेडिकल स्टूडेंट ने की खुदकुशी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रायपुर के एआईआईएमएस में एमबीबीएस पीजी इंटर्न कर रहे छात्र ने खुदकुशी कर ली। मृतक ओड़िशा के भुवनेश्वर का रहने वाला था। रायपुर में हॉस्टल में रहकर पढाई कर रहा था। मिली जानकारी के अनुसार, छात्र इंटर्नशिप में फेल हो गया था। मामले की जांच में पुलिस जुट गई है। जानकारी के अनुसार, इंटर्नशिप के रिजल्ट आने के बाद से छात्र डिप्रेशन में था। पुलिस के प्रथम दृष्टया से मृतक रंजीत ने कलाई में कोई मेडिसिन इंजेक्ट करके सुसाइड किया है। जब सुबह पड़ोस में रह रहे दूसरे छात्र ने उसे आवाज दी तो अंदर से कोई जवाब नहीं आया। साथ ही रूम का दरवाजा खुला हुआ था। दूसरे छात्र ने जब मृतक के रूम के अंदर जाकर देखा, तो युवक बेसुध होकर बेड में पड़ा हुआ था। उसे आवाज लगाई जब कुछ हलचल नहीं हुई, तो उसने होस्टल प्रबंधन को सूचना दी। प्रबंधन मौके पर पहुंचा। इस दौरान जाकर देखने में युवक मृत अवस्था में पड़ा हुआ था, जिसके बाद पुलिस को घटना की जानकारी दी गई। मामले में आमानाका थाना प्रभारी ने बताया कि जांच जारी है। शव को पीएम के लिए भेज दिया गया है। अब पीएम रिपोर्ट आने के बाद मौत का वजह सामने आएगा। पुलिस के अनुसार, ओड़िशा के भुवनेश्वर के रहने वाले एमबीबीएस पीजी इंटर्न कर रहे छात्र ने रायपुर के एआईआईएमएस में खुदकुशी कर जीवन समाप्त कर लिया। वह हॉस्टल में रहकर पढाई कर रहा था। छात्र इंटर्नशिप में फेल हो गया था। बताया जा रहा है कि यही कारण है कि उसने आत्महत्या की है।

## सीएम डॉ. यादव ने कहा-आम लोगों को पेयजल की कोई दिक्कत न हो

### पेयजल प्रबंध और गेहूं उपार्जन के संबंध में की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मप्र में ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में पेयजल प्रबंध के संबंध में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंत्रालय में वरिष्ठ अधिकारियों से चर्चा की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पेयजल से जुड़ी लोगों की कठिनाइयों को दूर करने के लिए शिकायत निवारण प्रकोष्ठ के माध्यम से तुरंत निराकरण किया जाए। जिन क्षेत्रों में हैंडपंपों के सुधार की आवश्यकता है, वहां प्राथमिकता से सुधार कार्य करवाए जाएं। पारंपरिक जल स्त्रोतों का भी समुचित उपयोग किया जाए। अभियान संचालित कर पेयजल स्त्रोतों को उपयोगी बनाने पर ध्यान दिया जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि लोक स्वास्थ यांत्रिकी विभाग और नगरीय विकास एवं आवास विभाग आमजन के लिए पर्याप्त पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करें। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी एवं नगरीय विकास एवं आवास विभागों के अधिकारियों ने ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में किए गए पेयजल प्रबंध की जानकारी दी। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारियों ने बताया कि मनरेगा और वाटरशेड के कार्य से जल स्त्रोतों के री-स्ट्रक्चर पर ध्यान दिया जा रहा है। इसके साथ ही लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग आगामी वर्षा काल के लिए भी योजना तैयार कर चुका है, जिससे लोगों को शुद्ध पेयजल मिले और जल जनित रोगों की रोकथाम हो सके। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने कहा कि शासकीय विभाग परस्पर समन्वय से नगरीय और ग्रामीण क्षेत्रों में आम जनता के हित में सभी जरूरी कार्य पूर्ण करें। इस अवसर पर जानकारी दी गई की प्रदेश के 400 से अधिक नगरीय निकायों में सुचारू जलापूर्ति का कार्य किया जा रहा है।

**आग की जद में 50 एकड़ क्षेत्र**

## नंदिनी एरोड्रम के अंदर झाड़ियों में लगी भीषण आग, हड़कंप मचा

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग



दुर्ग के नंदिनी थाना क्षेत्र में बंद पड़े नंदिनी एरोड्रम के अंदर फैली झाड़ियों में भीषण आग लग गई। देखते ही देखते पूरे 50 एकड़ को आग ने घेरे में ले लिया। फायर ब्रिगेड की 6 गाड़ियों की मदद से आग पर काबू पा लिया गया है। वहीं नंदिनी थाना पुलिस ने मामले में अपनी जांच की शुरू कर दी है।

भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा संचालित नंदिनी एयरपोर्ट में विकराल रूप से आग लगने से आसपास के गांव में हड़कंप मच गया। दरअसल एरोड्रम के भीतर काफी सालों से बड़ी हो चुकी घास की सफाई नहीं हुई है और गर्मी के समय सूखी पड़ी झाड़ियों में जब आग भड़की तब घंटो तक ये ही नजारा चारो तरफ दिखाई दे रहा था। आग की सूचना मिलने पर सीआईएसएफ और पुलिस के अधिकारी मौके पर पहुंचे, साथ ही फायर ब्रिगेड को इसकी सूचना दी गई। सूचना पर फायर ब्रिगेड की टीम ने लभभग 2 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। नंदिनी थाना प्रभारी राजेश साहू ने बताया कि आग की सूचना पर मौके पर पहुंचे और फायर ब्रिगेड को इसकी जानकारी दी गई है। नंदिनी एरोड्रम के अंदर आग लगाने का कारण अज्ञात है। पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच करेगी।

## सरकारी जमीन पर चला प्रशासन का बुल्डोजर दलालों ने कर रखा था कब्जा

**कोरबा।** कलेक्टर के निर्देश पर शहर की बेशकीमती सरकारी जमीनों पर हुए अवैध निर्माण को तोड़ने का दौर शुरु कर दिया गया है। इसी कड़ी में निगम का तोडूदस्ता वार्ड नंबर 31 दादरखुर्द मैगजीन भांठा में पहुंचा, जहां करीब पौन एकड़ में बने चार घरों को जेसीबी के सहारे तोड़ दिया गया। जिला प्रशासन को मिली शिकायत के बाद कलेक्टर ने पिछले दिनों अतिक्रमण को हटाने के निर्देश दिए थे, जिसके बाद निगम के अमले ने यह कार्रवाई की।

इससे पहले भी निगम की टीम ने इसी क्षेत्र में तीन अवैध निर्माण को तोड़ने की कार्रवाई की थी। निगम के अधिकारियों ने बताया कि बेजा कब्जाधारियों को अतिक्रमण हटाने का नोटिस दिया था, लेकिन उनके द्वारा ध्यान नहीं दिया गया, जिसके बाद यह कार्रवाई की गई। नगर निगम तोड़ दस्ता प्रभारी योगेश राठौर नें बताया कि उच्च अधिकारियों के निर्देश पर दादर स्थित मैगजीन भाटा में सरकारी जमीन पर कुछ लोगों ने अवैध कब्जा कर रखा था जहां बाउंड्रीवॉल और मकान निर्माण करने के बाद फरार हो गए, जिनकी पताशाजी काफी की गई अवैध कब्जाधारी सामने नहीं आए।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 सीआरपीसी देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **सूरज** पुत्र **मणिका** निवासी **म.नं. एच–1/264, मदनगीर, अम्बेडकर नगर, दिल्ली** ने case **Ct No. 689/15, U/s 379/411 IPC, थाना विवेक विहार, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है **सूरज** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **सूरज** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है।)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि case **Ct No. 689/15, U/s 379/411 IPC, थाना विवेक विहार, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **सूरज** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **12.07.2024** को या उससे पूर्व हाज़िर हो।

**आदेशानुसार**
**सुश्री विधि गुप्ता आनंद**
**मुख्य महानगर दण्डाधिकारी**
**कमरा नं. 59, तृतीय तल**
**कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली**

**DP/6057/SHD/2024(Court Matter)**

**रिश्वत कांड मामलाः अब रडार पर डीआईजी और स्पेशल एसपी**

# इंस्पेक्टर ही नहीं, डिप्टी एसपी भी मप्र में नर्सिंग कॉलेजों को क्लीन चिट देने के मामले में शामिल

### सीबीआई 29 मई तक सभी आरोपियों से पूछताछ करेगी, वसूली करने के लिए कॉलेज में दबिश देती थी टीम

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

देश की सबसे भरोसेमंद एजेंसी सीबीआई इन दिनों मध्यप्रदेश में रिश्वत कांड के मामले में चर्चा में हैं। इस मामले में सीबीआई ने एक नया खुलासा किया है कि भोपाल में पदस्थ डिप्टी एसपी आशीष प्रसाद को भी आरोपी बनाया गया है। इंस्पेक्टर राहुल राज के अलावा ऋषिकांत, सुशील कुमार को पिछले दिनों गिरफ्तार किया था, लेकिन इसमें दो और अफसर को भी रडार पर रख लिया गया है। क्योंकि डिप्टी एसपी के अलावा डीआईजी और स्पेशल एसपीबी जांच के दायरे में आ चुके हैं।

सीबीआई ने माना कि अफसरों का कार्टेल इस पूरे मामले में रिश्वत ले रहा था। इसके लिए बाकायदा दलालों को भी शामिल किया गया। राहुल राज ने तो अपने राजस्थान में रहने वाले दोस्त को ही भोपाल बुला लिया और उसके जरिए रिश्वत की रकम इकट्ठा की। हालांकि सीबीआई 29 मई तक सभी आरोपियों से पूछताछ करेगी। जिसमें कई और अहम खुलासे होंगे।




#### वसूली पर उतारु हुए

सीबीआई के अधिकारियों के अनुसार, एक भरोसेमंद व्यक्ति के जरिए यह जानकारी निकलकर सामने आई थी कि नर्सिंग कॉलेज फर्जीवाड़े के मामले में जांच करने वाले अधिकारी अब वसूली करने में उतारू हो गए हैं। बाकायदा 3 से 4 कॉलेज के मालिकों से रिश्वत की रकम भी ली गई है। यहां तक की हर कॉलेज मलिक को 2 से 10 लाख रुपए क्लीन चिट के लिए देने पड़ते थे। यानी की रिश्वत का रेट पहले से ही सीबीआई के अफसर ने तय करके रखा था, फिर दलालों को एक्टिव किया गया, जो कॉलेज मालिकों के साथ सीबीआई की टीम के साथ डील करते थे, और फिर रकम वसूलने का काम करते थे।

#### जांच टीम ने पटवारी को भी गिरोह में किया शामिल, देते थे हिस्सा

हाई कोर्ट के निर्देश के बाद सीबीआई ने कॉलेज की जांच शुरू कर दी। टीम के साथ जांच के लिए पटवारी भी साथ में जाते थे। उन्हें भी सीबीआई ने गिरोह में शामिल कर लिया और रिश्वत का हिस्सा भी उन्हें देने लगे। हर पटवारी को 5 हजार से लेकर 20 हजार तक की रिश्वत दी जाती थी। सीबीआई ने जांच में यह भी पाया कि नर्सिंग अधिकारी, विशेषज्ञ और पटवारी के लिए रिश्वत की रकम निजी व्यक्ति पहुंचते थे। बिचौलिया जुगल किशोर सीबीआई निरीक्षण के दौरान ग्वालियर, रतलाम के जिलों में नर्सिंग कॉलेज के बीच डील कराता था। यानी कि सीबीआई की टीम जांच के साथ वसूली करने के लिए कॉलेज पर दबिश देती थी। मंदसौर उज्जैन से सीबीआई ने डॉ. एमबी शर्मा और कई कॉलेजों से संपर्क किया था।

#### हवाला के जरिए भेजी जाती थी रकम

सीबीआई ने जांच में पाया है कि कई बार इंस्पेक्टर राहुल राज के निर्देश पर जुगल किशोर शर्मा ने रिश्वत ली थी। इसके बाद राधा रमन शर्मा के जरिए राहुल शर्मा को राजस्थान में सौंपी जाती थी। इंदौर से 16 लाख रुपए शर्मा के माध्यम से सीबीआई की टीम तक पहुंचाया गया। सीबीआई की तीन दिन रकम के साथ 400 ग्राम शुद्ध सोना यानी कि बुलियन सोना रिश्वत के तौर पर बुलाया।

**पहचान की अपील**



सर्व साधारण को सूचित किया जाता है की एक पुरुष जिसका नाम, निवास और परिवार अज्ञात है, उक्त पुरुष जिसकी उम्र लगभग 30-35 वर्ष थी, उक्त पुरुष किमी पोल नं. 4/17-4/19, अप मेन लाइन, गंदा नाला के पास, शक्ति नगर, दिल्ली में मृत पाया गया। इस सिल सिले में **डी डी नं: 15ए दिनांक 22/05/2024 को पुलिस थाना सब्जी मंडी रेलवे स्टेशन, दिल्ली** मे दर्ज की गयी है। पुलिस ने मृतक पुरुष की पहचान करने की कोशिश की लेकिन अभी तक कोई सफलता प्राप्त नहीं हो सकी है। मृत पुरुष का विवरण इस प्रकार है:

**लिंग:** पुरुष, **उम्र** 30-35 वर्ष, **ऊंचाई:** 5'5", **रंग:** सांवला, **पहनावा:** सफेद रेखाओं वाली काली पैंट और रेतीले रंग का अंडरवियर।

इस अज्ञात मृत पुरुष के परिजनों के बारे में यदि कोई जानकारी मिले तो कृपया थाना प्रभारी सब्जी मंडी रेलवे स्टेशन, दिल्ली मे दर्ज को सूचित करे।

**ई-मेल : cic@cbi.gov.in**
**फोन : 011-24368638, 24368641**
**फैक्स : 011-24368639**
**DP/6101/Rly/2024**

**थाना प्रभारी**
**थाना -सब्जी मंडी रेलवे स्टेशन, दिल्ली**
**फ़ोन नं 9868554913,9625614517**

## चिंतन

# चुनाव प्रचार में भाषा संयम एवं शब्दों की मर्यादा जरूरी

लोकसभा चुनाव के पांच चरण पूरे हो चुके हैं। अभी 25 मई और एक जून को दो चरणों में मतदान शेष है। अभी तक का चुनाव न केवल बेहतर रहा, बल्कि चुनाव आयोग के प्रयासों से शांतिपूर्वक भी हुआ, लेकिन अब तक के चुनाव में एक चीज की कमी खली वो है, वो है प्रचार के दौरान राजनीतिक मर्यादा। जैसे-जैसे चुनाव आगे बढ़ रहे हैं, कई नेताओं की ज़ुबान फिसलती जा रही है, वे राजनीति से इतर नेताओं की निजी जिंदगियों तक में तांक-झांक वाले, धार्मिक भावनाओं को भड़काने वाले ऐसे बाण छोड़ रहे हैं, जो न सिर्फ़ आपत्तिजनक हैं, बल्कि लोकतंत्र के लिए घातक भी हैं। ऐसा नहीं है कि इन सब पर चुनाव आयोग मौन है। आयोग एक के बाद एक नोटिस जारी कर रहा है, लेकिन नेताओं पर इसका खास असर होता नहीं दिखता। बड़ा सवाल है कि एक ऊर्जावान एवं दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में क्या वाकई अमर्यादित भाषा का इस्तेमाल औचित्यपूर्ण है? एक तरफ गर्मी की चुभन है, तो दूसरी तरफ राजनीतिक हलकों में भाषायी अभद्रता एवं उच्छृंखलता घाव पर नमक छिड़क रही है। नेताओं को यह बात समझनी चाहिए कि सही तरीके से बोले गए शब्दों में लोगों को जोड़ने की ताकत होती है, जबकि गलत भाषा एवं बोल का इस्तेमाल राजनीतिक धरातल को कमजोर करता है, लेकिन कोई समझने को तैयार नजर नहीं आता। नेताओं के बयान शालीनता एवं मर्यादा की सारी सीमाएं लांघ रहे हैं। राहुल गांधी की 'शक्ति के खिलाफ लड़ाई' संबंधी टिप्पणी 'शक्ति से जुड़े धार्मिक मूल्यों का अपमान करने और कुछ धार्मिक समुदाय' के तुष्टीकरण के लिए धर्मों के बीच शत्रुता पैदा करने के 'दुर्भावनापूर्ण इरादे को दर्शाती है। प्रारंभ में लालूप्रसाद यादव का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर परिवार विषयक आरोप हैरान करने वाला था। कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत ने कंगना रनौत को लेकर किए पोस्ट में एक्ट्रेस की फोटो के साथ भद्दा कमेंट महिला-शक्ति का अपमान नहीं तो और क्या था। कभी वो समय था जब देश की राजनीति में संयमित भाषा एवं अनुशासित बोल राजनीति के महत्वपूर्ण अंग थे। कहा जाता था कि लोकतंत्र में उसी नेता का बोल-बाला होता है, जिसकी भाषा एवं वचनों पर पकड़ मजबूत होती है। धीरे धीरे राजनीति में बदलाव आता गया, उसी प्रकार राजनेताओं की भाषा और आरोप-प्रत्यारोप की शैली भी बदलती गई। आज 'पप्पू' शहजादा, शहंशाह, चोर जैसे शब्द हमारी राजनीति में घुस चुके हैं। क्या राजनीति में मर्यादा नाम का कोई शब्द बचा है? ऐसी अभद्र भाषा का उपयोग करने से पहले हमारे ये राजनेता जरा भी नहीं सोचते कि उसका उनकी पार्टी पर क्या प्रभाव पड़ सकता है। राजनीति में स्तरहीन, हल्की बातें कहने का चलन काफी समय से है, लेकिन बीते दो दशकों में यह वीभत्स रूप धारण कर चुका है। उस समय जब राम मनोहर लोहिया ने इंदिरा गांधी को गूंगी गुड़िया कहा था तो काफी विवाद हुआ और बड़ी तादाद में लोगों ने लोहिया का विरोध किया। कांग्रेस के अध्यक्ष खड़गे भी काफी कुछ बोल चुके हैं और उनका पीएम मोदी के लिए रावण वाला बयान काफी चर्चा में रहा है। मतदाताओं को आकर्षित एवं अपने पक्ष में करने के फेर में राजनीति को रसातल में धकेलने की मानो होड़ मची हुई है। चुनाव आयोग ने एक बार फिर बुधवार को चुनाव आयोग ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा को नोटिस जारी करके भाषणों में मर्यादा बनाए रखने के लिए कहा है। उम्मीद की जानी चाहिए कि सभी राजनीतिक दल इसे गंभीरता से लेंगे और सियासत में धीरे-धीरे प्रवेश कर रही गंदगी साफ हो जाएगी।

## लोस चुनाव
विवेक शुक्ला



# क्यों तिब्बती, चीनी भी देते वोट

क्या आपको पता है कि चालू लोकसभा चुनाव में भारत में बसे हुए जापानी. चीनी, तिब्बती, ब्रिटिश वगैरह मूल के भारतीय भी अपने मताधिकार का प्रयोग कर रहे हैं? जॉर्ज च्यू आगामी 25 मई को प्रतिष्ठित नई दिल्ली सीट के लिए अपना वोट डालेंगे और 2 जून को, डब्ल्यू. दोरजी हिमाचल प्रदेश की कांगड़ा सीट लोकसभा सीट के अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। जॉर्ज च्यू और दोरजी क्रमशः दूसरी पीढ़ी के भारतीय मूल के चीनी और तिब्बती हैं। च्यू और दोरजी इस बात से चिंतित नहीं हैं कि उनके समुदायों की भारत में वोट बैंक की हैसियत नहीं है। भारतवंशी दुनिया भर के दो दर्जन से अधिक देशों में राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और सांसद बन चुके हैं। क्या हम उन लोगों को पर्याप्त जगह दे रहे हैं जो हमारी तरह नहीं हैं? वे भी नागरिक हैं। एक अनुमान के अनुसार, देश में च्यू और डोरजी जैसे लगभग 200,000 भारतीय हैं। उनमें से एक महत्वपूर्ण संख्या चीनी और तिब्बती मूल के लोगों की है। 1961 में छेदी जगन के कैरिबियाई टापू देश गुयाना के राष्ट्रपति बनने के बाद से, कई अन्य ने भी इसी तरह के पदों पर कब्जा किया है, जिनमें शिव सागर रामगुलाम (मॉरीशस), नवीन रामगुलाम (मॉरीशस), महेंद्र चौधरी (फिजी), बासुदेव पांडे (त्रिनिदाद), एस.आर. नाथन (सिंगापुर), ऋषि सुनक(ब्रिटेन) और कमला हैरिस(अमेरिका) शामिल हैं। भारत में विदेशी मूल के व्यक्ति के राष्ट्रपति या प्रधानमंत्री बनने की फिलहाल बहुत कम उम्मीद है। हालांकि, कुछ साल पहले कांग्रेस नेता सोनिया गांधी के प्रधानमंत्री बनने की संभावना बनी थी। लेकिन, उस समय बहुत हंगामा हुआ था। अब नई दिल्ली में रहने वाली जापान मूल की 86 वर्षीय कत्सू सान से मिलते हैं। वह लोकसभा चुनावों को लेकर उत्साहित हैं। वह 1956 में भारत आई थीं। वह भारत को करीब से देखना और समझना चाहती थीं। बौद्ध धर्म में उनकी रुचि के कारण भारत में उनकी दिलचस्पी और बढ़ गई। यदि आप उनसे अंग्रेजी में बात करेंगे, तो वे हिंदी में जवाब देंगी। कत्सू सान ने लगभग 30 साल पहले भारतीय नागरिकता ले ली थी। अब वह राजधानी में एक बौद्ध मठ से जुड़ी हैं। लोकसभा चुनावों के बाद वह किस तरह की सरकार चाहती हैं? कत्सू सान कहती हैं, 'मेरी इच्छा है कि देश का नेतृत्व उन नेताओं के हाथों में हो जो अपनी जिम्मेदारियों को निभाने के लिए गंभीर हो। वे भारत में गरीबों और वंचितों के मुद्दों के प्रति संवेदनशील भी होने चाहिए। मुझे लगता है कि जब देश को ऐसे नेता मिलेंगे, तो देश में खुशहाली और समृद्धि होगी। दुख और कष्ट का अंत होगा।' बहरहाल, दोरजी को उम्मीद है कि 4 जून के बाद देश में जो भी सरकार बनेगी, वह तिब्बतियों के पक्ष में होगी। उनका कहना है कि भारत में जन्मे तिब्बतियों को भारतीय नागरिकता प्राप्त करने का अधिकार है। वे विधानसभा से लेकर लोकसभा चुनाव तक वोट दे सकते हैं। 7 मई 2014 को इतिहास रचा गया था, जब कांगड़ा ( हिमाचल प्रदेश) में 217 तिब्बती युवाओं ने पहली बार लोकसभा चुनाव में अपना मतदान किया। भारत सरकार ने भारत में जन्मे तिब्बतियों को भारत की नागरिकता दे दी थी। हिमाचल प्रदेश और दिल्ली में करीब 50 हजार तिब्बती रहते हैं। हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा, मंडी, कुल्लू, शिमला, सोलन और सिरमौर जिलों में तिब्बतियों की सबसे बड़ी संख्या है। कांगड़ा जिले में सबसे अधिक तिब्बती हैं क्योंकि तिब्बत की निर्वासित सरकार का मुख्यालय धर्मशाला के पास मैक्लोडगंज में स्थित है। वहां ही तिब्बती आध्यात्मिक नेता दलाई लामा का घर है। इस बीच, जॉर्ज च्यू यह बताने को तैयार नहीं हैं कि वे किसको वोट देंगे। पेशे से कारोबारी जॉर्ज च्यू के पिता लगभग 1930 में चीन के कैंटन प्रांत से स्टीमर द्वारा कोलकाता आए थे। बाद में, वे दिल्ली आए और एक जूते का शोरूम खोला। जॉर्ज च्यू कहते हैं कि वे राजनीति से दूर रहने वाले व्यक्ति हैं, लेकिन चुनाव के मौसम में, वे पार्टियों के घोषणापत्रों के बारे में जानने के लिए उत्सुक रहते हैं। गिलियन राइट भी भारतीय हैं। वह हिंदी और उर्दू अनुवादक हैं। वह मूल रूप से ब्रिटेन से हैं। वह 1977 में हिंदी और उर्दू पर बेहतर काम करने के इरादे से भारत आई थीं। वे कहती हैं कि उनकी लंदन विश्वविद्यालय में पढ़ाई के दौरान हिंदी और उर्दू में मेरी रुचि पैदा हुई। नई सरकार से उनकी क्या उम्मीदें हैं? राइट कहती हैं, "मैं देश में नदियों की स्थिति को लेकर बहुत दुखी हूं। यमुना को देखो। हमने इसके साथ क्या किया है? मेरी इच्छा है कि यमुना और अन्य नदियों को प्रदूषण से मुक्त किया जाए।' खैर,इस लोकसभा चुनाव में यदि आप अपने साथ विदेशी मूल के किसी व्यक्ति को वोट देते हुए देखें, तो खुश हों कि भारत समावेशी हो रहा है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



राजनीति
उमेश चतुर्वेदी

# वादों के बाद अब दावों का दौर

> महज दो चरणों में 115 सीटों पर ही चुनाव बाकी है। इस वजह से प्रचार अभियान में स्वाभाविक रूप से कमी आ रही है। प्रचार के दौरान राजनीतिक दल वोटरों को लुभाने के लिए उनके सामने वादों की झड़ी लगा रहे थे, लेकिन अब दावों का दौर तेज हो गया है। विपक्षी दलों के प्रमुख नेताओं ने ऐलान करना शुरू कर दिया है कि मोदी सरकार जाने वाली है। बीजेपी की घटती सीटों को लेकर राहुल गांधी का अपना दावा है, तो ममता का अपना अनुमान। शरद पवार भी अनुमान लगा रहे हैं, तो अखिलेश और तेजस्वी का अपना मत है। बीजेपी की सीटें घटने का दावा करने वाले किसी भी दल के पास इसका कोई ठोस आंकड़ा नहीं है कि वे कितनी सीटें जीत रहे हैं।

आम चुनाव की मतगणना की उलटी गिनती शुरू हो चुकी है। महज दो चरणों में 115 सीटों पर ही चुनाव बाकी है। इस वजह से प्रचार अभियान में स्वाभाविक रूप से कमी आ रही है। प्रचार के दौरान राजनीतिक दल वोटरों को लुभाने के लिए उनके सामने वादों की झड़ी लगा रहे थे, लेकिन अब दावों का दौर तेज हो गया है। विपक्षी दलों के प्रमुख नेताओं ने ऐलान करना शुरू कर दिया है कि मोदी सरकार जाने वाली है। बीजेपी की घटती सीटों को लेकर राहुल गांधी का अपना दावा है, तो ममता बनर्जी का अपना अनुमान। शरद पवार भी अनुमान लगा रहे हैं, तो अखिलेश और तेजस्वी अपने हिसाब से बीजेपी की सीटें घटा रहे हैं। दिलचस्प यह है कि इस पूरे कोलाहल के बीच बीजेपी की सीटें घटने का दावा करने वाले किसी भी दल के पास इसका कोई ठोस आंकड़ा नहीं है कि वे कितनी सीटें जीत रहे हैं, लेकिन इन सबके बीच बीजेपी का नेतृत्व अपने ढंग से अपनी सीटें बढ़ाने की कोशिशों में जुटा हुआ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की चुनाव प्रचार के आखिरी दिन यानी तीस मई तक रैली का कार्यक्रम है तो अमित शाह आखिरी दौर तक अपनी सीट बढ़ाने की कोशिश में प्राणपण से लगे हुए हैं।

सबसे पहले दावों की ही बात कर लेते हैं। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी अपनी रैलियों में अरसा पहले से दावा कर रहे हैं कि बीजेपी इस बार 180 सीटों पर सिमटने जा रही है। हालांकि उनके ही अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे बीजेपी को दो सौ सीटों के नीचे सिमटाने का दावा कर रहे हैं। पश्चिम बंगाल में अलग, किंतु राष्ट्रीय स्तर पर इंडिया गठबंधन के साथ बीजेपी का विरोध कर रही ममता बनर्जी का दावा है कि बीजेपी को इस बार 220 तक सीटें मिल रही हैं। अखिलेश यादव का तो दावा है कि बीजेपी को उत्तर प्रदेश में एक भी सीट नहीं मिलने जा रही है। तेजस्वी यादव कह रहे हैं कि बीजेपी को इस बार सरकार बनाने लायक बहुमत नहीं मिलेगा। केजरीवाल भी ऐसा ही कह रहे हैं। बीजेपी को सिमटाने का दावा करने वाले नेताओं की पार्टियों का हाल देखना जरूरी है। देश की सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस इतिहास में सबसे कम यानी 322 सीटों पर ही चुनाव लड़ रही है, जिनमें से दो सीटों पर से उसके उम्मीदवार मैदान खाली कर चुके हैं। सूरत से बीजेपी का प्रत्याशी निर्विरोध निर्वाचित हो चुका है तो इंदौर से कांग्रेस का उम्मीदवार चुनाव मैदान छोड़ भागा है। चुनावी माहौल की सनसनी बने केजरीवाल की पार्टी महज 22 सीटों पर मैदान में है। बीजेपी को सिमटाने वाले दल भी दस, बीस, तीस, चालीस या पचास सीटों पर चुनाव लड़ रहे हैं। अव्वल तो यह है कि विपक्षी दलों के नेताओं ने जिस तरह चुनाव अभियान चलाया है, उसके संकेत साफ हैं। वे बीजेपी को हराने नहीं, बल्कि मोदी को कमजोर करने और बीजेपी की सीटें घटाने को लेकर लड़ रहे थे। यह सच है कि उन्होंने बीजेपी की बढ़त को कम से कम चुनावी चर्चाओं में सीमित करने और इंडिया गठबंधन की चमकती-सी तसवीर बनाने की कोशिश जरूर की है। ऐसे में सवाल उठना लाजिमी है कि चुनावी जमीन की क्या यही हकीकत है? सोशल मीडिया के वर्चस्व के दौर में चुनाव और राजनीति ऐसे विषय हो गए हैं, जिनमें



कोलाहली चर्चाओं को ही सच मान लिया जाता है। कुछ ऐसा ही हाल मौजूदा चुनाव और विपक्षी दलों के दावों का भी है। सोशल मीडिया के मंचों पर ज्यादा वक्त गुजारने वाले लोगों की नजर में विपक्षी दलों के इन दावों में दम भी नजर आता है, लेकिन इन दावों की पड़ताल भी जरूरी है। 2014 और 2019 के आम चुनावों में उत्तर भारत और पश्चिम भारत में बीजेपी का कांग्रेस से सीधा मुकाबला हुआ है। पिछले आम चुनाव के आमने-सामने के मुकाबले में बीजेपी ने 92 प्रतिशत सीटों पर कांग्रेस को मात दी है। राहुल गांधी के दावों में दम तब नजर आएगा, जब यह मान लिया जाए कि कांग्रेस की स्थिति में पिछली बार की तुलना बदलाव आ गया है? सवाल है कि यूपी, बिहार और झारखंड जैसे बड़े राज्यों, जहां से 134 सीटें आती हैं, वहां बीजेपी के मुकाबले कितनी सीटों पर कांग्रेस चुनाव लड़ रही है?

अखिलेश यादव खुद 63 सीटों पर लड़ रहे हैं। उत्तर प्रदेश में उनकी पार्टी कांग्रेस के साथ आकर बीजेपी को कितनी चोट पहुंचाने की स्थिति मे है? मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, हिमाचल, उत्तराखंड, लद्दाख, जम्मू-कश्मीर, कर्नाटक, तेलंगाना, गोवा और गुजरात की 149 सीटों पर कांग्रेस और बीजेपी का सीधा मुकाबला है। सवाल यह है कि इन सीटों पर क्या कांग्रेस बीजेपी के मुकाबले भारी पड़ रही है? अगर इस सवाल का जवाब हां में है तो तय है कि बीजेपी को लेकर किए जा रहे दावों में दम है। कांग्रेस के मुकाबले बीजेपी ने 115 ज्यादा यानी 437 उम्मीदवार चुनाव मैदान में उतारे हैं। पश्चिम बंगाल में बीजेपी का मुकाबला जहां तृणमूल कांग्रेस से मुकाबला कर रही है। वहीं उड़ीसा में वह बीजू जनता दल के सामने है। पूर्वोत्तर भारत के राज्य असम में भी बीजेपी का कांग्रेस से ही मुकाबला है, वहां भी बीजेपी की स्थिति बेहतर बताई जा रही है। वैसे पिछले दो चुनावों में आमने-सामने के मुकाबलों में बीजेपी ने कांग्रेस को मात ही दी है। ऐसे में यह सवाल उठना लाजिमी है कि क्या कांग्रेस को लेकर लोगों का मन एकदम बदल चुका है। संसद सत्र के आखिरी दिन अपने भाषण में प्रधानमंत्री मोदी ने अबकी बार चार सौ पार का नारा दिया। तीन चरणों के चुनाव तक उन्होंने चार सौ पार का नारा खूब दोहराया। इस नारे के जरिए उन्होंने मौजूदा चुनाव का एक नैरेटिव सेट कर दिया। मोटे तौर पर देश के मतदाताओं में इन दिनों सबसे ज्यादा सवाल यह पूछा जा रहा है कि बीजेपी का चार सौ पार के नारे का क्या होगा? कहना न होगा कि विपक्ष मोदी के बनाए इस चक्रव्यूह में फंस गया। कांग्रेस के पास अभी 52 सांसद हैं। तो क्या कांग्रेस यह मान रही है कि उसकी सीटें दोगुनी से ज्यादा बढ़ने जा रही हैं। अगर ऐसा हो भी रहा, तो कांग्रेस कहां जीत रही है। उसके ज्यादातर उम्मीदवार तो उसी बीजेपी के सामने मैदान में हैं, जो उस पर अब भी भारी नजर आ रही है। केरल, पंजाब, आंध्र प्रदेश जैसे कुछ राज्य जरूर ऐसे हैं, जहां वह बीजेपी की बजाय उन दलों से मुकाबले में है, जिनके साथ राष्ट्रीय स्तर पर उनका गठबंधन है। ऐसे में सवाल यह है कि कांग्रेस अगर 125 सीटें लाने जा रही है तो निश्चित तौर पर इसमें ज्यादातर भागीदारी उन क्षेत्रों की होगी, जहां वह अपने राष्ट्रीय स्तर के गठबंधन सहयोगियों के खिलाफ मैदान में हैं। इसका मतलब यह है कि अगर कांग्रेस की इतनी सीटें अपने सहयोगियों की कीमत पर आएंगी। अगर ऐसा हुआ तो समर्थक दल सरकार बनाने के जादुई आंकड़े जितनी जरूरी सीटें हासिल कर पाएंगे?

मतदाता का फैसला ईवीएम में बंद हो चुका है। चार जून को असल तसवीर सामने आ जाएगी। तब तक दावे करने में हर्ज ही क्या है? किसके दावे में दम है और किसका दावा खोखला है, उसका खुलासा तो चुनाव नतीजे कर ही देंगे। फिर हम मीडिया के वर्चस्ववादी दौर में हैं, जिसे चर्चा के लिए रोजाना मसले चाहिए ही। आम जनता भी सहज रूप से अपने सामूहिक फैसले को जानने को उत्सुक है, जिसकी जिज्ञासा को शांत करने के लिए भी ये दावे जरूरी हैं।

(लेखक राजनीतिक विश्लेषक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

# प्रसन्न रहने की शुरुआत घर से हो



संकलित
## दर्शन

महत्वपूर्ण बात यह है कि प्रसन्न रहने की शुरुआत अपने घर से ही होनी चाहिए। हम बाहर तो बहुत खुश रहते हैं, लेकिन घर में अकारण क्रोध से भरे रहते हैं। सभी लोग, खासतौर पर युवा इस बात का ध्यान रखें कि उन्हें घर में भी प्रसन्न रहना है। युवाओं को यह बात याद रहे, इसलिए एक नया मंत्र दे रहा हूं। वे घर और परिवार में भी शांति रखें। कई लोग बाहर से घर में आते ही क्रोधित हो जाते हैं। वे अकारण गुस्सा कर घर वालों को मायूस कर देते हैं। यह हत्या कर देने जैसा अपराध है। मुश्किल यह है कि ये लोग अपनी कमी को मानते भी नहीं। कम से कम वे यह मान लें कि उसमें यह कमी है तो कभी न कभी वह कमी दूर भी की जा सकती है। लंका में कोई मानता ही नहीं था कि वहां कोई रोगी है। परिणाम सबके सामने है। जो माने ही नहीं कि अस्वस्थ है, वह स्वस्थ कैसे हो सकता है? एक और मंत्र याद रखें-छोटी-मोटी बातों को अनदेखा करें। व्यर्थ विवाद में मत उलझें। बात-बात में उलझने की आदत से अशांति ही पैदा होती है। सच्ची प्रसन्नता चाहिए तो इधर-उधर की बातें सुनना ही छोड़ दें। अस्तित्व के संगीत को सुनने की कोशिश करें। याद रखें, जिसे प्रसन्न रहना है, उसे कोई रोक नहीं सकता और जिसे दुखी ही रहना है, उसे कोई प्रसन्न नहीं कर सकता। कुछ लोगों को प्रसन्न रहना ही नहीं है। वे परेशान और दुखी होने के बहाने खोजते रहते हैं। इस आदत को बदलने की कोशिश ईमानदारी के साथ की जानी चाहिए।

# दूसरों की भलाई करने वालों का स्थान सबसे ऊंचा



संकलित
## प्रेरणा

कन्फ्यूशियस चीन के एक दार्शनिक थे। उनका जन्म करीब 551 ईसा वर्ष पूर्व हुआ था। कन्फ्यूशियस इतने विद्वान थे कि उनके पास कई राजा-महाराज भी मिलने पहुंचे थे। एक बार चीन के राजा ने कन्फ्यूशियस से पूछा था कि आप मुझे किसी ऐसे व्यक्ति के बारे में बताएं, जिसका स्थान सबसे ऊंचा है। कन्फ्यूशियस ने राजा से कहा कि वह इंसान आप खुद ही हैं, क्योंकि आप हमेशा सत्य जानना चाहते हैं। राजा ने कहा कि आप तो मुझे मुझसे भी अच्छे व्यक्ति के बारे में बताइए। कन्फ्यूशियस ने तुरंत कहा कि आपसे अच्छा व्यक्ति तो मैं ही हूं, क्योंकि मैं भी आपकी तरह ही सत्य को जानना चाहता हूं। राजा बोला कि आपसे भी अच्छा और कौन है? इसके बाद कन्फ्यूशियस ने कहा कि मैं ऐसे एक व्यक्ति को जानता हूं, जो हम दोनों से भी महान है। चलिए, मैं आपको उससे मिलवाता हूं। कन्फ्यूशियस राजा को लेकर एक बूढ़े के पास पहुंचे। वह बूढ़ा व्यक्ति कुआं खोद रहा था। कन्फ्यूशियस ने कहा कि महाराज, ये व्यक्ति सबसे महान है, उसका स्थान हम सबसे बहुत ऊंचा है, क्योंकि ये दूसरों को पानी मिल सके, इसलिए कुआं खोद रहा है। ये दूसरों की भलाई के लिए अपनी सुख-सुविधा का भी त्याग कर देता है। इसका शरीर बूढ़ा हो गया है, लेकिन अभी भी ये दूसरों के लिए सेवा का काम कर रहा है। इसलिए इसका स्थान सबसे ऊंचा है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### सूखे से बचना है तो पेड़ बचाओ, पौधे लगाओ

जिंबाब्वे इस समय सूखे की समस्या से जूझ रहा है। इस कारण वहां कृषि भी बहुत प्रभावित हुई है और आर्थिक व्यवस्था पर भी बुरा असर पड़ रहा है। जिम्बाब्वे की मदद के लिए संयुक्त राष्ट्र ने दूसरे देशों से हाथ बढ़ाने की गुजारिश की है। सूखा पड़ने का एक कारण जो सबसे बड़ा माना जाता है, वो है प्रकृति से छेड़छाड़ और वनों तथा वृक्षों की अंधाधुंध कटाई। अगर दुनियाभर में वृक्षों की निरंतर कटाई होती रही, तो वो दिन दूर नहीं है जब जिंबाब्वे जैसे हालात दुनियाभर में हो जाएंगे, क्योंकि वृक्षों की कमी से बारिश कम होगी और अगर बारिश कम होगी तो सूखा पड़ेगा। हमारे देश में भी वृक्षों की कटाई हो रही है और प्रकृति के विरुद्ध काम हो रहे हैं, जो कि सूखे का कारण भी बन सकते हैं। *– निरंजन विश्वकर्मा, अंबिकापुर*

## करंट अफेयर

# भारतीय मूल के खगोलविद कुलकर्णी होंगे सम्मानित


अमेरिका में भारतीय मूल के प्रोफेसर और खगोल वैज्ञानिक श्रीनिवास आर .कुलकर्णी को खगोल विज्ञान के लिए प्रतिष्ठित शॉ पुरस्कार-2024 से सम्मानित किया जाएगा। यह पुरस्कार उन्हें मिलीसेकंड पल्सर, गामा-किरण विस्फोट, सुपरनोवा और अन्य परिवर्तनशील या क्षणिक खगोलीय पिंडों के बारे में उनकी अभूतपूर्व खोजों के लिए दिया जाएगा है। कुलकर्णी कैलिफोर्निया इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में भौतिकी, गणित और खगोल विज्ञान विभाग के जॉर्ज एलेरी हेल खगोल विज्ञान और ग्रह विज्ञान के प्रोफेसर हैं। कुलकर्णी के अलावा स्वी ले थीन और स्टुअर्ट ऑर्किन को क्रमश: जीव विज्ञान और चिकित्सा के लिए साझा रूप से शॉ पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। दोनों अमेरिका के हैं। अमेरिकी वैज्ञानिक पीटर सरनाक को गणितीय विज्ञान के लिए शॉ पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। शॉ प्राइज फाउंडेशन ने बताया, ''हर साल तीन श्रेणियों खगोल विज्ञान, जीव विज्ञान व चिकित्सा और गणितीय विज्ञान में शॉ पुरस्कार दिया जाता है।प्रत्येक श्रेणी में विजेता को 12 लाख अमेरिकी डॉलर की राशि बतौर पुरस्कार दी जाती है। यह 21वां साल होगा जब शॉ पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।



## ऑफ बीट

# बुरे सपने ऑटोइम्यून बीमारी आने के संकेत हो सकते हैं

बुरे ख्वाब अप्रिय होते हैं, लेकिन अधिकांश लोगों के लिए बिल्कुल सामान्य होते हैं। हालाँकि, मैंने और मेरे सहकर्मियों ने हाल ही में पाया है कि यह बुरे सपने ल्यूपस जैसी ऑटोइम्यून बीमारियों के आने का संकेत भी हो सकते हैं। द लैंसेट के ईक्लिनिकलमेडिसिन जर्नल में प्रकाशित हमारे अध्ययन ने ऑटोइम्यून बीमारी के विकसित होने के संभावित शुरुआती चेतावनी संकेतों का पता लगाया। हमने ल्यूपस के 676 रोगियों और 400 डॉक्टरों का सर्वेक्षण किया और 100 से अधिक गहन साक्षात्कार किए। हमने मरीजों से अनुभव होने वाले न्यूरोलॉजिकल और मानसिक स्वास्थ्य लक्षणों के बारे में पूछा, और उनकी बीमारी पहली बार कब शुरू हुई, इसके संबंध में उन्हें कब आभास हुआ। इसमें खराब मूड, मतिभ्रम, कंपकंपी और थकान जैसे लक्षण शामिल थे। हमने यह भी पूछा कि क्या मरीजों के लिए लक्षणों का एक सामान्य पैटर्न था या वह बढ़ते रहने वाले थे। कई मरीज़ उन लक्षणों का वर्णन कर सकते हैं जो उनके गंभीर होने से ठीक पहले हुए थे। हालाँकि अलग-अलग लोगों के बीच पैटर्न अलग-अलग होते हैं, वे अक्सर प्रत्येक व्यक्ति के लक्षण गंभीर होने पर समान होते हैं। मरीजों को अक्सर पता होता था कि कौन से लक्षण इस बात का संकेत हैं कि उनकी बीमारी बदतर होने वाली है।



## हरिभूमि ट्रेंड

### गाजा में स्थिति भयावह



गाजा में स्थिति भयावह बनी हुई है। अब पहले से कहीं अधिक जरूरत युद्धविराम और पट्टी में सहायता पहुंचाने की है। उत्तरी गाजा में कमल अदवान अस्पताल पर आज कथित तौर पर चार बार हमला किया गया, जिससे गहन देखभाल इकाई, रिसेप्शन, प्रशासन और छत क्षतिग्रस्त हो गई।
-डॉ टेड्रोस, डब्ल्यूएचओ महानिदेशक

### स्वयं को खोना होगा



अपने जीवन में कुछ सार्थक खोजने के लिए, आपको स्वयं को खोना होगा। समस्या जीवन से नहीं है. समस्या यह है कि आपने अपने दिमाग पर नियंत्रण नहीं रखा है
-सदगुरु, आध्यात्मिक गुरु

### विश्व धरोहर घोषित किया था



कल इनके प्रवक्ता ने कहा प्रभु जगन्नाथ मोदी के भक्त हैं। आज अमित शाह कह रहे हैं कोणार्क का सूर्य मंदिर मोदी के कारण फेमस हुआ। 1984 में ही कोणार्क मंदिर को यूनेस्को द्वारा विश्व धरोहर घोषित किया गया था।
-सुप्रिया श्रीनेत, कांग्रेस नेता

### 15 सीटों का नुक़सान



चुनाव के पांचवें चरण में कई वीआईपी सीटें भी थीं। इस राउंड में 49 सीटें हैं जिनमें इस बार बीजेपी को लगभग 15 सीटों का नुक़सान होने का अनुमान है।
-योगेंद्र यादव, राजनीतिक विश्लेषक

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।






## श्रावस्ती में पीएम मोदी ने विपक्ष पर किया बड़ा हमला

# इंडी गठबंधन में कैंसर से भी ज्यादा घातक 3 बीमारियां मौजूद घोर सांप्रदायिकता, जातिवाद और परिवारवाद से रहें 'सावधान'

पीएम मोदी ने समाजवादी पार्टी और कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। पीएम मोदी ने कहा कि इंडी अलायंस को कैंसर से भी भयंकर बीमारियां हैं। ये फैलते-फैलते हिंदुस्तान को तबाह कर सकती हैं। तीन प्रमुख बीमारियां जिससे देश को सावधान रहना चाहिए। मुझे किसी के लिए कुछ कमाना नहीं है, लेकिन मैंदेश को इतना मजबूत बनाना चाहता हूं कि परिवारवादी पार्टियां फिर से देश को बदहाल न कर सकें।



एजेंसी ⏭ श्रावस्ती

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को श्रावस्ती में एनडीए उम्मीदवारों के पक्ष में जनसभा को संबोधित किया। पीएम मोदी ने समाजवादी पार्टी और कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। पीएम मोदी ने कहा कि इंडी अलायंस को कैंसर से भी भयंकर बीमारियां हैं। ये फैलते-फैलते हिंदुस्तान को तबाह कर सकती हैं। तीन प्रमुख बीमारियां जिससे देश को सावधान रहना चाहिए। पहला ये लोग घोर सांप्रदायिक हैं, दूसरा कि ये लोग घोर जातिवादी हैं और तीसरी बीमारी है कि ये घोर परिवारवादी हैं। ये तीनों बीमारियां देश के लिए कैंसर से भी ज्यादा विनाशक बन सकती हैं। पीएम मोदी ने कहा कि मैं किसी शाही खानदान से नहीं आया हूं। मैं इन्हीं माताओं जैसी गरीब मां का बेटा हूं। मुझे किसी के लिए कुछ कमाना नहीं है, लेकिन मैं अपने देश को इतना मजबूत बनाना चाहता हूं कि परिवारवादी पार्टियां फिर से देश को बदहाल न कर सकें। इसके लिए मुझे आपका आशीर्वाद चाहिए।

### ये लोग मिलकर देश को तबाह कर देंगे

### हम वंचितों के अधिकार की रक्षा कर रहे

मोदी ने कहा कि वंचितों का जो अधिकार है, मोदी उसका चौकीदार है। मैं आपको गारंटी देता हूं, आरक्षण छीनने का कर्नाटक मॉडल देश में लागू नहीं होने दूंगा। कांग्रेस आई तो, भ्रष्टाचार पर जो नियम बने हैं, जो नोटों के पहाड़ पकड़े जा रहे हैं, ये कानून बदलकर भ्रष्टाचारियों को बचाएंगे। मोदी ने 4 करोड़ गरीबों को पक्के घर दिए, अब सपा कांग्रेस पलटने का निर्णय कर चुके हैं, मतलब इन 4 करोड़ घरों की चाबी आपसे ले लेंगे।

### 60 साल तक कुछ नहीं किया, अब फ्लॉप जोड़ी फिर से लांच



जिन लोगों ने 60 साल तक कुछ नहीं किया, वे मोदी को रोकने के लिए एक हो गए हैं। यूपी में दो लड़कों की जोड़ी फिर से लॉन्च हुई है। वही पुरानी फ्लॉप फिल्म, वही पुराने किरदार, वही पुराने डायलॉग। देश को आगे कैसे ले जाएंगे, विकास का विजन क्या है, अर्थव्यवस्था को लेकर क्या प्लान है? दोनों शहजादों ने एक बार भी भरोसेमंद बात नहीं कही। पूरा देश एक ही बात कह रहा है कि फिर एक बार मोदी सरकार। मोदी ने सरकार की उपलब्धियां भी गिनाई।

**ये आपके घर से पानी की टोंटी भी खोल लेंगे**

मोदी ने कहा कि इनका एजेंडा है मोदी के काम को पलटना। 10 साल में मोदी ने 4 करोड़ गरीबों को पक्के घर दिए। ये इन 4 करोड़ घरों की चाबी ले लेंगे। उनके घर छीनकर अपने वोटबैंक वालों को दे देंगे। मोदी ने गांव-गांव में बिजली दी ये फिर अंधेरा कर देंगे। मोदी घर-घर पानी पहुंचा रहा है। सपा कांग्रेस वाले आपके घर से पानी की टोंटी भी खोल कर ले जाएंगे।

**ये तो आतंकियों को बिरयानी खिलाएंगे**

मोदी ने कहा कि मैं देश के लिए जीता हूं। मैने देशहित में जो फैसले लिए वो इंडी वालों के बस की बात नहीं है। इनके नेता कहते हैं कि कांग्रेस सत्ता में आई तो सीएए को रद्द कर देंगे, 370 को वापस लागू कर देंगे। इसका मतलब होगा कि जो आतंकवादी आज जेल में हैं उन्हें कांग्रेसी पीएम के घर में बुलाकर बिरयानी खिलाएंगे।

### मोदी को भ्रष्टाचार मंजूर नहीं

पीएम मोदी ने कहा कि सपा सरकार में डीएम बनाने के लिए रेट कार्ड फिक्स था। डीजीपी बनाने के लिए रेट कार्ड फिक्स था। नौकरी के लिए रेट कार्ड फिक्स था। सड़क बने बिना पैसों का भुगतान हो जाता था। अब ये सब बंद हो गया है। चाहे ये कितनी भी गालियां दे लें लेकिन ये कान खोल कर सुन लें- मोदी को भ्रष्टाचार मंजूर नहीं है।

### ये रामलला को फिर से टेंट में भेजना चाह रहे

उत्तर प्रदेश के बस्ती में मोदी ने एक बड़ी जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उनके निशाने पर कांग्रेस और सपा गठबंधन रहा। मोदी ने कहा कि इंडी गठबंधन वाले रामलला को फिर से टेंट में भेजना चाहते हैं। पीएम मोदी ने कहा कि 25 मई को बस्ती की जनता तुष्टिकरण को कब्रिस्तान में दफन करने के लिए वोट करेगी।

### स्टार्टअप्स के लिए सरकार प्रतिबद्ध

मोदी ने बुधवार को स्टार्टअप्स के लिए सही करोबारी माहौल मुहैया कराने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। इस संबंध में उन्होंने कहा कि सरकार स्टार्टअप्स को फलने-फूलने के लिए अनुकूल माहौल मुहैया कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

### पुरुलिया में शाह ने ममता को घेरा

## गिनवाए ममता शासन के 7 घोटाले



गृह मंत्री अमित शाह ने पश्चिम बंगाल के पुरुलिया में जनसभा में कहा कि आने वाले चुनाव में पूरा देश मोदी जी को प्रधानमंत्री बनाने के लिए तैयार खड़ा है। ममता दीदी मां-माटी-मानुष के नारे के साथ बंगाल में सत्ता में आई थी। लेकिन आज मां-माटी-मानुष गायब होकर मुल्ला-मदरसा-माफिया हो गया है। ममता ने पूरे बंगाल को घुसपैठियों के लिए स्वर्ग बना दिया है। बंगाल में कटमनी, भतीजे की सिंडिकेट, कोयला तस्करी, गौ-तस्करी, घुसपैठ और बम धमाके बंद कराकर बंगाल को सोनार बांग्ला बनाने का काम केवल मोदी जी कर सकते हैं। घमंडिया गठबंधन के पास न नेता है और न नीति है। दीदी का मकसद केवल अपने भतीजे को मुख्यमंत्री बनाना है। इस दौरान शाह ने ममता सरकार के पूरे घोटाले भी गिनवाए।

### करनाल में राजनाथ का विपक्ष पर तंज

## कांग्रेस ने गांधी व आप ने अन्ना को दिया धोखा

करनाल के घरौंडा अनाज मंडी में केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह पूर्व सीएम एवं लोकसभा प्रत्याशी मनोहर लाल और विधानसभा उपचुनाव के उम्मीदवार मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के लिए वोटों की अपील की। सिंह ने कहा कि कांग्रेस ने राष्ट्र पिता महात्मा गांधी की बात नहीं मानी और केजरीवाल ने अन्ना हजारे को धोखा दिया। जिस कारण दोनों पार्टी ने देश में विशवास खो चुकी है।उन्होंने कहा कि आंध्र प्रदेश में एक चुनावी मंच से उतरते समय उनके दाहिने पैर में चोट लग गई है। डॉक्टर ने सात दिन का आराम बताया है, लेकिन ये समय आराम का नहीं है, इसलिए आप सभी से दो बाते करने के लिए कुछ दर्द भी लेकर आया हूं।



### भोजपुरी स्टार पवन भाजपा से निष्कासित

नई दिल्ली। बिहार भाजपा ने भोजपुरी गायक पवन सिंह को एनडीए के आधिकारिक उम्मीदवार के खिलाफ स्वतंत्र उम्मीदवार के रूप में लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए निष्कासित कर दिया। बिहार प्रदेश मुख्यालय प्रभारी अरविंद शर्मा ने पवन सिंह के नाम से चिट्ठी जारी की है। इसमें उन्होंने लिखा कि लोकसभा सभा चुनाव में आप एनडीए के अधिकृत प्रत्याशी उपेंद्र कुशवाहा के विरोध में चुनाव लड़ रहे हैं। आपका यह काम दल विरोधी है।



### मोदी की पटियाला रैली पर गुस्से में किसान

पटियाला। पंजाब के किसान संगठन पीएम के खिलाफ विरोध प्रदर्शन की तैयारी कर रहे हैं। पीएम गुरुवार को चुनाव प्रचार के लिए राज्य के दौरे पर रहेंगे। किसान मजदूर संघर्ष समिति के अध्यक्ष सरवन सिंह पंधेर ने बताया कि हमने सरकार से कहा कि हमें दिल्ली जाने की इजाजत दें लेकिन उन्होंने हमें इसकी इजाजत नहीं दी। पीएमराज्य का दौरा कर रहे हैं तो हमें उनसे बात करने दीजिए और उनसे सवाल करने दीजिए।



### अखिलेश का पीएम मोदी पर पलटवार

## दोनों शहजादे मिलकर 'शह और मात' देंगे



आजमगढ़। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने आजमगढ़ में जनसभा को संबोधित करते हुए भाजपा पर जमकर हमला किया। पीएम के शहजादे वाले बयान पर कहा कि ये लोग जो कहते हैं शहजादे शहजादे, इस बार दोनों शहजादे मिलकर ऐसी शह देंगे और जनता ऐसी मात देगी कि इनका पता नहीं लगेगा। जो हमें और आपको 400 पार का नारा देकर डरा रहे थे, वो इस बार जान गए हैं कि 400 पार नहीं 400 हार होने जा रही है।

---

### खबर संक्षेप

#### एनटीपीसी को एटीडी बेस्ट अवार्ड में तीसरी रैंक

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की बिजली कंपनी राष्ट्रीय तापविद्युत निगम लिमिटेड को प्रतिभा विकास के लिए वैश्विक मान्यता प्राप्त हुई है। कंपनी ने एटीडी बेस्ट अवार्ड्स 2024 में तीसरी रैंक हासिल किया है। एनटीपीसी यह उपलब्धि हासिल करने के साथ 8 साल में 7 बार पुरस्कार प्राप्त करने वाला एकमात्र उपक्रम है। 21 मई को अमेरिका में रचना सिंह भाल ने यह पुरस्कार प्राप्त किया।



#### आगरा के कपड़ा बाजार में आग, कई दुकानें खाक

**आगरा।** आगरा के व्यस्त सिंधी मार्केट के कपड़ा बाजार में भीषण आग लग गई। दुकानें उठती विकराल लपटों से बाजार में भगदड़ और दहशत की स्थिति पैदा हो गई। एक दर्जन दुकानें खाक होना बताई गई हैं। दुकानों के बाहर लगी ठेलें भी जल गईं।विकराल लपटों से दहशत में आए लोग वहां से भागने लगे। बाजार में करीब आधा घंटे तक दहशत और अफरातफरी का माहौल रहा।



#### एम्स के छात्र ने ओवर डोज लेकर की खुदकुशी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर स्थित एम्स के एक छात्र ने अपने छात्रावास के कमरे में कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने बताया कि एम्स के छात्र रंजीत भोयर (25) ने एम्स परिसर स्थित अपने छात्रावास के कमरे में कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। भोयर के मित्रों ने उसे बेहोशी की हालत में देखा तब उन्होंने तुरंत छात्रावास वार्डन को सूचित किया।



### डॉ. यादव उप्र व बिहार के सघन चुनावी दौरे पर

### सीएम यादव ने कहा कि कांग्रेस की गलतियों से सीमाएं असुरक्षित थीं, पर अब दुश्मन डरता है

## भारत के दुश्मनों को 'नेस्तनाबूद' करने मोदी का होना बेहद जरूरी

**विकास हर तरफ दिखाई दे रहा है और गुंडे जेल में दिख रहे हैं**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि आज देश व प्रदेशों में जो विकास हुआ है, वह तो नजर आ रहा है। जो भ्रष्टाचारी, गुंडे, बदमाश थे, वे जेल में दिख रहे हैं। यह 21 वीं सदी का भारत है और यहां पर लोकतंत्र है। किसी की भी तानाशाही नहीं चलेगी।कांग्रेस ने लगातार सनातन धर्म की जड़ों को काटने का प्रयास किया है। कांग्रेस 70 सालों तक भगवान श्रीराम पर ही प्रश्नचिन्ह लगाती रही, उनके होने का प्रमाण मांगती रही। यादव बुधवार को उप्र व बिहार के सघन चुनावी दौरे पर हैं। उन्होंने उप्र की महाराजगंज लोकसभा सीट के नौतनवां, कुशीनगर तथा रामकोला व जौनपुर में आयोजित जनसभाओं को संबोधित किया।

**सीएम ने उप्र की महाराजगंज लोकसभा सीट के नौतनवां, कुशीनगर तथा रामकोला व जौनपुर में जनसभाओं को संबोधित किया**

#### सबका आरक्षण काटकर एक वर्ग विशेष को दे दिया

यादव ने कहा कि कांग्रेस और इनके घमंडिया गठबंधन के नेता कह रहे हैं कि मोदी जी आ गए तो वे आरक्षण का नुकसान कर देंगे। कर्नाटक, तेलंगाना में कांग्रेस की सरकार ने आदिवासियों का आरक्षण काटकर एक वर्ग विशेष को दिया है।



उप्र में मुख्यमंत्री का जगह-जगह फूल मालाओं से स्वागत हुआ।

#### कांग्रेस के शासनकाल में होते थे घोटाले ही घोटाले

मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस के शासनकाल में घोटाले पर घोटाले होते रहे। देश की अर्थव्यवस्था बुरी तरह चरमरा गई थी। अर्थशास्त्र के जानकार देश के प्रधानमंत्री थे, लेकिन पर्दे के पीछे से सोनिया गांधी सरकार चला रही थीं। प्रधानमंत्री मौन रहते थे। एक साहबजादे ने तो कैबिनेट के फैसले को सार्वजनिक रूप से फाड़कर फेंक दिया था। कांग्रेस के लोग हमारे नारों का मजाक उड़ाते थे। 2019 में हमने नारा दिया था, अबकी बार 300 पार तो इन्होंने मजाक उड़ाया।

### लगातार जलभराव की आवश्यकता नहीं होती

## 'बासमती' की रोबीनोवीड किस्मों की बिक्री आरंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

नई दिल्ली स्थित पूसा कृषि संस्थान में बुधवार को बासमती की रोबीनोवीड किस्मों, नामतः पूसा बासमती 1979 और पूसा बासमती 1985 की बिक्री आरंभ हो गई है। ये किस्में धान की सीधी बीजाई के लिए संस्तुत हैं और इमेजथापायर 10 प्रतिशत एसएल के प्रति सहिष्णु है। इस अवसर पर भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान के निदेशक डॉ. अशोक कुमार सिंह ने कहा कि उत्तर पश्चिमी भारत में धान की खेती में मुख्य तीन समस्याएं हैं जिसमें पहला, गिरता जलस्तर, दूसरा धान की रोपाई में लगने वाले श्रमिकों की कमी और तीसरा जलभराव के साथ रोपाई विधि के दौरान होने वाले ग्रीनहाउस गैस मीथेन का उत्सर्जन हैं। धान की सीधी बीजाई में इन सभी समस्याओं का हल निहित है। सीधी बीजाई विधि में धान की पारंपरिक जलभराव विधि की तुलना में जल उपयोग उल्लेखनीय रूप से घट जाता है, क्योंकि इसमें कोई लगातार जलभराव की आवश्यकता नहीं होती। इसमें केवल मांग आधारित जल का इस्तेमाल का अनुप्रयोग, रिसाव द्वारा होने वाली जल हानि न्यूनतम, तथा वाष्पोत्सर्जन में कमी होती है।



अध्ययन बताते हैं कि सीधी बीजाई विधि से लगभग 33 प्रतिशत जल की बचत हो सकती है। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के कृषि आयुक्त डॉ पीके सिंह ने पूसा संस्थान के योगदान की सराहना की। यह संस्थान जल बचाने, उपज बढ़ाने और बेहतर जलवायु तन्यक गुणों के लिए लक्षित किस्मों का विकास कर रहा है। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद में सहायक महानिदेशक (बीज) के डॉ डीके यादव ने बताया कि बासमती की दोनों किस्में इस बासमती भौगोलिक सूचक क्षेत्र के किसानों के लिए वरदान हैं।

### अधिकतम कारावास और काटे डेढ़ साल

## शीर्षकोर्ट ने पीएफआई के 8 सदस्यों की जमानत की रद्द

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट से प्रतिबंधित कट्टरपंथी संगठन पॉपुलर फ्रंट आफ इंडिया को बड़ा झटका लगा है। पीएफआई के 8 सदस्यों की जमानत रद्द कर दी है।

मद्रास हाई कोर्ट से इन आरोपियों को बेल मिली थी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इन सदस्यों के खिलाफ गंभीर आरोप हैं।अधिकतम सजा के तौर पर जेल में बताए गए डेढ़ साल को देखते हुए हम जमानत देने के मद्रास हाई कोर्ट के आदेश में हस्तक्षेप कर रहे हैं। अदालत के आदेशों में हम हस्तक्षेप कर सकते हैं, अगर उनका आधार गलत है। सुप्रीम कोर्ट की जस्टिस बेला त्रिवेदी ने फैसला सुनाते हुए कहा कि



पीएफआई सदस्यों पर देश के खिलाफ षडयंत्र रचने और आतंकवादी गतिविधियों में शामिल होने का आरोप है। उन्हें अधिकतम सजा दी गई है लेकिन केवल उन्होंने डेढ़ वर्ष जेल में बिताए हैं। इस कारण हम हाईकोर्ट के जमानत वाले फैसले में दखल दे रहे हैं।

### राजस्थान में सूरज के तेवर सख्त, चिलचिलाती गर्मी से लोग बेहाल

## बीएसएफ जवानों ने बीकानेर की तपती रेत में सेंका पापड़

एजेंसी ⏭ बीकानेर

राजस्थान में इस समय चिलमिलाती गर्मी पड़ रही है। प्रदेश में झुंझुनूं जिले के पिलानी में बुधवार को लगातार दूसरे दिन तापमान 47 डिग्री सेल्सियस पार कर गया। बीकानेर का तापमान 45 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है।

इस भीषण गर्मी के बीच सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के एक जवान का वीडियो सामने आया है। वीडियो के अनुसार बीएसएफ सेना तपती गर्म रेत में पापड़ संकते हुए नजर आ रहे है। यह रेत इतनी गर्म है कि पापड़ महज कुछ ही सेकंड में सिंक जाती है। सेना के जवान पापड़ को तोड़ते हुए भी नजर आ रहे हैं।

### असम के सीएम सरमा ने वीडियो शेयर किया भावुक पोस्ट

#### राजस्थान में पारा 48 पर




राजस्थान में भीषण गर्मी का दौर जारी है। गर्मी से लोगों का हाल बेहाल है। तेज गर्मी और ग्रामीण क्षेत्रों में हो रही बिजली कटौती ने लोगों की परेशानी को बढ़ा दिया है। बुधवार को पाकिस्तान सीमा के निकट जैसलमेर जिले में स्थित बीएसएफ की सीमा चौकियों पर दोपहर में तापमान 48 डिग्री सेल्सियस तक दर्ज किया गया।

#### सीएम सरमा बोले- इन हालातों में भी सेना दे रही सुरक्षा

इस वीडियो को असम के मुख्यमंत्री हिमन्त बिस्वा शर्मा ने भी अपने आधिकारिक सोशल मीडियाएक्स पर शेयर किया है। उन्होंने इस वीडियो को पोस्ट कर लिखा कि राजस्थान के रेगिस्तान का यह वीडियो देखकर मेरे मन में हमारे जवानों के प्रति अपार सम्मान और कृतज्ञता की भावना उत्पन्न हो गई है, जो ऐसी असाधारण परिस्थितियों में भी हमें सुरक्षित रखते हैं।

#### प्रदेश के कई शहर तप रहे

प्रदेश के अधिकांश जिलों में तापमान 44 डिग्री सेल्सियस या इससे अधिक दर्ज किया गया है। इस बीच मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देश पर संभागीय आयुक्तों,जिला कलक्टरों,उपखंड अधिकारियों,जलदाय,चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों के अवकाश निरस्त कर दिए गए हैं। बिजली कंपनियों के अधिकारियों व कर्मचारियों के अवकाश भी रद्द कर दिए गए हैं। चिकित्सकों एवं नर्सिंग कर्मचारियों को ग्रामीण क्षेत्रों में आवश्यक रूप से अस्पतालों के रहने के लिए कहा गया है। सभी स्थानीय निकायों की ओर से शहरों में छिड़काव कर लोगों को राहत देने का प्रयास किया जा रहा है।



# विश्व पैरा एथलेटिक्स : सचिन ने जीता स्वर्ण, धरमबीर को कांसा, भारत का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

एजेंसी ▶▶| कोबे

भारत के सचिन सर्जेराव खिलाड़ी ने विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में पुरुषों के शॉटपुट एफ46 वर्ग में एशियाई रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीता। इस प्रदर्शन से भारत ने टूर्नामेंट में अब तक का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन भी कर दिखाया।

धरमबीर ने पुरुषों के क्लब थ्रो एफ51 वर्ग में कांस्य पदक जीता जिससे भारत के पदकों की संख्या 12 पहुंच गई जिसमें पांच स्वर्ण, चार रजत और तीन कांस्य पदक शामिल हैं। भारत इस तरह चीन (18-16-14) और ब्राजील (17-8-5) के बाद तीसरे स्थान पर बरकरार है। इससे पहले भारत ने 2023 चरण में पेरिस में तीन स्वर्ण समेत दस पदक जीते थे।




### बेहतर किया रिकॉर्ड

सचिन ने 16.30 मीटर का थ्रो फेंककर 16.21 मीटर का अपना ही रिकॉर्ड बेहतर किया जो उन्होंने पिछले साल पेरिस में विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में बनाया था।

### कोहनी की मांसपेशियां कमजोर

*पैरा एथलेटिक्स स्पर्धाओं में एफ46 श्रेणी उन लोगों के लिए है जिनकी एक या दोनों भुजाओं की गतिविधि मामूली रूप से प्रभावित है या जिनके हाथ-पैर नहीं हैं। इन एथलीटों को कूल्हों और पैरों की ताकत से थ्रो करना होता है। महाराष्ट्र के सांगली जिले के रहने वाले सचिन स्कूली दिनों में एक दुर्घटना का शिकार हो गए थे जिससे उन्होंने कोहनी की मांसपेशियां गंवा दी। कई सर्जरी के बावजूद वह ठीक नहीं हो सके।*

'मैं इसकी ही उम्मीद कर रहा था और मैं बहुत खुश हूं। मैं पेरिस पैरालंपिक के लिए क्वालीफाई कर चुका हूं और वहां भी स्वर्ण जीतने की कोशिश करूंगा। हमें दो और स्वर्ण की उम्मीद है। पदकों की संख्या 17 तक जानी चाहिए।'

- सचिन खिलाड़ी

### धरमबीर ने 33.61 मीटर किया थ्रो...

पुरुषों के क्लब थ्रो एफ51 फाइनल में धरमबीर ने धीरे धीरे अपने थ्रो में सुधार करते हुए 33.61 मीटर के पांचवें प्रयास से कांस्य पदक सुनिश्चित किया। सर्बिया के जेलिजको दिमित्रिजेविच ने 34.20 मीटर के थ्रो से मीट रिकॉर्ड बनाते हुए स्वर्ण पदक जीता जबकि मेक्सिको के मारियो संताना हर्नांडिज ने 33.62 मीटर के सत्र के सर्वश्रेष्ठ प्रयास से रजत पदक जीता। एफ51 में वो एथलीट हिस्सा लेते हैं जिनके धड़ और पैर में गंभीर विकृति होती है। इसमें प्रतिस्पर्धी बैठकर ही क्लब फेंकते हैं जिसके लिए वे अपने हाथ और कंधे की ताकत का इस्तेमाल करते हैं।



### सुमित बने थे चैंपियन

*मंगलवार को पैरालंपिक चैंपियन सुमित अंतिल ने एफ64 भालाफेंक में अपना स्वर्ण पदक बरकरार रखा था। थंगावेलु मरियप्पन और एकता भयान ने भी स्वर्ण पदक जीते थे।*

## महिला प्रो लीग : लय में नहीं दिखीं भारतीय महिला हॉकी टीम

# भारत को अर्जेंटीना से मिली 0-5 से हार गोलकीपर सविता पूनिया टीम से बाहर

एजेंसी ▶▶| एंटवर्प

भारतीय महिला हॉकी टीम की एफआईएच महिला प्रो लीग अभियान के यूरोपीय चरण की शुरुआत निराशाजनक रही, उसे बुधवार को यहां अर्जेंटीना से 0-5 से शर्मनाक हार का सामना करना पड़ा। अर्जेंटीना के लिए जुलिएटा जानकुनास (53वें, 59वें मिनट) ने दो गोल दागे जबकि ऑगस्टिना गोर्जेलानी (13वें), वेलेंटीना रापोसो (24वें) और विक्टोरिया मिरांडा (41वें) ने एक एक गोल किए। नए कोच हरेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में अपना पहला मैच खेल रही भारतीय महिला टीम लय में नहीं दिखीं और खिलाड़ी पहले दो क्वार्टर में सर्कल में अंदर सेंध लगाने में असमर्थ दिखीं। हैरानी भरी बात रही कि भारत की पूर्व कप्तान और अनुभवी गोलकीपर सविता पूनिया को टीम में चुने जाने के बावजूद भारतीय टीम लाइनअप से बाहर रखा गया।




### सर्कल में लगाई सेंध

*अर्जेंटीना की खिलाड़ी शुरू से ही खतरनाक दिखीं। उन्होंने पहले दो क्वार्टर में सात पेनल्टी कॉर्नर हासिल किए। उन्होंने लगातार हमलों से भारतीय डिफेंस पर दबाव बनाए रखा और बार बार प्रतिद्वंद्वी सर्कल में सेंध लगाई। अर्जेंटीना ने पहले क्वार्टर के चौथे और पांचवें मिनट में दो पेनल्टी कॉर्नर पर असफलता के बाद दो और पेनल्टी कॉर्नर हासिल किए। दूसरे पर गोर्जेलानी ने 13वें मिनट में भारतीय गोलकीपर को छकाकर गोल दागा।*

### तितर बितर दिखा डिफेंस

*अर्जेंटीना ने 19वें मिनट में एक पेनल्टी कॉर्नर पर मौका गंवा दिया। लेकिन उसे ज्यादा देर इंतजार नहीं करना पड़ा और रापासो ने 24वें मिनट में बढ़त दोगुनी कर दी। भारतीय डिफेंस तितर बितर दिख रहा था और अर्जेंटीना ने हाफटाइम से पहले दो और पेनल्टी कॉर्नर हासिल कर लिए।*

### 'फिनिशिंग टच' की कमी

अर्जेंटीना ने तीसरे क्वार्टर के दूसरे मिनट में आठवां पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया लेकिन इससे फायदा नहीं उठा सकीं। तीसरे क्वार्टर में भारतीय टीम थोड़ी बेहतर दिखी। उन्होंने सर्कल में सेंध लगाने के अच्छे प्रयास किए लेकिन 'फिनिशिंग टच' की कमी रही। अर्जेंटीना ने 41वें मिनट में मिरांडा के 'रिवर्स हिट' गोल से बढ़त तीन गुनी कर दी। कुछ मिनट बाद अर्जेंटीना ने अपना नौवां पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया, पर इसका फायदा नहीं उठा सका।

### दीपिका की 'रिवर्स हिट' रही विफल

दीपिका ने 47वें मिनट में उदिता के पास पर 'रिवर्स हिट' किया लेकिन अर्जेंटीना की गोलकीपर क्रिस्टीना कोसेन्टिनो ने इस प्रयास को विफल कर दिया।

आरसीबी को चार विकेट से हराया, अब दूसरे क्वालीफायर में हैदराबाद से सामना

# रॉयल्स ने एलिमिनेटर जीता क्वालिफायर-2 में पहुंचा

- यशस्वी और पराग ने अहम पारियां खेली
- 17 साल से खिताब का इंतजार कर रही आरसीबी टूर्नामेंट से बाहर

भाषा ▶▶| अहमदाबाद

राजस्थान रॉयल्स ने बुधवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) एलिमिनेटर में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) को चार विकेट से हराकर 24 मई को होने वाले दूसरे क्वालीफायर में जगह बनाई, जिसमें उसकी भिड़ंत चेन्नई में सनराइजर्स हैदराबाद से होगी। टॉस जीतकर राजस्थान रॉयल्स ने गेंदबाजों के शानदार प्रयास से रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) को आठ विकेट पर 172 रन ही बनाने दिये। फिर सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल (45 रन) और रियान पराग (36 रन) की पारियों के बाद शिमरोन हेटमायर (26 रन) और रोवमैन पावेल (नाबाद 16 रन) के महत्वपूर्ण योगदान से आईपीएल के 2008 के शुरूआती चरण का खिताब जीतने वाली टीम ने 19 ओवर में छह विकेट पर 174 रन बनाकर दूसरे क्वालीफायर में जगह बनाई। यशस्वी (30 गेंद, आठ चौके) और टॉम कोहलर कैडमोर (20) ने पहले विकेट के लिए 46 रन बनाये। लॉकी फर्ग्यूसन ने कैडमोर को बोल्ड कर यह साझेदारी तोड़ी। जायसवाल और कप्तान संजू सैमसन (17 रन) अच्छी लय में दिख रहे थे। पर कैमरन ग्रीन ने 10वें ओवर में जायसवाल की पारी खत्म की।



अगले ही ओवर में सैमसन भी कर्ण शर्मा का शिकार होकर पवेलियन लौट गये। ध्रुव जुरेल आठ रन बनाकर रन आउट हुए। हेटमायर और पराग ने 16वें ओवर में एक एक छक्का लगाया जिससे इस ओवर में 17 रन बने। हेटमायर ने अपनी पारी में 14 गेंद में तीन चौके और एक छक्के लगाया। अंतिम दो ओवर में जीत क लिए 13 रन चाहिए थे। पावेल ने फर्ग्यूसन पर दो चौके जड़कर अपनी टीम की जीत पक्की की। इससे पहले राजस्थान रॉयल्स के गेंदबाजों ने ट्रेंट बोल्ट (16 रन देकर एक विकेट) की अगुआई में नियमित अंतराल पर विकेट झटककर आरसीबी बल्लेबाजों को बड़ी साझेदारी नहीं बनाने दी।

### रॉयल्स-174/6 (19)

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| यशस्वी का कार्तिक बो ग्रीन | 45 |
| कोहलर कैडमोर बो फर्ग्यूसन | 20 |
| सैमसन स्ट कार्तिक बो कर्ण शर्मा | 17 |
| रियान पराग बो सिराज | 36 |
| ध्रुव जुरेल रन आउट | 08 |
| हेटमायर का डुप्लेसी बो सिराज | 26 |
| रोवमैन पावेल नाबाद | 16 |
| रविचंद्रन अश्विन नाबाद | 00 |

अतिरिक्त : 06
कुल : 19 ओवर में छह विकेट पर 174 रन
विकेट पतन : 1-46, 2-81, 3-86, 4-112, 5-157, 6-160
गेंदबाजी : स्वप्निल सिंह 2-0-19-0
मोहम्मद सिराज 4-0-33-2
यश दयाल 3-0-37-0
लॉकी फर्ग्यूसन 4-0-37-1
कर्ण शर्मा 2-0-19-1
कैमरन ग्रीन 4-0-28-1

### आरसीबी-172/8 (20)

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| विराट का सब बो चहल | 33 |
| डुप्लेसी का पावेल बो बोल्ट | 17 |
| कैमरन का पावेल बो अश्विन | 27 |
| रजत पाटीदार का पराग बो आवेश | 34 |
| मैक्सवेल का जुरेल बो अश्विन | 00 |
| लोमरोर का पावेल बो आवेश खान | 32 |
| कार्तिक का जायसवाल बो आवेश खान | 11 |
| स्वप्निल सिंह नाबाद | 09 |
| कर्ण शर्मा का पावेल बो संदीप शर्मा | 05 |

अतिरिक्त : 04
कुल : 20 ओवर में आठ विकेट पर 172 रन
विकेट पतन : 1-37, 2-56, 3-97, 4-97, 5-122, 6-154, 7-159, 8-172
गेंदबाजी : ट्रेंट बोल्ट 4-0-16-1
संदीप शर्मा 4-0-48-1
आवेश खान 4-0-44-3
रविचंद्रन अश्विन 4-0-19-2
युजवेंद्र चहल 4-0-43-1




### सिंधू की मलेशिया मास्टर्स में शानदार जीत दूसरे दौर में पहुंचे सुमीत और सिक्की

**कुआलालंपुर।** ब्रेक से वापसी करने वाली दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पी वी सिंधू स्कॉटलैंड की क्रिस्टी गिलमोर को सीधे गेम में हराकर मलेशिया मास्टर्स सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल वर्ग के दूसरे दौर में पहुंच गई। दुनिया की 15वें नंबर की खिलाड़ी सिंधू ने उबेर कप और थाईलैंड ओपन में भाग नहीं लिया था। उन्होंने गिलमोर को 21-17, 21-16 से हराया। पूर्व विश्व चैंपियन सिंधू पिछले साल घुटने की चोट के बाद वापसी के साथ कई करीबी मुकाबले हार गई हैं। अब उनका सामना कोरिया की सिम यू जिन से होगा। मिश्रित युगल में विश्व रैंकिंग में 53वें स्थान पर काबिज बी सुमीत रेड्डी और एन सिक्की रेड्डी ने हांगकांग के क्वालीफायर लुइ चुन वाइ और फु चि यान को 21-15, 12-21, 21-17 से हराकर दूसरे दौर में जगह बना ली। अब उनका सामना शीर्ष वरीयता प्राप्त मलेशिया के चेन तांग जि और तोह ई वेइ से होगा।




### फाइनल में पहुंची भारतीय कंपाउंड महिला टीम

**येचियोन।** दुनिया की नंबर एक भारतीय महिला कंपाउंड तीरंदाजी टीम विश्व कप में लगातार दूसरे स्वर्ण पदक की ओर कदम बढ़ाते हुए फाइनल में पहुंच गई लेकिन पुरुष कंपाउंड टीम विश्व कप दूसरे चरण में कांस्य पदक से चूकने के बाद खाली हाथ लौटेगी। महिला टीम की तिकड़ी ज्योति सुरेखा वेन्नम, परनीत कौर और अदिति स्वामी ने शंघाई में पिछले महीने पहले चरण में स्वर्ण पदक जीता था। उन्होंने दुनिया की चौथे नंबर की टीम अमेरिका को सेमीफाइनल में 233-229 से हराया। अब उनका सामना विश्व रैंकिंग में सातवें स्थान पर काबिज तुर्की से होगा। तुर्की ने दक्षिण कोरिया को 234-233 से हराया। भारतीय महिला टीम को क्वार्टर फाइनल तक बाय मिला था। अंतिम आठ में उसने इटली को 236-234 से हराया। भारतीय पुरुष तिकड़ी प्रियांश, प्रथमेश फुगे और अभिषेक वर्मा शूट आफ में आस्ट्रेलिया से 133-133 (10-10 *) से हार गए। दोनों टीमों का स्कोर बराबरी पर था लेकिन आस्ट्रेलिया ने सेंटर के करीब दो तीर अधिक लगाकर बाजी मारी। तरुणदीप राय और दीपिका कुमारी रिकर्व वर्ग में अपने अपने क्वालीफायर में क्रमशः चौथे और छठे स्थान पर रहे।

### कार्लसन से उनके देश में खेलना चुनौती नहीं

**स्टवांगर।** कई बार मैग्नस कार्लसन को पराजित करने के बाद युवा भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा को लगता है कि जब वह 27 मई से यहां शुरू हो रहे नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट में कई दफा के विश्व चैंपियन से उनके ही देश में भिड़ेंगे तो उन पर कोई दबाव नहीं होगा। प्रज्ञानानंदा ने अंतिम बार 33 साल के कार्लसन को इस महीने के शुरु में वारसॉ में ग्रैंड शतरंज टूर के सुपरबेट रैपिड और ब्लिट्ज टूर्नामेंट में मात दी थी। प्रज्ञानानंदा के साथ उनकी बहन आर वैशाली भी इस टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगी। वैशाली पहली बार नॉर्वे शतरंज महिला टूर्नामेंट में खेलेंगी। प्रज्ञानानंदा ने कहा, 'मुझे नहीं लगता कि मैग्नस से उनके देश में खेलना मेरे लिए कोई चुनौती है। वैसे यह देश में खेलने वाले खिलाड़ी के लिए मायने रखता है लेकिन मेरे लिए नहीं।' इस 11 दिन तक चलने वाले टूर्नामेंट में घरेलू दावेदार कार्लसन के अलावा विश्व चैंपियन डिंग लिरेन और हिकारू नाकामुरा जैसे खिलाड़ी भी हिस्सा लेंगे। पिछले साल फिडे विश्व कप में कार्लसन से अपनी प्रतिद्वंद्विता के बारे में भारतीय ग्रैंडमास्टर ने कहा कि यहां का अनुभव उन्हें भविष्य की प्रतियोगिताओं में मदद करेगा।



### आजम के डॉलर के नोट से पसीना पोंछने से विवाद

**कराची।** पाकिस्तान के युवा विकेटकीपर बल्लेबाज आजम खान विवाद में फंस गए जब सोशल मीडिया मंचों पर उन्हें अमेरिकी डॉलर से भौंहों से पसीना साफ करते हुए देखा गया। इस वीडियो में पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम और कुछ अन्य खिलाड़ी भी दिख रहे हैं। पाकिस्तान के क्रिकेट प्रशंसक देश की आर्थिक स्थिति को देखते हुए आजम और अन्य खिलाड़ियों की उनकी असंवेदनशीलता के लिए आलोचना कर रहे हैं। वीडियो में बाबर हंसते हुए आजम से पूछते हैं, 'क्या हुआ अब्बा?' आजम इसका जवाब देते हुए कहते हैं, 'बहुत गर्मी है।' इस दौरान आजम अपने हाथ में पकड़े डॉलर के नोट से पसीना भी साफ करते हैं जिससे टीम के खिलाड़ी उनके साथ हंसने लगते हैं। सोशल मीडिया पर एक यूजर ने लिखा, 'पाकिस्तान के खेल इतिहास में कुछ लोगों को छोड़कर, किसी के पास किसी भी तरह का करिश्मा और प्रभाव नहीं है, एक युवा बच्चे के लिए आकांक्षा करने के लिए कुछ भी नहीं है। मौजूदा लोग बस निराशाजनक हैं।'



बद्रीनाथ और केदारनाथ में अब ज्यादा श्रद्धालु पहुंच रहे हैं

# चारधाम यात्रा ने तोड़े सभी रिकॉर्ड, हरिद्वार में 60 हजार श्रद्धालुओं को रोका, यात्रा को सुगम बनाने के लिए ली जा सकती है एआई की मदद, बनाया जा सकता है प्राधिकरण



1. यमुनोत्री में घोड़ा-खच्चर व पालकी के लिए धारा 144
2. 30 मई तक ऑफलाइन पंजीकरण पर लगाई रोक
3. 60 हजार से ज्यादा श्रद्धालु इंतजार में हैं



एजेंसी ⏭ देहरादून

उत्तराखंड में चारधाम यात्रा ने सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। भीड़ को देखते हुए सरकार ने 30 मई तक ऑफलाइन पंजीकरण पर पूरी तरह से रोक लगा दी है। वहीं ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन में जून से आगे की तारीख मिल रही है। ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन करने के इंतजार में हरिद्वार में ही इस समय 60 हजार से ज्यादा श्रद्धालु इंतजार में है, जिन्हें पुलिस वापस भेजने की कवायद कर रही है। जिसके चलते कई बार पुलिस के साथ नोंकझोंक और खींचतान हो रही है। इधर चारधाम यात्रा प्रबंधन व संचालन के लिए प्राधिकरण बनाने पर मंथन शुरू हो गया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस संबंध में निर्देश दिए थे मुख्यमंत्री के निर्देश पर सिर्फ चारधाम यात्रा ही नहीं राज्य में होने वाली अन्य यात्राओं के प्रबंधन एवं संचालन की स्थाई व्यवस्था को लेकर विचार-विमर्श शुरू हो गया है।

### टूर ऑपरेटरों की लापरवाही

चारधाम की यात्रा की जोश से भरे हुए श्रद्धालुओं को कई दिनों से हरिद्वार से आगे जाने का रास्ता न मिला तो वे निराशा, गुस्से और पीड़ा से भर गए हैं। हजारों लौट गए हैं और हजारों हरिद्वार में ही इंतजार में हैं। इनमें कुछ ऐसे पीड़ित भी है, जिनको टूर ऑपरेटरों की लापरवाही या कहें कि धोखाधड़ी का खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। ऐसे लोगों को न टूर ऑपरेटरों ने पैसे वापस किए और न ही कोई जवाब दे रहे हैं।

### एक घंटे के भीतर दर्शन

यमुनोत्री पैदल यात्रा मार्ग पर घोड़े-खच्चरों की संख्या 800 तय की गई है। उनके आने-जाने का समय सुबह 4 बजे से शाम 5 बजे तक तय किया गया है। इसके साथ ही प्रत्येक घोड़े-खच्चर के यात्री को यमुनोत्री से लेकर जाने और दर्शन के बाद उसके वापस लौटने की समय सीमा पांच घंटे की तय की गई है। यमुनोत्री धाम पहुंचने पर यात्री को 60 मिनट के भीतर यमुनोत्री के दर्शन कराने का आदेश दिया गया है।

### 21 यात्रियों की मौत

उत्तराखंड में चारधाम यात्रा 10 मई को शुरू हुई थी. इसके बाद तीर्थ यात्रियों को हुजूम उमड़ने लगा। यहां 11 दिनों में 21 यात्रियों की मौत हो चुकी है। बदरीनाथ धाम में अब तक 7 लोगों की मौत हो गई है, जबकि गंगोत्री-यमुनोत्री धाम में 14 लोगों की मौत हो चुकी है। इनमें से ज्यादातर यात्रियों की मौत का कारण डॉक्टरों ने हार्ट अटैक बताया है।

### 800 घोड़े-खच्चर और 300 पालकी

यमुनोत्री धाम में सोमवार देर रात से पैदल यात्रा मार्ग पर तीर्थयात्रियों के आवागमन को सुगम बनाने के लिए धारा 144 लगा दी गई है। मंगलवार को जिसका कुछ असर यमुनोत्री पैदल मार्ग पर देखने को मिला। घोड़ा-खच्चर व पालकी की संख्या निश्चित समय अंतराल के लिए तय की गई है। अब निश्चित समय पर 800 घोड़े-खच्चर और 300 पालकी भेजी जा रही हैं।

### धर्मशालाओं की तलाश

केदारनाथ में मोटर मार्ग गौरीकुंड तक है, लेकिन यात्री वाहन सोनप्रयाग तक ही आ सकते हैं। सोनप्रयाग में अब पहले की अपेक्षा ज्यादा यात्री पहुंच रहे हैं। जिससे कुछ यात्री होटल-धर्मशालाओं की तलाश में 5 किमी आगे गौरीकुंड पहुंच रहे हैं। उधर, बद्रीनाथ तक तो यात्री आराम से पहुंच रहे हैं, लेकिन यहां दर्शन में अभी भी पांच से छह घंटे तक लग रहे हैं।

## भारत की मेजबानी में होगी पर्यटन विकास पर चर्चा



**नई दिल्ली।** भारत 46वीं अंटार्कटिक (दक्षिणी ध्रुव प्रदेश) संधि परामर्शदात्री बैठक (एटीसीएम) और पर्यावरण संरक्षण समिति (सीईपी) की 26वीं बैठक की कोच्ची में मेजबानी कर रहा है। इस सम्मेलन में पहली बार अंटार्कटिका में पर्यटन को विनियमित करने पर पहली बार विशेष रूप से चर्चा होगी। पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय ने एक बयान में बताया कि इस सम्मेलन में पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने भाग लिया। 20 मई से केरल के कोच्चि में पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के तहत राष्ट्रीय ध्रुवीय और समुद्री अनुसंधान केंद्र, गोवा और अंटार्कटिक संधि सचिवालय इन बैठकों को कर रहे हैं, यह सम्मेलन 30 मई तक चलेगा। इस सभा में लगभग 40 राष्ट्र के 350 से अधिक प्रतिभागी हैं। महाद्वीप के पर्यावरण पर उनके प्रभाव से निपटने की आवश्यकता महसूस करता है।

जॉर्जिया के अल्फारेटा में हुआ हादसा

## कार हादसे में 3 भारतीय मूल के छात्रों की मौत, 2 घायल



एजेंसी ⏭ वॉशिंगटन

अमेरिका के जॉर्जिया में पिछले सप्ताह एक कार हादसे में तीन भारतीय मूल के छात्रों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य घायल हो गए। ये सभी पांचों छात्र अल्फारेटा हाई स्कूल और जॉर्जिया विश्वविद्यालय में पढ़ाई कर रहे थे। पुलिस का मानना है कि 14 मई को जॉर्जिया के अल्फारेटा में हुई घातक दुर्घटना की एक वजह तेज रफ्तार हो सकती है। साथ ही कहा कि ड्राइवर के वाहन से नियंत्रण खो देने के बाद तेज रफ्तार वाहन पलट गया। इस दर्दनाक सड़क हादसे में आर्यन जोशी और श्रिया अवसारला की मौके पर ही मौत हो गई, वहीं अन्वी शर्मा की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। अधिकारियों ने कहा, घायल छात्रों - रिथवाक सोमपल्ली और मोहम्मद लियाकत का अल्फारेटा के नॉर्थ फुल्टन अस्पताल में इलाज किया जा रहा है।

### शिकारी ग्रुप ने दुख जताया

शिकारी ग्रुप ने श्रिया अवसारला के लिए पोस्ट किया, घटना पर दुख जताते हुए कहा कि आप एक कमाल की डांसर, दोस्त और इंसाफ पसंद इंसान थी। कलाकारों के ग्रुप ने कहा कि अन्वी शर्मा की मौत गहरा आघात है। आर्यन जोशी अगले सप्ताह हाई स्कूल से स्नातक होने वाले थे। अल्फारेटा हाई क्रिकेट टीम ने एक इंस्टाग्राम पोस्ट में कहा, वह हमारे सबसे बड़े समर्थकों में से एक थे और उनका समर्थन हमारी सभी जीत की सबसे बड़ी वजहों में से एक था।

पुणे हादसा : नाबालिग को शराब परोसने वाले पब पर चला बुलडोजर

## खुला राजः रईसजादे की फैमिली का निकला अंडरवर्ल्ड कनेक्शन, पिता से हो रही पूछताछ



- सीसीटीवी फुटेज, और रिश्तेदारों से मिली इनपुट के आधार पर दबोचा
- आरोपी के दादा ने शूटआउट मामले में गैंगस्टर छोटा राजन को पैसे दिए थे

एजेंसी ⏭ पुणे

पुणे में शराब पीकर लापरवाही से गाड़ी चलाने के मामले में बड़ा खुलासा हुआ है। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने दावा किया है कि आरोपी नाबालिग के परिवार का अंडरवर्ल्ड से कनेक्शन है।

उसके दादा ने पुणे में हुए एक शूटआउट मामले में गैंगस्टर छोटा राजन को पैसे दिए थे। फडणवीस ने कहा कि जो भी संबंध है उसकी पूरी जांच की जाएगी। हर बात पर कार्रवाई की जाएगी। वहीं दूसरी तरफ आरोपी नाबालिग लड़के के पिता विशाल अग्रवाल को दो दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है। पुणे सेशन कोर्ट के आदेश के तहत वो 24 मई तक पुलिस की हिरासत में रहेंगे। इस दौरान उनसे पूछताछ की जाएगी। उन्हें को औरंगाबाद से गिरफ्तार किया गया था। गिरफ्तारी से पहले विशाल ने पुलिस को चकमा देने की पूरी कोशिश की थी।

### वयस्क की तरह चले केस

इस मामले में पुणे पुलिस कमिश्नर अमितेश कुमार ने कहा कि नाबालिग आरोपी पर एक वयस्क की तरह मुकदमा चलाया जाना चाहिए। इसके लिए पुलिस ने ऊपरी अदालत से अनुमति मांगी है। पुलिस कमिश्नर का यह बयान आरोपी नाबालिग को जमानत दिए जाने पर नाराजगी के बीच आया। उन्होंने कहा कि आरोपी के खिलाफ आईपीसी की धारा 304 (गैर इरादतन हत्या), 304ए (लापरवाही से मौत) और मोटर वाहन अधिनियम की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

**सीबीआई को सौंपा था मामला**

जानकारी के अनुसार, नाबालिग आरोपी के दादा ने पुणे में हुए एक शूटआउट मामले में गैंगस्टर छोटा राजन को पैसे दिए थे। पुलिस के अनुसार, प्रमुख रियल एस्टेट डेवलपर विशाल अग्रवाल के पिता के खिलाफ बंडगार्डन पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया था और बाद में इसे सीबीआई को सौंप दिया गया था। आरोपी ने इस मामले में अग्रिम जमानत भी मांगी थी।

### सीएम शिंदे ने दिए कड़ी कार्रवाई के निर्देश

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और गृह मंत्री देवेन्द्र फड़णवीस ने इस मामले में पुलिस को कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। इस मामले में पुलिस पर किसी दबाव के बारे में पूछे जाने पर पुणे पुलिस कमिश्नर अमितेश कुमार ने कहा कि पुलिस शुरू से ही कानून के मुताबिक काम कर रही है।

### जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड पहुंचा आरोपी

17 वर्षीय नाबालिग आरोपी ने अपनी तेज रफ्तार लग्जरी कार से मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी थी जिसके कारण दो सॉफ्टवेयर इंजीनियरों की मौके पर ही मौत हो गई थी। इस बीच नाबालिग आरोपी आज जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड पहुंचा है। दरअसल, लापरवाही से गाड़ी चलाने के मामले में पुणे पुलिस ने नाबालिग आरोपी को तलब किया था।

### नम आंखों से विदाई देने उमड़े लोग



तेहरान। हेलीकॉप्टर दुर्घटना में दिवंगत राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी और उनके साथियों के ताबूतों को ले जा रहे ट्रक के पीछे हजारों की संख्या में लोग चलते हुए दिखाई दिए।

## नेपाल में गृहमंत्री के खिलाफ सड़क तक होगा आंदोलन

एजेंसी ⏭ काठमांडू

प्रमुख विपक्षी दल नेपाली कांग्रेस गृहमंत्री रवि लामिछाने के खिलाफ और अधिक आक्रामक ढंग से विरोध करने जा रही है। बुधवार को पार्टी मुख्यालय में केन्द्रीय समिति और संसदीय दल की संयुक्त बैठक में गृहमंत्री रवि लामिछाने के खिलाफ सदन के अलावा सड़क पर भी विरोध-प्रदर्शन करने का फैसला लिया है। बैठक की जानकारी देते हुए सांसद एवं पूर्व मंत्री एनपी साउद ने कहा कि सरकार ने विपक्षी दल की मांग को अनसुना कर दिया है और सहकारी मामले की जांच कराने से पीछे हट रही है। साउद ने बताया कि अब तक कांग्रेस सिर्फ सदन में गृहमंत्री के खिलाफ प्रदर्शन कर रही थी लेकिन अब सड़क पर आन्दोलन करने जा रही है। दोनों सदन की कार्यवाही रोकने के साथ ही सड़क पर भी गृहमंत्री के इस्तीफे की मांग करते हुए विरोध-प्रदर्शन किया जाएगा। कांग्रेस की सांसद एवं पूर्व मंत्री चन्दा चौधरी ने बताया कि केन्द्रीय कार्य समिति और संसदीय दल की में गृहमंत्री के खिलाफ पहले चरण में काठमांडू में प्रदर्शन करने का फैसला लिया गया है।




क्या बाइडेन के 'झांसे' में आएंगे प्रिंस

## सऊदी अरब के साथ ऐतिहासिक समझौता करने जा रहा अमेरिका


एजेंसी ⏭ वॉशिंगटन



फारस की खाड़ी में चीन की आक्रामकता से परेशान अमेरिका पिछले कई महनों से सऊदी अरब को एफ-35 लड़ाकू विमान का लालच दे रहा है और माना जा रहा है, कि अमेरिका और सऊदी अरब में फिफ्थ जेनरेशन लड़ाकू विमान एफ-35 लाइटनिंग द्वितीय को लेकर बहुत जल्द डील होने वाली है। व्हाइट हाउस ने एक बयान में कहा है, कि इस हफ्ते अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जैक सुलिवन सऊदी अरब की यात्रा करने वाले हैं और माना जा रहा है, कि इस यात्रा के दौरान दोनों देश, एफ-35 लड़ाकू विमान को लेकर आखिरी समझौते तक पहुंच जाएंगे। व्हाइट हाउस के नेशनल सिक्योरिटी के प्रवक्ता जॉन किर्बी ने कहा, कि दोनों देश समझौते के इतने करीब आ गए हैं।

### तो फिर औपचारिक गारंटी लेगा अमेरिका

किर्बी ने संभावित समझौते को लेकर कोई खास जानकारी नहीं दी है, लेकिन ऐसी रिपोर्ट्स हैं, कि यदि सऊदी अरब और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय संबंधों पर हस्ताक्षर किए जाते हैं, तो अमेरिका की कोशिश सऊदी से समझौते के बदले एक औपचारिक गारंटी लेने की होगी, कि वो चीन से किसी भी तरह का हथियार ना खरीदे या फिर उसने चीन से हथियारों को लेकर जो सौदा किया है।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109